दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 3 जुलाई 2023, शुक्ल पक्ष चार्तुदशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 94 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद टूटी एनसीपी, अजीत डिप्टी सीएम

मुबंई (ए.)। मुबंई । आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य की भाजपा शासित या गठबंधन की सरकारों के किले को मजबूत करने भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। ऐसा लगता है कि लोकसभा के इसी सत्र में यूसीसी बिल भाजपा सरकार पेश करने वाली है इसलिए भाजपा सरकार कोई रिस्क नहीं लेना चाह रही है और धड़ाधड़ खासकर गैर भाजपा शासित राज्यों में तोड़फोड़ और गठबंधन वाली सरकार को मजबूत करने में पूरी ताकत झोंक दी है। महाराष्ट्र की राजनीति ने रविवार को विस्फोटक मोड लेते हुए भाजपा-शिंदे गुट ने एनसीपी को तोड़ने में सफलता हासिल कर देश की राजनीति में सनसनी फैला दी है। भाजपा के डबल इंजन मुहिम के बीच ट्रिपल इंजन अटैच होने के साथ एनसीपी नेता अजित पवार को डिप्टी सीएम बनाया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अजित पवार का बड़ा दावा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने पार्टी के कई विधायकों को साथ लेकर बगावत करते हुए महाराष्ट्र की शिंदे-फडणवीस सरकार को समर्थन दिया है. उन्होंने रविवार (2 जुलाई) को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली. अब उन्होंने यह भी दावा किया है कि एनसीपी के सभी विधायक उनके साथ हैं।

दिल्ली-पंजाब में भी महाराष्ट्र जैसे पावर गेम की साजिश!

नई दिल्ली । महाराष्ट्र में अचानक हुए बड़े सियासी फेरबदल ने सभी को हैरान का दिया है. राजनीति के चाणाक्य कहे जाने वाले शरद पवार के भतीजे अजीत पवार रविवार दोपहर बगावत करके महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल हो गए. इसके साथ ही उन्होंने एनसीपी पर भी दावा ठोंक दिया। इस पूरे घटनाक्रम पर अब आम आदमी पार्टी की तरफ से प्रतिक्रिया सामने आई है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने महाराष्ट्र में हुए सियासी खेल पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि यही कार्य भारतीय जनता पार्टी दिल्ली और पंजाब में भी करने की कोशिश कर रही है. बीजेपी देश में लोकतंत्र को समाप्त करने में लगी है. राज्य सरकारों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

आखिरकार पड़ोसी देश भिखारिस्तान को आईएमएफ ने तीन अरब डॉलर की मामूली खैरात दे दी है। जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ जिसे बहुत बड़ी नियामत बताकर खुद अपने हाथों अपनी पीठ थपथपा रहे है और खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी आवाम को कोई खुशी नहीं हो रही है। उसे यह आशंका सता रही है कि उसके सिर पर और बड़ा महंगाई बम फूटेगा। तीन अरब डालर की इस खैरात का बड़ा हिस्सा भी भूखमरे हुकमरान हड़प जाएंगे। परेशान हाल जनता के हाथ आएगा बाबा जी का ठुल्लू ।

हम संस्कृति को सहेजते आगे बढ़ रहे : सीएम

■ मुख्यमंत्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती और तुलाराम आर्य को नमन किया

रायपुर/नवप्रदेश। हम अपनी संस्कृति को सहेजते हुए और परंपराओं का सम्मान करते हुए आगे बढ़ रहे हैं और शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जिससे व्यक्ति का विकास संभव है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित प्रांतीय आर्य महासम्मेलन एवं ज्ञान ज्योति पर्व कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने जिस आंदोलन की शुरूआत की थी हमें आज उसका परिणाम देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए आवाज उठायी थी और इसी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ के कालेजों में पुरूषों से ज्यादा संख्या महिला विद्यार्थियों की है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज के विकास की प्रक्रिया बहुत लंबी और बहुत जटिल होती है और एक उन्नत समाज को आकार लेने में सदियां लग जाती हैं। नये विचारों की स्थापना और पुराने विचारों के संशोधन-परिमार्जन से ही समाज प्रगतिशील होता है, उसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महर्षि की 200वीं जयंती

मुख्यमंत्री ने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर स्वामी दयानंद सरस्वती जी और तुलाराम आर्य परगनिहा जी को नमन करते हुए ज्ञान ज्योति पर्व मनाने के लिए सभी को बधाई दी। श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ में आर्य समाज के संस्थापक और महान दानवीर तुलाराम आर्य परगनिहा जी के प्राकट्य दिवस पर उनका स्मरण करते कहा कि श्रद्धेय तुलाराम आर्य जी ने छत्तीसगढ़ में स्थानीय स्तर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यायधानी में केजरीवाल ने भरी हुंकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित आमसभा में बड़ी संख्या में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली खुशहाली के लिए जानी जाती है। दिल्ली और पंजाब 24 घण्टे बिजली आती है. हमारी नियत साफ है, झूठ नहीं बोलते. दिल्ली में 24 घण्टे बिजली आती है, छत्तीसगढ़ में बिजली नहीं आती, लेकिन बिजली का बिल आता है।

भगवान ने छत्तीसगढ़ को सब कुछ दिया है. खेती, पानी, वन, कोयला खदानें हैं, लेकिन पार्टी ईमानदार नहीं दी. ईमानदार नेता नहीं दिए. 20 सालों में हर जगह स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल होता, सब लोग अमीर होते. लेकिन बीजेपी-कांग्रेस ने मिलकर छत्तीसगढ़ को लूट लिया. यह बात दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कही।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी मैं फ्री की रेवड़ी बंटता हूं। दिल्ली वालों को मैंने 7 रेवड़ी दे दी, पहली रेवड़ी सबको फ्री बिजली, दूसरी रेवड़ी दिल्ली में शानदार स्कूल बनाए, अमीर-गरीब के बेटे साथ पड़ते हैं. तीसरी रेवड़ी सबका इलाज मुफ्त कर दिया. चौथी रेवड़ी दिल्ली में महिलाओं का सफर फ्री कर दिया। पांचवीं रेवड़ी सब बुजुर्गों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराया जा रहा. छठवीं रेवी बेरोजगारों के लिए रोजगार की व्यवस्था कर 12 लाख युवाओं को नौकरी दे दी. केजरीवाल ने इसके साथ ही सभा में मौजूद लोगों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पं. प्रदीप मिश्रा यूसीसी के पक्ष में

भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल में आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की बात पर विरोध और समर्थन का सिलसिला चल पड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी समान नागरिक संहिता कानून के पक्षधर हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हम सभी सनातन धर्म के अंतर्गत रहे और सनातन धर्म को आप सभी मानते हैं. भगवान शिव की आराधना करना, राम की आराधना करना और जो जिस धर्म में जुड़ा है वो अपने-अपने धर्म को किसी न किसी रूप में पूज रहा है.

संतों का चातुर्मास, पूर्व सीएम वसुंधरा भी पहुंचीं

उदयपुर । उदयपुर संभाग के चित्तौड़गढ़ जिले में संत अमरा भगत की तपोभूमि नरबदिया गांव स्थित अनगड बावजी तीर्थ स्थल पर संतों का मंगल प्रवेश और चातुर्मास शुरू हुआ। बड़ी बात यह है कि यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। 11 हजार महिलाओं ने तो कलश ही उठाया। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी पहुंचीं. इसमें सुरजकुं धाम के संत अवधेश चैतन्य ब्रम्हचारी की अगवानी और दर्शन के लिए सड़कों पर बड़ी संख्या ने भक्त दिखे। संत अमरा भगत के जन्मस्थली गांव नरबदिया गांव में द्वारकाधीश मंदिर के आसपास शनिवार तड़के से महिला श्रद्धालु विभिन्न वाहनों से यहां पहुंचना शुरू हो गया.

शिवराज घोषणा मशीन : कमलनाथ

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसे ध्यान में रखकर सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस और बीजेपी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है. राज्य के पूर्व सीएम कमलनाथ ने सीएम शिवराज सिंह चौहान पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं रह गई है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि सीएम शिवराज चुनाव नजदीक देख घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं. मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमल नाथ ने कहा कि

पिछले 18 साल में शिवराज सिंह चौहान ने 22 हजार घोषणाएं कीं। चुनाव नजदीक होने के कारण उनकी घोषणा मशीन अब दोगुनी गति से काम कर रही है. 18 साल बाद उन्हें महिलाओं, कर्मचारियों और किसानों की याद आ रही है. उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार आज चरम पर है। वहीं दूसरी ओर राज्य में एक के बाद एक बीजेपी के बड़े नेताओं और मंत्रियों का दौरा जारी है. एक जुलाई को पीएम मोदी ने राज्य के दौरा किया था. इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्षी एकजुटता पर निशाना साधा। रविवार को कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जो रिक्त पद हैं उनको ही आप भर दीजिये पर अब शिवराज सिंह जानते हैं कि चुनाव 4-5 महीने में होने वाले हैं. उन्होंने सीएम शिवराज सिंह पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि शिवराज सिंह के पास घोषणा मशीन है. उन्होंने 18 सालों में 22 हजार घोषणाएं की है अब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनआईए ने फुलवारी शरीफ और दरभंगा में छापेमारी की

पटना (ए.)। बिहार में एक बार फिर एनआईए ने बड़ी कार्रवाई की है. एनआईए की टीम ने फुलवारी शरीफ और दरभंगा में छापेमारी की है. पीएफआई से मामाला जुड़ा है. एनआईए और एटीएस की टीम पटना पुलिस के साथ मिलकर के फुलवारी शरीफ इमरते सरिया के सामने एक बुक स्टॉल पर छापेमारी कर रही है. मोहम्मद रियाजउद्दीन कासमी के यहां छापेमारी की जा रही है. दो बजे रात से टीम लगी हुई है। वहीं, दरभंगा में एनआईए और एटीएस की टीम संयुक्त छापेमारी कर रही है. बहेरा थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक को

एनआईए की टीम ने हिरासत में लिया है. वह अरबी भाषा को ट्रांसलेट करने में माहिर है. आईएसआई से युवक का संपर्क होने का एनआईए को लीड मिला है. पूछताछ जारी है।

मामला दानापुर के फुलवारी शरीफ का है. एनआईए और एटीएस की टीम पटना पुलिस के साथ मिलकर के फुलवारी शरीफ इमरते सरिया के सामने एक बुक स्टॉल पर छापेमारी कर रही है. मोहम्मद रियाजउद्दीन कासमी के यहां छापेमारी की जा रही है. दो बजे रात से टीम लगी हुई है लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ है और लगातार बुक स्टॉल की जांच कर रही है. जांच में रियाजुद्दीन भी एनआईए की टीम को कहा है कि अगर किसी तरह की आपत्तिजनक बुक मिलता है तो उसकी जांच ले जाकर कर सकते हैं अगर हम गलत है तो हमें आप गिरफ्तार भी कर सकते हैं। बता दें कि पिछले साल फुलवारी शरीफ टेरर मॉडल जो सामने आया था उसमें एनआईए की टीम को एक विजन डॉक्यूमेंट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

85 लाख की चोरी, पुलिस को मिली कामयाबी

■ ज्वेलरी के साथ 12 चोर गिरफ्तार

दुर्ग /नवप्रदेश । बालोद जिले में एक ज्वेलर की दुकान से 85 लाख के जेवरात चोरी करने के आरोप में जिला पुलिसृ ने 12 आरोपियों को पंजाब, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है. बालोद पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर एक किलो 300 ग्राम सोने और 31 किलो चांदी के जेवरात समेत 85 लाख के जेवरात बरामद कर लिए हैं. पकड़े गए इन आरोपियों में से दो शातिर आरोपियों की तलाश कई राज्यों की पुलिस कर रही थी।

दरअसल, बालोद जिले के अर्जुंदा थाना में 25 जून को एक प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 और 25 तारीख की दरम्यिानी रात अज्ञात आरोपियों ने उनके घर से लगी ज्वेलरी दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ा। इसके बाद आरोपियों ने दुकान में रखे सोने से बने 1620 ग्राम के जेवरात, 31 किलो ग्राम चांदी के जेवरात, 1,78,000 रूपये और दुकान में लगे सीसीटीवी डीवीआर चोरी कर ले गए. प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अर्जुन्दा में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग रेंज आईजी आनंद छाबड़ा और बालोद एसपी जितेंद्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व सीएम अमरिंदर से वसूलेगी पंजाब सरकार 55 लाख रुपए

चड़ीगढ़ (ए.) । पंजाब सरकार की भगवंत मान सरकार ने माफिया मुख्तार अंसारी को वकील देने के मामले में बड़ा फैसला लिया है. मुख्तार अंसारी के वकीलों की फीस के 55 लाख रुपये पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह और पूर्व जेल मंत्री सुखजिंदर रंधावा से वसूले जाएंगे. भुगतान न करने की स्थित में उनकी पेंशन से पैसा काटा जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार, 2 जुलाई को कहा कि अंसारी को पंजाब जेल में रखने पर हुए 55 लाख रुपये का भुगतान राज्य सरकार नहीं करेगी. यह पैसा पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह और पूर्व जेल मंत्री सुखजिंदर रंधावा से वसूला जाएगा. मान ने आगे कहा कि यदि वे दोनों पैसे का भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो उनकी पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाएं रद्द करके इसकी वसूली की जाएगी।

दिल्ली में फिर करंट से मौत

मामले की जांच शुरू

नई दिल्ली (ए.) । देश की राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक करंट से हाल ही में एक शिक्षिका की मौत के बाद रविवार को एक और ऐसा ही मामला सामने आया है। ताजा मामले में दिल्ली में फिर सरकारी लापरवाही से एक शख्स की करंट लगने से मौत की सूचना है. यह घटना रविवार की है. आज की घटना में 18 साल के एक शख्स की लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में करंट लगने से मौत की है. दरअसल, एलएनजेपी अस्पताल में नई बिल्डिंग बन रही है. बिल्डिंग के बेसमेंट में बारिश की वजह से पानी भरा हुआ था. पानी में बिजली के तार खुले थे, जिसकी वजह से करंट आ रहा था. उसी की चपेट में आने के आद 18 साल के शख्स की मौत हुई है। दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली के लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में एक इमारत के निर्माण में लगे सुजीत कुमार नाम के एक मजदूर की रविवार को बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना स्थल पर एफएसएल एवं क्राइम टीम पहुंच गई है. दोनों टीमें मौके का मुआयना कर रही है. इस मामले में आगे की जांच जारी है।

गरमा-गरम

बोल-बम

डायवर्जन 4 जुलाई से लागू होकर 16 जुलाई शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा

सावन माह में एनएच 58 पर कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर रूट डायवर्ट

नई दिल्ली (ए.) । हर साल की तरह इस बार 4 जुलाई से सावन के पवित्र महीने की शुरुआत हो रही है. भोले बाबा के भक्तों के लिए उनकी पूजा के लिए इससे बढ़िया मौका कोई और नहीं होता है। यही वजह कि भगवान शिव के भक्त इस महीने में काफी संख्या में कांवड़ लेकर पैदल भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए निकलते हैं। जिससे इस दौरान सड़कों पर कांवड़ियों की काफी भीड़ देखी जाती है. इस बात को ध्यान में रखते हुए दिल्ली-देहरादून हाइवे रूट पर डायवर्जन प्लान जारी किया गया है। यह डायवर्जन 4 जुलाई से लागू होकर 16 जुलाई शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान दिल्ली-देहरादून हाईवे वन-वे रहेगा. जबकि 9 जुलाई से यह रूट सामान्य वाहनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा. कांवड़ यात्रा के नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हरिद्वार से दिल्ली जाने वाले वाहन, झबरेडा, देवबंद, रामपुर तिराहा से पचेण्डा बाईपास, भोपा बाइपास सिखेड़ा, जानसठ, मीरापुर, रामराज से कस्बा मवाना पुलिस चौकी, किठौर, साईलो पुलिस चौकी द्वितीय, हापुड़, पिलखुआ, डासना तिराहा, विजयनगर बाइपास एनएच 24 से यूपी गेट के रास्ते दिल्ली पहुंचेंगे. फिर वापस इसी रूट से दिल्ली से लौटेंगे. वहीं जिन वाहनों को देहरादून जाना है वह देवबंद से तल्हेडी बुजुर्ग, नांगल, गागलहेडी, सैयद माजरा होते हुए छुटमलपुर से देहरादून पहुंच सकेंगे और फिर वापसी भी इसी रूट पर होगी।

इस रूट से जा सकेंगे बिजनौर से दिल्ली

बिजनौर से दिल्ली जाने वाले वाहन, बिजनौर, मीरापुर, रामराज, कस्वा मवाना पुलिस चौकी, कस्बा किठौर, साईलो पुलिस चौकी द्वितीय, हापुड़, पिलखुआ, डासना तिराहा, विजयनगर बाईपास एनएच-24 से यूपी गेट के रास्ते दिल्ली जाएंगे. वापसी में भी उन्हें इसी रूट से लौटना होगा. इसके अलावा, ऐसे वाहन जिन्हें मुरादाबाद से बुलंदशहर के रास्ते दिल्ली जाना हैं. वह अनुपशहर, बुलंदशहर, सिकंद्राबाद, दादरी, नोएडा होते हुए बड़ी दिल्ली तक जाएंगे और फिर इसी रूट से वापस लौटेंगे।

संपादकीय

आर्थिक बदहाली का शिकार पाकिस्तान

पड़ौसी देश पाकिस्तान अब पूरी तरह से आर्थिक बदहाली का शिकार हो गया है। गले तक कर्ज में डूबे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस कदर चरमा गई है कि वहां लोगों का जीना मुहाल होता जा रहा है। पाकिस्तान की खस्ता माली हालत का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहबाज शरीफ की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार के नक्शे कदम पर चलते हुए पाकिस्तान से गधों का निर्यात बढ़ाने का फैसला लिया है। पाकिस्तान में बड़ी संख्या में गधे पाये जाते है और इनका उपयोग हाथ गाड़ी खिचने में किया जाता है। क्योंकि पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल पहले ही आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गए है। इसलिए माल ढुलाई का काम गधा गाड़ी से ही किया जाता है। अब पाकिस्तान की सरकार इन गधो को भी बेचने के लिए विवश हो गई है। चीन इन गधो का सबसे बड़ा खरीदार है जो ढाई रुपए में गधे की चमड़ी खरीद लेता है। जिसका उपयोग चीन में दवा से लेकर सौंदर्य प्रसादन बनाने के काम आता है। कर्ज में डूबे पाकिस्तान ने अपने आका अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देशों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई। खुद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भीख का कटोरा लेकर कई मुल्कों में गए लेकिन सभी ने अपने हाथ खड़े कर दिए। इस बीच पाकिस्तान ने आईएमएफ से वित्तीय मदद लेने के लिए बहुत पापड़ बेले। आईएमएफ की कड़ी शर्तों के मुताबिक उसने पहले से ही महंगाई की मार से आहत पाकिस्तानी आवाम पर और महंगाई का बोझ बढ़ा दिया। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गए। यहां तक की बिजली के दरों में भी वृद्धि कर दी गई। इसके बावजूद पाकिस्तान को आईएमएफ ने मात्र तीन अरब डालर की मामूली खैरात दी है जो ऊंट के मुंह जीरा के मानिंद है। इतनी मामूली रकम से पाकिस्तान के सामने नंगा नहाए क्या और निचोड़े वाली स्थिति बन गई है। यह बात अलग है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबात शरीफ इस मामूली मदद को भी अपनी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान की जनता उन्हें कोस रही है। पाकिस्तान के आवाम को यह राहत रास नहीं आ रही है। क्योंकि वह भलीं जानती है कि इस रकम का भी अधिकांश हिस्सा हुकमरानों के और पाकिस्तानी सेना के हिस्से में चला जाएगा। आम जनता को और ज्यादा महंगाई का सामना करना पड़ेगा। बताया जाता है कि आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक पाकिस्तान की सरकार अब पेट्रोलियम पदार्थों में दस प्रतिलीटर की वृद्धि करने जा रही है। इसी तरह बिजली की दरे भी बढ़ाए जाने की संभावना है। यदि ऐसा हुआ तो पाकिस्तान में महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच जाएगी और कोई बड़ी बात नहीं है कि वहां गृहयुद्ध के हालात निर्मित हो जाए। पाकिस्तान की सरकार अपने येशो आराम में और शाही खर्चों में कोई कटौती नहीं कर रही है। खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के नाम पर वह जनता के कमजोर कंधों पर ही करो का बोझ लादे जा रही है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तानी सरकार की अदुर्शिता के चलते पाकिस्तान बहुत जल्द दिवालिए पन की कगार पर पहुंच जाएगा। पाकिस्तान को आईएमएफ सहित अन्य देशों से यदि पर्याप्त मदद नहीं मिलती है तो पाकिस्तान को अपनी स्थाई संपत्तियां भी गिरवी रखनी पड़ेगी या बेचनी पड़ जाएगी। अभी भी पाकिस्तान के उपर अमेरिका और चीन का इतना ज्यादा कर्ज है कि उसका ब्याज तक चुका पाना मुहाल हो गया है। चीन तो पाकिस्तान को इसीलिए गले तक कर्ज में डूबा रहा है ताकि वह पाकिस्तान के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर सके। चीन की इस नापाक चाल में पाकिस्तान फंसता जा रहा है। आगे चलकर स्थिति यह हो सकती है कि कर्ज में डूबे पाकिस्तान के कई टुकड़े हो जाए।

गुरू पूर्णिमा पर विशेष

पूज्य गुरुदेव का व्यक्तित्व

धीरजलाल टांक, भिलाई-दुर्ग

अखिल विश्व गायत्री परिवार के सूत्र संचालक जिन्हें युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ आदि उपमाओं से विभूषित किया गया इस संपूर्ण वसुधा के एकमात्र व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपने अकेले के पुरुषार्थ से पांच व्यक्तियों के बराबर लोक मंगल के कार्य करके मानव समाज को समर्पित कर दिया। 1911 से 1990 तक लगभग 79 वर्ष की जीवन अवधि का प्रत्येक पल अपने आराध्य हिमालयवासी स्वामी सर्वेश्वरानंद के निर्देशों के लिए समर्पित रहा। मैं एक माह तक 1976 में उनके बहुत करीब रहा। रात्रि 2 बजे उठ जाते थे। नित्य कर्म निपटाकर 3 से 5 बजे तक अध्ययन और लेखन उनका नियमित क्रम था। प्रातः 5 बजे भेंट परामर्श प्रशिक्षण आदि के लिए उपलब्ध होते थे। इसी दो घंटे की नियमितता में चारों वेद, 18 पुराण, 108 उपनिषद, 16 दर्शन, रामायण, गीता, महाभारत आदि आर्ष ग्रंथों पर भाष्य किया और कुल 3200 पुस्तकों का लेखन कर डाला। लगभग 52 पुस्तकें तो ग्रह नक्षत्र और अंतरिक्ष विज्ञान पर लिखी, जो नासा एवं तमाम अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए दिशा-निर्देशक बनी है। अपने उद्बोधन में वे हंसते हुए कहते थे मैने पांच व्यक्तियों के बराबर पांच काम किया है। (1) समस्त आर्ष ग्रंथ और 3200 पुस्तकों का लेखन। (2) पूरे देश-विदेश में घूमकर गायत्री विद्या का प्रचार एवं 4 हजार शक्तिपीठों का निर्माण। (3) शांतिकुंज में 100 से प्रारंभ होकर 4000 परिजनों का वर्षभर अनवरत चलने वाले प्रशिक्षण शिविरों और श्रृंखला का संचालन। वह भी भोजन -आवास आदि निशुल्क। (4) 'अखंड ज्योति' और 'युग निर्माण योजना' नामक पत्रिका का प्रकाशन। (5) प्रतिदिन आने-जाने वाले 150 से 200 पत्रों का जवाब देना भी एक व्यक्ति का पूर्णकालिक कार्य है। आश्चर्य की बात है कि ये पांचों कार्य इनके शरीर छोडने के पश्चात भी आज तक निरंतर चल रहे हैं। 15 वर्ष की आयु में उनके पू. गुरुदेव से साक्षात्कार के पश्चात 24 वर्षों तक प्रतिदिन छह घंटे गायत्री मंत्र का जाप करके 24 महापुश्चरण संपन्न किया। वह भी मात्र जौ की रोटी और छाछ पर रहकर। इसी दौरान स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई और जेल भी गए। इनके संपूर्ण प्रकाशन को शांतिकुंज के बाद 70 खंडों के वांग्डमय (वांग्मय) के रूप में प्रकाशित किया। जिसमें (1) साधना पद्धति का ज्ञान-विज्ञान। (2) चेतन अचेतन और सुपर चेतन। (3) भविष्य का धर्म वैज्ञानिक धर्म। (4) समस्त विश्व को भारत के अजश्र अनुदान। (5) मरणोत्तर जीवन तथ्य और सत्य आदि वांग्मय विशेष लोकप्रिय हुए। उनका संपूर्ण लेखन और चिंतन वैज्ञानिक आध्यात्मवाद को प्रकाशित करने की दिशा में चला है। आध्यात्मवाद के नाम पर आडंबर और पाखंडवाद के वे घोर विरोधी रहे। बिना पुरुषार्थ, बिना चरित्र निर्माण के केवल बचकाने कर्मकांड से बड़ी उपलब्धियां हासिल कर लेने वाले कथावाचकों को जमकर लताड़ लगाई है। इनकी स्पष्ट घोषणा है कि भारत भविष्य में विश्व गुरु का स्थान प्राप्त करेगा। प्रबल पुरुषार्थ, मानवतावादी चिंतन, चरित्र की प्रखरता और नैतिकता के उज्जवल प्रकाश का सूर्य ही विश्व में प्रकाशवान होगा। भारत की वर्तमान प्रगति का सूर्य निरंतर उनकी कार्यशैली पर चलकर ही प्रकाशित हो रहा है।

आज का पंचांग (सोमवार 3 जुलाई)



सूर्योदयः 05:38, सूर्यास्तः 07:20
चन्द्रोदयः 11:23, चन्द्रास्तः 24:07
अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)
ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मासः आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : गुरु पूर्णिमा, नक्षत्र : मूल, योग :सिद्धि (05:27 से व्यतीपात), प्रथम करण : गर (11:23 तक), द्वितीय करण : वणिज (24:25 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य : मिथुन, चंद्र : धनु (16:51 से), मंगलः कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 11:51 से 12:48
अमृत काल 28:46 से 06:32 बजे
त्रिपुष्कर योग 10:11 से 24:25
सर्वार्थसिद्धि योग 10:11 से 29:17
रवियोग 05:17 से 10:11

गुरु शिष्य परंपरा का उत्सव है गुरू पुर्णिमा

रमेश सर्राफ

गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु यंत्र की स्थापना करने से जीवनभर सौभाग्य में कमी नहीं होती है। हर कार्य पूरे होते हैं। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है। गुरु पूर्णिमा उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित परम्परा है। जिन्होंने कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास को प्रबुद्ध करने, बहुत कम अथवा बिना किसी मौद्रिक खर्चे के अपनी बुद्धिमता को साझा करने के लिए तैयार हों। गुरू पूर्णिमा को भारत, नेपाल और भूटान में हिन्दू, जैन और बोद्ध धर्म के अनुयायी उत्सव के रूप में मनाते हैं। महात्मा बुद्ध ने इस दिन उत्तर प्रदेश के सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था।

गुरु पूर्णिमा गुरु व शिष्य की परंपरा के लिए विशेष उत्सव होता है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्य को सही मार्ग पर ले जाते हैं। इसलिए गुरुओं के सम्मान में हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु के अलावा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। उनकी जन्मतिथि के उपलक्ष्य में पूजा की जाती है।

गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने अपने पहले सात शिष्यों सप्तऋषियों को सबसे पहले योग का ज्ञान प्रदान किया था। इस प्रकार आदियोगी शिव इस दिन आदि गुरु यानी पहले गुरु बने। सप्तऋषि इस ज्ञान को लेकर पूरी दुनिया में गए। आज भी धरती की हर आध्यात्मिक प्रक्रिया के मूल में आदियोगी द्वारा दिया गया ज्ञान ही है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है। ताकि वह अपने भीतर ही सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। योग साधना और ध्यान का अभ्यास करने के लिए गुरु पूर्णिमा को विशेष लाभ देने वाला दिन माना जाता है।

गुरु शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है और इसका गहन आध्यात्मिक अर्थ है। इसके दो अक्षरों गुरू में गु शब्द का अर्थ है अज्ञान। रु शब्द का अर्थ है आध्यात्मिक ज्ञान का तेज जो आध्यात्मिक अज्ञान का नाश करता है। संक्षेप में गुरु वे हैं जो मानव जाति के आध्यात्मिक अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं और उसे आध्यात्मिक अनुभूतियां और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं ।गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरम्भ में आती है। इस दिन से चार महीने तक साधु-सन्त एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है। वैसे ही गुरु-चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शान्ति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे

संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। भक्तिकाल के संत घीसादास का भी जन्म इसी दिन हुआ था वे कबीरदास के शिष्य थे। गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। सिख धर्म में भी गुरु को भगवान माना जाता है। इस कारण गुरु पूर्णिमा सिख धर्म का भी अहम त्यौहार है। सिख धर्म केवल एक ईश्वर और अपने दस गुरुओं की वाणी को ही जीवन का वास्तविक सत्य मानता है। आषाढ़ की पूर्णिमा को चुनने के पीछे गहरा अर्थ है कि गुरु तो पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह हैं। जो पूर्ण प्रकाशमान हैं और शिष्य आषाढ़ के बादलों की तरह। आषाढ़ में चंद्रमा बादलों से घिरा रहता है जैसे बादल रूपी शिष्यों से गुरु घिरे हों। गुरू अंधेरे में भी चांद की तरह चमक सके। उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी प्रकाश जगा सके तो ही गुरु पद की श्रेष्ठता है। इसलिए आषाढ़ की पूर्णिमा का महत्व है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रति वर्ष गुरु पूर्णिमा उत्सव अपनी सभी शाखाओं पर मनाता है। संघ के छह उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा भी है। गुरु पूर्णिमा के दिन देश में संघ की सभी शाखाओं पर स्वयंसेवक इस उत्सव को मनाएंगे। संघ के स्वयंसेवक किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हैं। उस दिन भगवा ध्वज की पूजा करने के साथ-साथ गुरु के प्रति जो भी बनता है समर्पण भी करते हैं। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने स्वयंसेवकों के लिए गुरु पूजा प्रारंभ की। यह गुरु कोई व्यक्ति नहीं बल्कि भगवा ध्वज है। संघ तत्व पूजा करता है व्यक्ति पूजा नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने गुरु के स्थान पर भगवाध्वज को स्थापित किया है। भगवाध्वज त्याग, समर्पण का प्रतीक है। स्वयं जलते हुए सारे विश्व को प्रकाश देने वाले सूर्य के रंग का प्रतीक है। संपूर्ण जीवों के शाश्वत सुख के लिए समर्पण करने वाले साधु, संत भगवा वस्त्र ही पहनते हैं। इसलिए भगवा, केसरिया त्याग का प्रतीक है। महान संत कबीरदास जी ने गुरु के महत्व को इस तरह बताया है- गुरू गोविन्द दोऊ खड़े काके लागु पांय, बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताय। अर्थात यदि भगवान और गुरु दोनों सामने खड़े हो तो गुरु के चरण पहले छूना चाहिये क्योंकि उसने ही ईश्वर का बोध करवाया है। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। प्रसिद्ध सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य को अपना गुरु बनाकर ही राज सिंहासन पाया था। इतिहास में हर महान राजा का कोई न कोई गुरु जरुर था। गुरु और शिष्य का रिश्ता बहुत मधुर होता है। प्राचीन भारत में आज की तरह स्कूल, कॉलेज नहीं होते थे। उस समय गुरुकुल प्रणाली द्वारा शिक्षा दी जाती थी। समाज के सभी वर्गों के बालक गुरुकुल जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। वो गुरुकुल (आश्रम) में ही रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे।

नेपाल में इसे गुहा पूर्णिमा के रूप में मनाते है। छात्र अपने गुरु को स्वादिस्ट व्यंजन, फूल मालाएं, विशेष रूप से बनाई गयी टोपी पहनाकर गुरु का स्वागत करते है। स्कूल में गुरु की मेहनत को प्रदर्शित करने के लिए मेलो का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाकर गुरु-शिष्य का रिश्ता और भी मजबूत हो जाता है। गुरु का आशीर्वाद सबके लिए कल्याणकारी व ज्ञानवर्धक होता है। इसलिए इस दिन गुरु पूजन के उपरांत गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। आज के भागदौड़ भरे भौतिकतावादी समाज में हमे गुरु की बहुत अधिक जरूरत होती है। गुरु का महत्व सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नही बल्कि व्यापक अर्थ में देखने को मिलता है। अब तो आध्यात्मिक शांति के लिए अनेक लोग किसी न किसी गुरु की शरण में चले जाते है। इसलिए हर भटके हुए व्यक्ति को सही मार्ग दिखाने का काम गुरु की कर सकता है। इसलिए गुरु का अर्थ बहुत व्यापक और बड़ा है। हम सभी को अपने गुरु जनों को कोटि-कोटि प्रणाम करना चाहिये। उन्होंने जो ज्ञान हमे दिया उनका मूल्य कभी भी नही चुकाया जा सकता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हुस्न की बात छोड़ो यहां घर द्वार बिकते

हुस्न की बात छोड़ो यहां घर द्वार बिकते हैं, जो कीमत दे दो तो यहां जीगरी यार बिकते हैं। यूं तो इल्ज़ाम है कोठों पर जिस्मों के बिकने का, यहां हया के दर्पण भी अब सरे बाज़ार बिकते हैं।
संजय सिंह राजपूत

आँखें भी अब मौन थी निराकार

आँखें भी अब मौन थी निराकार,एकदम खाली सी काजल विहीन हो गई मानो चेहरा काला हुआ जा रहा था। कोरो में बूँदों का आगमन बिना किसी छलावे सा जीवन, साकार से निराकार तक का सफर मानो क्षणभंगुर सा सब, बह रहा हो किसी नदी के भीतर। समंदर क्या नहीं तड़पता, मीठे पानी की नदी के खातिर? अनुत्तरित सा प्रश्न था नदी का! **सरिता खोवाला**

खास पाती | एक साथ देना तुम कुछ नहीं

एक साथ देना तुम कुछ नहीं चाहिए, बस...हो अगर दुविधा उलझन को सुलझाना, हो जाऊ परेशां ख्याल बन जाना, अश्क बहें तो वो रुमाल तू बन जाना आँधियों मे छोड़ न जाना हाथ दोस्ती बन आये हो सारथी बन जाना तुम, कहना बहुत कुछ शब्द ज़रा कम है रो दूँ तो,सावन बनना हँसने पर मुस्कान बिछड़ने पर शिकवा नहीं शिकायत बन आना तुम, इशारों से दूर हूँ साथ तेरे आँखों से जताना तुम, खामोश रहूँ.. तो शब्दों को अर्थ..दे जाना तुम पहचान बन, एक साथ देना तुम। **उमा मेहता त्रिवेदी**

प्रेम है नमक की तरह है ज़िन्दगी

प्रेम है नमक की तरह है ज़िन्दगी में घुलकर जीने का स्वाद बढ़ा देता है! प्रेम है इत्र की तरह थोड़ा सा बिखर जाए तो जीवन में खुशबू फैला देता है! प्रेम है वो पहली बारिश की तरह है मन को भीनी भीनी सुगंध से महका देता है! प्रेम है वो गूंजती मंदिर की घंटियों सा हृदय में सात सुरों की झंकार बजा देता है! प्रेम एक दूसरे के दिल में एहसास की जगह बनाता है ।। **मोना सेन गुप्ता**

आया हूं यहां मैं जाने को

आया हूं यहां मैं जाने को, कुछ तुझसे अपना पाने को, तुझपे अपना सब लुटाने को, जाना तुझको भी है, मुझको भी, आ ज्योत जला ले, अपनो से पाने को, जो दिया है वही तू जग से पायेगा, इस कर्म भूमि से हट कहां जायेगा, तन से तेरा तर्पण कुछ नहीं, सब पाने की चाहत अन्नत है, यहां जो बोया है सो पायेगा तू, इतना ही है जो जीकर जायेगा तू, इससे अलग कहां से लायेगा, जहां से आया है वही जायेगा, जो दिया है वही तू जग से पायेगा।
ललित उपाध्याय

जीवन की हर एक दिशा में

जीवन की हर एक दिशा में, उच्च उड़ान भरे नभ नारी जो कुछ ठान लिया मन में वह, कर दिखलाय सतव्रतधारी नित्य रखे घर द्वार सुगन्धित, प्रेम समर्पण की फुलवारी वेद सदैव यशो गुण गाँवत, नारी की महिमा अति भारी। **निधि भार्गव मानवी**

तेरे पहलू में एक पहर बैठू

तेरे पहलू में एक पहर बैठू तो जरा, तुम दो घड़ी रुको तो ,एक साँस भरू तो जरा, तेरे साथ चंद लम्हा गुजारू तो जरा, तुम दो घड़ी रुको तो गुफ्तगू तो हो जरा, मैं तो फुर्सत से तेरे इंतजार में बैठा हूँ, तुम फुर्सत की दो घड़ी मुझे भी तो दो जरा। **निखिल कुमार मिश्रा**

मन के अंधेरे कुएं से स्याही

मन के अंधेरे कुएं से स्याही की रस्सी से रोज खींचती भावों की बाल्टी और उलीचती अहसासो के रंग कुछ छलकते कुछ बहते कुछ अंजुरी में भरकर ओकभर पीती, फिर भी अतृप्त रह जाती हर बार कलम की प्यास..?? **सीमा नागर तुली**

जीव जीव में प्राण बसे हैं जीव

जीव जीव में प्राण बसे हैं जीव जीव में चाह जीव जीव का संगी साथी जीव जीव की राह जीव जीव अपदा में आये जीव जीव से आस लगाये जीव जीव की कर अगवानी जीव जीव का लक्ष्य ध्याये जीव जीव से बढ़े है शक्ति जीव जीव से ही है भक्ति जीव जीव से धर्म-धार्मिक जीव जीव की है विभक्ति जीव जीव का बने सहारा जीव जीव से विश्व हमारा जीव जीव का सर्वहारा जीव जीव से ही उजियारा जीव जीव का पालनहारा जीव जीव की विपदा हारा जीव जीव को दे दिलासा जीव जीव रहें संगठित सारा।
मुनेश शर्मा

आज का इतिहास

नई दिल्ली जुलाई (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 03 जुलाई की महत्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1661 पुर्तगाल ने मुंबई और तंजौर इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वीतीय को दिया। 1698 ब्रिटेन के थॉमस सेवरी ने पहले व्यवसायिक स्टीम इंजन का पेटेंट हासिल किया। 1746 मुगल सम्राट के आदेश पर बाबा बंदासिंह बहादुर को फाँसी दे दी गई। 1710 में उन्होंने मुगलों को हराया था। 1751 स्वीडन के रसायनशास्त्री और खदान विशेषज्ञ फ्रेडरिक क्रोन्स्टलर निकेल नामक धातु का पता लगाने में सफल हुए। 1760 मराठा सेना ने दिल्ली पर कब्जा किया। 1767 पिटकेर्न द्वीप की खोज की गई, मिडशिपमैन रॉबर्ट पिटैरन फिलिप कार्टेट की आज्ञा के अनुसार एक अभियान यात्रा पर थे। 1778 पर्शिया ने अर्जेंटिना के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1819 अमेरिका ने पहला बचत बैंक 'बैंक ऑफसेविंग इन न्यूयॉर्क' शुरू हुआ। 1876 मोंटेनेग्रो ने तुर्की से युद्ध की घोषणा की। 1879 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बासुदेव बलवंत फड़के को गिरफ्तार कर लिया गया। 1884 स्टॉक एक्सचेंज दाउ जोंस ने अपना पहला स्टॉक इंडेक्स प्रकाशित किया।

QUIZ TIME

1) शिशु पोषक बोतलें तथा शीतल पेय बोतलें सामान्यतः किससे बनी होती है?
2) राइनिया और साइलोटम दोनों में सामान्य लक्षण किसमें पाया जाता है?
3) प्रत्येक वर्ष कितने नोबेल पुरस्कार दिए जाते हैं?
4) शरीर की वृद्धि व नई कोशिकाओं के निर्माण के लिए सबसे आवश्यक पोषक तत्व कौन-सा है?
5) कौन पहले भारतीय जिन्होंने ग्रैमी जीवनपर्यन्त उपाधि प्राप्त की?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पॉलीएथिलीन (2) [illegible] (3) 6 (4) प्रोटीन (5) पंडित रविशंकर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आपकी वैचारिक स्थिति प्रखर रहेगी सार्वजनिक कार्यो में सम्मानित होंगे आपकी छवि भी बुद्धिमानो जैसी बनेगी।

वृष : आज का दिन आपको धैर्य से बिताने की सलाह है। आज आप निरंतर मिल रही असफलता अथवा कलह-क्लेश के वातावरण से क्षुब्ध होकर अनुचित कदम उठा सकते है।

मिथुन: आज के दिन आपको धन लाभ के योग बन रहे है लेकिन आज आपके बनते कार्यो में टांग अड़ाने वालो का भी सामना करना पड़ेगा।

कर्क : आज आपका संतोषी स्वभाव आपको बेवजह की उलझनों से दूर रखेगा फिर भी आज किसी के दबाव में आकर आपको कोई अप्रिय कार्य करना पड़ेगा।

सिंह : आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। मन आज मनोरंजन की ओर अधिक आकर्षित रहेगा इसपर फिजूल खर्ची करने से पीछे नही हटेंगे।

कन्या : आज आपका ध्यान मनोरंजन पर अधिक रहेगा आज आपकी मानसिकता भी कम परिश्रम से अधिक लाभ पाने की रहेगी।

तुला : आज भी परिस्थितियां आपकी आशाओ के अनुकूल रहेंगी। लेकिन आज आपका सनकी स्वभाव कुछ ना कुछ हानि भी करायेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि दायक रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे आरम्भ में लाभ-हानि को लेकर भ्रम पैदा होगा।

धनु : आज अधूरे कार्यो को पूर्ण करने का दिन है अगर आज आलस्य किया तो बाद में पछताना पड़ेगा।

मकर : आज के दिन भी सुख शांति की कमी रहेगी। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे भाग दौड़ अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक करनी पड़ेगी।

कुंभ : आज का दिन भी आपके लिए शुभफलदायी रहेगा। पूरानी रुकी योजना आज सिरे चढ़ने से राहत मिलेगी। कार्य क्षेत्र पर आज प्रतिस्पर्धा कम रहने से इसका लाभ उठायेंगे आज का दिन आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करेगा।

मीन : आज के दिन आप लापरवाह अधिक रहेंगे फिर भी लाभ आज किसी ना किसी रूप में अवश्य हो जाएगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -113

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 112 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्न	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

खबरों के गलियारे से...

राजनीति पर झुनझुना हावी

टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह के झुनझुना वाले बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। उन्होंने

कहा, सबसे ज्यादा तकलीफ रमन सिंह को है, क्योंकि अजीत जोगी के भरोसे तीन बार मुख्यमंत्री बने हैं। उम्मीद कर रहे थे कि ऐसा ही कुछ हो जाएगा। कांग्रेस पहले से एकजुट है। भारतीय जनता पार्टी के लोग हताशा में हैं तभी तो महाराज साहब को डिप्टी सीएम बनाए जाने के बाद इंटरनेट मीडिया में उनकी प्रतिक्रिया देखी गई। पिछले कुछ समय जैसे जोगी फैक्टर से हम लोग सत्ता से वंचित हो जाते थे, उनको लगता था कि ऐसा ही कुछ बदलाव होगा। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, खुद मेहनत करते नहीं और दूसरे के भरोसे सत्ता में आना चाहते हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि सभी राजनीतिक पार्टियां झुनझुना को राजनीतिक अस्त्र बनाकर झुनझुना बजा रहे है। ऐसा लगता है कि चुनाव नहीं मंड़ई होने वाला है।

ईडी विरोध करने वाले दे रहे बुलावा

वक्त वक्त की बात है, क्या से क्या हो जाता है, जो नहीं सोचा वहीं हो जाता है। इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला नागरिक सहकारी बैंक घोटाले की जांच अब ईडी से करने की मांग उठ रही है। प्रदेश में कोयला परिवहन और शराब घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम का कभी कांग्रेस नेता विरोध करते थे। ईडी की कार्रवाई होने पर कभी कार्यालय का घेराव करते थे, तो कभी जिन नेताओं के घर छापा पड़ता था, उसके सामने हनुमान चालीसा का पाठ करते थे, लेकिन अब समय बदल गया है। इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह और उनकी सरकार के चार मंत्रियों का नाम सामने आया है। एक कांग्रेसी नेता ने घोटाले की जांच ईडी से करने की मांग झट से कर दी । राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि ईडी वालों के दिन फिरने वाले है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का बराबर सहयोग मिलना तय माना जा है।

भाजपा का चुनावी हथकंडा

छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के इस्तेमाल पर कांग्रेस ने इसे भाजपा का चुनावी हथकंडा बताया है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 15 वर्षों तक भाजपा को छत्तीसगढ़ महतारी की याद नही आई। अब भाजपा अपने पम्पलेट में छत्तीसगढ़ महतारी की चित्रों का इस्तेमाल कर रही हैं। यह भाजपा के लिए मजबूरी है। खबरो के गलियारे में चर्चा है कि अब छत्तीसगढ़ महतारी की याद भाजपा नहीं करेगी तो भाजपा दाई के कोरा से दूर हो जाएगी।

ईडी के जवाब में आएगी सीडी

छत्तीसगढ़ विधानसभा का अंतिम सत्र में भाजपा जहां अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से सरकार के घेरने के लिए ईडी की कार्रवाई उछालेगी, तो जवाब में कांग्रेस विधायकों की तरफ से इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले की सीडी का मुद्दा आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा के पास कोई मुद्दा बचा नहीं है। सिर्फ जनता को बताने के लिए सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि चुनाव में ईडी-सीडी क्या गुल खिलाएगी। ये तो वक्त बताएगा लेकिन पुराना अनुभव है कि सीडी ने तो कांग्रेस की सरकार बनवा दी थी, ईडी पर कौन भरोसा कर रहा है?

यूएसआइसी में रोजगार का लाभ लें

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के अंतर्गत कई वर्षों से बंद यूनिवर्सिटी साइंस इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर (यूएसआइसी) को स्किल डेवलपमेंट सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। पुनर्स्थापित करने के बाद विश्वविद्यालय

परिसर के छात्रों के साथ-साथ बाहर के छात्रों के छात्र भी ट्रेनिंग ले सकेंगे। स्किल डेवलपमेंट सेंटर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की 5वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत विकसित किया गया है। रविवि कॉलेज के गलियारे में चर्चा है कि यूएसआइसी शुरू करने में बहुत देरी कर दी वीसी साहब । नहीं तो हम पिछले पंचवर्षीय योजना में ही स्किल डेपलेवमेंट कर लेते।

जीएसटी नंबर बाहर लगाए

आप जीएसटी रजिस्टर्ड हैं और अपने दुकान या गोडाउन के बाहर जीएसटी नंबर व सर्टिफिकेट नहीं लगा रहे हैं तो आप पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर आप इस जुर्माने से बचना चाहते हैं तो आपको चाहिए कि आप नियम का पालन करते हुए अपनी दुकान व गोडाउन के बाहर जीएसटी नंबर व सर्टिफिकेट लगाएं। साथ ही अगर आपने जीएसटी रजिस्ट्रेशन में दिए गए पते को बदल दिया है तो भी आपको अपने व्यावसायिक परिसर में जीएसटी नंबर व सर्टिफिकेट लगाना होता है। ऐसा नहीं होने पर जीएसटी अफसरों द्वारा कार्रवाई की जा सकती है। व्यवसायिक गलियारे में चर्चा है कि मल्टी स्टोरी में दुकान हो तो क्या करें।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मिलेंगे 2460 करोड़

स्कूलों में बेहतर आधारभूत ढांचे के साथ शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, सीनियर सेंकडरी स्तर पर विज्ञान एवं वाणिज्य की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए वर्ल्ड

बैंक ने छत्तीसगढ़ के लिए 2460 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इस परियोजना से गरीब और कमजोर वर्ग से आने वाले लगभग 40 लाख छात्र लाभान्वित होंगे। वर्ल्ड बैंक की इस परियोजना से कक्षा पहलीं से 12वीं तक के लगभग 600 माडल स्कूलों को विकसित और संचालित करने में मदद मिलेगी। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि भाजपाई कहते फिर रहे है कांग्रेस को चुनावी फंड मिल गया। बच्चों को जब लाभ मिलेगा तब मिलेगा फिलहाल कांग्रेसी लाल हो जाएंगे।

बिजली गिरने से पुलिसकर्मी जख्मी

मनेन्द्रगढ़ के जनकपुर थाने में बारिश से जहां जन जीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं थाने में आकाशीय बिजली गिरने से बिजली सिस्टम खराब होने के साथ ही पुलिस के पांच जवान घायल हो गये है। बारिश से लगातार आकाशीय बिजली गिरने का मामला सामने आया है। जिसमें बिजली समान कम्प्यूटर, वायरलेस सेट सहित बिजली उपकरण का नुकसान हुआ है। वहीं एक महिला आरक्षक को कान में कम सुनाई दे रहा है । खबरों के गलियारे में चर्चा है कि लोग समझ रहे थे कि एसपी ने इधर से उधर करके जमे जमाए आरक्षकों के ट्रांसफर किए होंगे। लेकिन यह तो आकासीय बिजली निकली। इसलिए कहा जाता है कि कुदरती इंसाफ को हमेशा ध्यान हितग्राहियों के साथ न्याय करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ियां हुए निराश

वर्ल्ड कप 2023 का शेड्यूल जारी होने के बीच रायपुर में मैच के मेजबानी को लेकर छत्तीसगढ़ियों को बड़ा झटका लगा है। बीसीसीआई की ओर से जारी शेड्यूल में एक भी मैच रायपुर में नहीं खेला जाएगा। क्रिकेट प्रेमी कयास लगा रहे थे कि रायपुर को वर्ल्ड कप 2023 के एक मैच की मेजबानी मिल सकती है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के अलावा कई इंटरनेशनल स्तर के कई मैच खेले जा चुके हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि कका स्थानीय खेलों पर ज्यादा ध्यान दे दिए इसलिए बीसीसीआई वाले बिदक गए।

होटलों के मेन्यू में मिलेट्स

मिलेट्स में पाए जाने वाले पोषक तत्वों के फायदे की वजह से मोटे अनाज का दैनिक आहार में उपयोग बढ़ाया जा रहा है। घरों के साथ ही अब होटल व रेस्टारेंट में भी मिलेट्स आधारित व्यंजनों व उत्पादों को मेन्यू में शामिल किया जा रहा है। ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज से तैयार व्यंजन परोसे जा रहे है। मोटे अनाज से ही चाइनीज, इटैलियन व दक्षिण भारतीय व्यंजन तैयार हो रहे है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि मध्यम वर्गीय परविार तो बड़े होटलों मिलेट्स व्यंजन चखने नहीं जा सकते इसलिए इसे ठेले-खोमचे में अनिवार्य किया जाए।

अपनी प्रतिक्रया navpradesh@gmail पर भेजें...

जैन संघटना की सहभागिता सराहनीय : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जैन संगठना बिलासपुर जोन ईकाई की सक्रियता ने प्रदेश में एक दिव्यांग सेवा शिविर लगाकर गुजराती भवन में आयोजित भारतीय जैन संगठना के स्तुत्य व अनुकुरणीय युवाओं की पहल ने एक नया इतिहास रचा है। जहां लक्ष्य से अधिक लोगों को कृत्रिम अंग की सुविधा देकर चलकर घर भेजा जा रहा है। वहीं शिविर कल 2 जुलाई तक चलेगा। शिविर बिलासपुर ही कवर्धा सहित कुछ अन्य जिलों के लोगों के साथ ही सीमावर्ती प्रदेश के जिलों के लोग भी शिविर का लाभ लिया। जयपुर पैर के प्रमुख ने पहुंचकर अपनी सेवाएं दी। भारतीय जैन संगठना के लिए स्वयं का भवन, विश्रामगृह व अन्य सुविधा हो इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बिलासपुर में दो एकड़ जमीन कम से कम रियायती दर पर उपलब्ध कराने के लिए अर्जी भी लगाई। मुख्यमंत्री की व्यवस्ता की वजह से भारतीय जैन संगठना ने अपनी अर्जी कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित करने की दिशा में पहल की। निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर के समापन के अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राइसिकल, श्रवण संबंधी उपकरण, बैशाखी, कृत्रिम अंग प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे संगठन एवं शिविर में सेवा दे रहे सभी चिकित्सकों को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने शिविर में मौजूद दिव्यांगों से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए सभी को स्वस्थ जीवन के शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय, महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण, नगर निगम के सभापति शेख नजरूद्दीन, कलेक्टर सौरभ कुमार सहित श्री विजय पाण्डेय तथा अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

गौरतलब है कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से भारतीय जैन संगठना एवं गुजराती समाज के सहयोग से यह 6 दिवसीय दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया। 25 जून से प्रारंभ हुए इस शिविर का आज समापन हुआ। शिविर में अब तक दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार 145 कृत्रिम अंग, 105 कैलिपर्स, 135 कृत्रिम हाथ, 110 बैशाखी, 53 ट्राईसिकल, 75 व्हीलचेयर और 215 श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। भारतीय जैन संगठना बिलासपुर जोन के सक्रिय सदस्य अमरेश जैन व संगठना टीम के अनुसार सकल जैन समाज अपने प्रतीक चिन्ह पर अंकित वाक्य परस्परोपग्रहों जीवाणाम अर्थात जीवो के परस्पर में उपकार है, सभी जीव एक दूसरे पर आश्रित हैं, को सदैव आत्मसात करता रहा है। इस परंपरा को कायम रखते हुए धार्मिक, सामाजिक एवं लोक हितकारी कार्यों के लिए समर्पित भारतीय जैन संघठना, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में एवं सकल जैन समाज बिलासपुर और श्री गुजराती समाज बिलासपुर के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

बुजुर्ग विशेषज्ञों की सलाह लें : गुप्ता

■ सिक्ख एसो. ने डॉक्टर्स डे पर कृतज्ञता ज्ञापित किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन ने आज डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनका सम्मान किया। महावीर नगर गुरुव्दारा परिसर में एसोसियेशन के एजुकेशन कमेटी के चेयरमैन प्रोफेसर बी.एस. छाबड़ा ने डाक्टरों व्दारा मरीजों के लिए की जा रही अनवरत सेवा की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोविन19 को दौरान पूरे भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में डाक्टरों ने अपनी जान हथेली पर लेकर आम लोगों का इलाज किया। यह अपने आप में सेवा की एक अद्भुत मिसाल है। इस कारण पूरा विश्व डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञ है और उनका हृदय से धन्यवाद करता है। एसोसियेशन के सचिव डी.एस. जब्बल ने डाक्टरों के प्रति अपनी भावनाएं कविताओं में व्यक्त की। उन्होने कहा कि ड़ॉक्टर तो निराशा में भी आशा की लौ जगा देते हैं। उनकी सेवा भावना से उनके महान कर्मों से हम इंसान उनको धरती पर भगवान की संज्ञा देते हैं। इस अवसर पर हृद्यरोग विशेषज्ञ डॉ निखिल मोतीरामानी, महिला रोग विशेषज्ञ श्रीमती किरण मल्होत्रा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जीतेन्द्र सराफ, दंतरोग विशेषज्ञ श्री मनीष गुप्ता, एक्युप्रेशर थैरापिस्ट जी.एस.राजपाल का मोमेन्टों दे कर सम्मान किया गया। हृदयरोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोतीरामानी ने कहा कि मरीजों को जब बल्डप्रेशर और शुगर की द्वाई दी जाती है तो वह उसे खाने से कतराता है। बस परेशानी यहीं से बढ़ती है। मरीजों को अपनी पूरी नींद भी लेनी चाहिए। इससे वे स्वस्थ रहेगें। दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष गुप्ता ने बढ़ती उम्र के बुढ़ापे में होने वाली परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि पाचन क्रिया पर विशेष ध्यान देने की

जरूरत है। साथ ही डॉक्टर की सलाह पर विभिन्न प्रकार के विटामिन्स व कैल्शियम लेने की जरूरत पड़ती रहती है। उन्होंने कहा कि आज के बुजर्गों को जीरियाट्रिक विशेषज्ञों के नियमित परामर्श लेने की जरूरत है। इससे वह लंबा जीवन जी सकेगें। सीता मेमोरियल मल्टी स्पेशलिटी डेन्टल क्लीनिक के विशेषज्ञ डॉक्टर जीतेन्द्र सराफ ने इस मौके पर कहा कि उनके व्दारा मरीजों की अशक्तता को देखते हुए रायपुर में पहली डेन्टल एम्बुलेन्स की शुरुआत की है।

मेगा रक्तदान, डेंटल चेकअप

रायपुर/नवप्रदेश। रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर ने रोटरी क्लब रायपुर क्वींस और रोटरी क्लब रायपुर रॉयल के साथ मिलकर एक मेगा ब्लड डोनेशन एवं डेंटल चैकअप कैम्प का आयोजन किया। यह एक अपूर्व सहयोगी पहल रही है जिसमें तीनों क्लबों ने साझा संकल्प लिया है और रक्तदान के माध्यम से समाज की सेवा कर रहे हैं। रोटरी ग्रेटर के अध्यक्ष अजय तिवारी, सचिव हृषभ सोनी और कार्यक्रम अध्यक्ष राहुल जाधव ने कार्यक्रम को संचालित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब रायपुर क्वींस की अध्यक्षा मोनिका जग्गी और सचिव मनीषा अग्रवाल तथा रोटरी क्लब रायपुर रॉयल के अध्यक्ष सचिन बफ्ना और सचिव अनूप मुंधड़ा मौजूद थे।अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि रोटरी एक 118 साल पुरानी, अग्रणी वैश्विक समाज सेवी संस्था है जो स्वास्थ, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे सेवाओ को केंद्र में रख के, समाज के सुधार के लिए काम करने के लिए सदा उत्सुक हैं। हमारा क्लब 28 साल से रायपुर और इसके रहवासियों की सेवा में समर्पित है। रोटरी सरकार और अन्य समाजसेवी संस्थाओ को भी सहायता से विभिन्न कार्य पूरे करता रहा है। सिटी ब्लड बैंक के डॉ. मनोज लांजेवार, तथा साई डेंटल अस्पताल के डॉ. जीतेन्द्र सराफ ने इस कार्यक्रम को संचालित किया।

बारिश पर लगा ब्रेक, उमस बढ़ी, हो सकती है बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी. अब फिर से बारिश में ब्रेक लग गया है. मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश में अगले 3 दिनों तक उमस के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना है. जिससे अधिकतम तापमान में भी वृद्धि देखी जा सकती है. वहीं आज सरगुजा और बस्तर संभाग समेत इससे लगे जिलों में बारिश होने के आसार हैं. मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक ये चक्रीय चक्रवाती और द्रोणिका का असर है। बता दें कि राजधानी में आज सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है. तापमान में वृद्धि देखी जा रही है. बीते दिनों हुई बारिश से मौसम अच्छा हो गया था, लेकिन अब फिर से तेज धूप का सामना करना पड़ सकता है.

सब्जियों के दाम बढ़े

बारिश की वजह से सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं. बारिश के कारण टमाटर के दाम में जोरदार उछाल आया है. राजधानी में टमाटर का रेट 80 से 100 रुपये किलो तक हो गया है. साथ ही हरी मिर्च, शिमला मिर्च, करेला, अदरक, धनिया, के दाम भी बढ़े. लहसुन, फूलगोभी के भी रेट बढ़ गए हैं।

सरोज मिश्रा सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तिलक नगर, गुढ़ियारी की वरिष्ठ शिक्षिका सरोज मिश्रा 38 वर्ष 4 माह शिक्षक के रूप में शासकीय सेवा के उपरांत 30 जून 2023 को सेवानिवृत्त हुई। सेवानिवृत्त अवसर पर 01 जुलाई 2023 रविवार को स्कूल परिवार के

द्वारा उन्हें साल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में विकास खंड शिक्षा अधिकारी संजयपुरी गोस्वामी, वार्ड पार्षद कामिनी पुरुषोत्तम देवांगन, प्राचार्य जॉली साहू, प्रधानपाठक लच्छुराम निषाद , एम अली, दीपांकर मण्डल, फारूक कादरी, रूपलता कानेकर, श्री राकेश कन्नौजे, शाला समिति के सदस्यगण, मिडिल स्कूल तिलकनगर के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन निर्मला चावड़ा एवं आभार मनमत भारती मैडम ने किया

ज्वेलर्स दुकान से सोने की चेन पार

रायपुर/नवप्रदेश। सदरबाजार स्थित कंगन ज्वेलर्स में सोने की चेन देखने के बहाने 4 नग सोने का चेन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी राजेश सोनी 54 वर्ष बोहरा मस्जिद के पास सदर बाजार का रहने वाला है। प्रार्थी का सदरबाजार में कंगन ज्वेलर्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि प्रार्थी के शॉप में अज्ञात व्यक्ति सोने की चेन खरीदने के बहाने आया और मौका पाकर 4 नग सोने की चेन लेकर फरार हो गया।

मारपीट कर मोबाइल व नकदी की लूट

रायपुर/नवप्रदेश। ऑटो रिक्सा से युवक को उतार कर मारपीट करते हुए 2 नग मोबाइल फोन व नकदी लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ लूट का अपराध दर्ज किए है। प्रार्थी ललीत राउत 25 वर्ष ऑटो रिक्सा में बैठकर जा रहा था, तभी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमपी 8772 से आरोपी अयान अंसारी, मोहम्मद अयान खान व सैफी रजा आए और प्रार्थी को ऑटो रिक्सा से उतारकर मारपीट करते हुए 2 नग मोबाइल फोन व नकदी 27 हजार रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी-जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। उरकुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 32 हजार 800 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी बबलु प्रसाद टटवा 33 वर्ष उरकुरा खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ 26 जून को घर में ताला लगाकर कहीं बाहर गया था, जब 29 जून को वापस लौटा तो देखा कि उसके घर का ताला टुटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 32800 रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 91800 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

6 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग व खरोरा थाना पुलिस ने जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 4600 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने ग्राम कुजेरा गौठान के पास जुआ खेलते आरोपी राजेश साहू 34 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 3150 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने बुडेरा भाठा के पास जुआ खेलते आरोपी टुकेश्वर देवागंन 32 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 1450 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

लूटपाट करने वाले 2 लुटेरे गिरफ्तार

रायुपर/नवप्रदेश। लूटपाट करने वाले 2 लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी रबिन्द्र कुमार ने थाना अभनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम जोरा एग्रीकल्चर कॉलेज में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत् है। प्रार्थी ग्राम जोरा से ड्युटी कर वापस घर ग्राम तुता अपने दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी/04/एचएल/7535 से जा रहा था, कि रात्रि करीबन 09.30 बजे ग्राम तुता पंचायत भवन के पास पहूंचा था, कि उसी दौरान दोपहिया वाहन में सवार 2 व्यक्ति प्रार्थी के पास आकर ग्राम बडौदा का रास्ता पूछा प्रार्थी रास्ता बताने हेतु अपनी दोपहिया वाहन को रोका तो उक्त दोनो व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए प्रार्थी का मोबाईल फोन तथा नगदी रकम को लूट कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना अभनपुर में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

श्रद्धा और टुकेश्वरी ने किया सोलो डांस

रायपुर/नवप्रदेश। हम रहे या ना रहे कल, याद आएंगे ये पल ... गीत की ये लाइन कृति ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन में हुए विदाई समारोह के दौरान वर्ष 2023 बैच के विद्यार्थियों ने अपने साथियों से कही. यादों का पिटारा इन विद्यार्थियों के पास रहा, किसी ने कोरोना काल के दौर में ऑनलाइन क्लास को याद किया तो किसी ने टेस्ट परीक्षा के दौरान नेटवर्क प्रॉब्लम को याद कर अपनी आंखे नम कर ली. इस विदाई समारोह में वर्ष 2019- 23 बैच के इंजीनियरिंग, कॉमर्स, एजुकेशन और पत्रकारिता के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत में कृति ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर एवं आंजनेय यूनिवर्सिटी के चांसलर (कुलाधिपति) अभिषेक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई संस्था केवल ईट, रेत से नहीं बल्कि विद्यार्थियों से बनती है।

जीएसटी आयुक्त ने किया पारवानी को सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 01 जुलाई 2023 को जीएसटी के 6 वर्ष पूर्ण

होने पर जीएसटी विभाग द्वारा बैठक आयोजित कर जीएसटी दिवस मनाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ चेम्बर को आमंत्रित किया गया था।

जीएसटी के सरलीकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने पर मो. अबू समा केन्द्रीय आयुक्त, जीएसटी द्वारा चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी को सम्मानित किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि आज जीएसटी को लागू हुए पूरे 6 वर्ष हो चुके हैं जो वन नेशन- वन टैक्स तथा इज ऑफ डूइंग बिजनेस के ध्येय को प्राप्त करने के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। चेम्बर व्यापारिक हितों के लिये सदैव तत्पर रहा है और भविष्य में भी रहेगा। जीएसटी में दिये गये योगदान के लिये मो. अबू समा केन्द्रीय आयुक्त, जीएसटी द्वारा सम्मानित किये जाने पर पारवानी ने उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, सलाहकार भरत बजाज, उपाध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी, संगठन मंत्री महेन्द्र कुमार बागरोड़िया, मंत्री-शंकर बजाज, अमित अग्रवाल, दिलीप इसरानी एवं सेंट्रल कमिश्नर जीएसटी मो. अबू समा सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

चिकित्सकों ने किया डॉ. विधानचंद्र रॉय का स्मरण

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न आयोजनों के माध्यम से डॉ. विधान चंद्र रॉय को याद किया गया । चिकित्सा महाविद्यालय के सभा कक्ष में डॉ.विधान चंद्र रॉय के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर सभी चिकित्सकों ने उनका पुण्य स्मरण किया। ज्ञात हो कि नेशनल डॉक्टर्स डे डॉ.विधान चंद्र रॉय के जन्म दिवस की पुण्य स्मृति में मनाया जाता है। डॉ. रॉय चिकित्सक होने के साथ साथ एक समाजसेवी एवम पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री भी थे।

राजनाथ ने बस्तर के लोगों को ठगने झूठ बोला : मरकाम

■ 15 साल शोषण के लिए राजनाथ ने माफी नहीं मांगा

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कांकेर प्रवास से एक बार फिर बस्तर की जनता ठगी गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राजनाथ सिंह मोदी सरकार के वरिष्ठ मंत्री है लेकिन उन्होंने अपने बस्तर प्रवास के दौरान बस्तर के विकास के लिये एक शब्द भी नहीं बोला सिर्फ भाजपा के राजनैतिक हितों के लिये झूठ बोलने का काम किया। राजनाथ सिंह के पहले भी दर्जन भर केंद्रीय मंत्री बस्तर आ चुके है लेकिन किसी ने भी बस्तर की जनता के लिये अपने किसी ने भी बस्तर की

जनता के लिये अपने विभाग की एक भी योजना की घोषणा नहीं किया। आदिवासियों के शोषण के जिम्मेदार रमन सिंह को राजनाथ ने मंच पर बैठाकर लोगों को मुंह चिढ़ाया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा कल भी आदिवासी विरोधी थी, आज भी आदिवासी विरोधी है। 15 साल के भाजपा के शासन काल में बस्तर के आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार को भाजपा ने बंधक बनाकर रखा था। 15 सालों तक बस्तर के आदिवासी सुरक्षा बलों और नक्सलवाद के दो पाटों में पिस रहे थे। छोटी-छोटी धाराओं में मासूम आदिवासियों को वर्षों तक जेल की सलाखों में बंद रखा गया था। उनकी जमीनों को कौड़ियों के दाम लूटने का षड्यंत्र रचा गया। जल, जंगल, जमीन, पर आदिवासियों के नैसर्गिक अधिकारों का हनन किया गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा हमेशा से आदिवासियों की शोषक रही है। लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की अधिग्रहित जमीनों को रमन सरकार ने लैड बनाकर जप्त किया था, कांग्रेस सरकार ने उसे वापस किया।

समस्याओं का करें त्वरित निराकरण : महंत

- निवारण शिविर में मांगों से संबंधित 78 आवेदन मिले
- मौके पर किया गया 62 आवेदनों का निराकरण

गौरेला/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने गौरेला विकासखंड के ग्राम बस्ती बगरा में आयोजित विकासखंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उप तहसील को नियमित रूप से खोलने एवं एंबुलेंस का संचालन करने के निर्देश दिए। सांसद ने बस्ती से बसंतपुर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा नवनिर्मित सड़क का शुभारंभ भी किया।

शिविर में मांगों से संबंधित 78 और एक शिकायत के कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें खाद्य विभाग के 70, पंचायत विभाग के 6 और स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवम बैंक के एक एक आवेदन शामिल हैं। इनमें से 62 आवेदनो का मौके पर ही निराकृत किया गया। 17 आवेदन लंबित रहे जिसे संबंधित विभागों को शीघ्र निराकृत करने कहा गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी लगाई गई और हितग्राहियों को सामाग्री वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विधायक डॉ के के ध्रुव, अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य अर्चना पोर्ते एवम राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ममता पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत, गोमती भानू, मोहर सिंह, मुद्रिका सर्राटी, बाला कश्यप, सहदेव सिंह पैकरा, छत्रपाल सिंह वाकरे, अशोक शर्मा, सुखदेव सिंह ग्रेवाल, गौरेला व पेण्ड्रा ब्लाक के सरपंच, उपसरपंच और जन प्रतिनिधि, क्षेत्र के ग्रामीणजनों सहित आर के खुटे परियोजना निदेशक, पुष्पेन्द्र शर्मा एस डी एम, डॉ. ललित शुक्ला सहायक आयुक्त, अतुल परिहार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, डॉ संजीव शुक्ला, डॉ अभिमन्यु सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय चौधरी ने किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरेला डॉ. संजय शर्मा ने शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रगट किया।

मितान योजना का विस्तार कार्यकम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी

- 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय रायपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया। उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किया। इससे मुंगेली नगर पालिका के नागरिक भी लाभान्वित होंगे। मितान योजना के तहत श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क यूआईपीए का भी शुभारंभ किया। जिसमें मुंगेली नगर पालिका परिषद भी शामिल है। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट एमएमयू का भी विस्तार किया। जिसके तहत मुंगेली जिले को भी एक और मोबाईल मेडिकल यूनिट की सौगात मिली। उल्लेखनीय है कि जिले में दो मोबाईल मेडिकल यूनिट बस पहले से संचालित है, इसे मिलाकर अब तीन हो जाएगी, इसका लाभ जिले के नागरिकों को मिलेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन हाल में किया गया।

ठेका कर्मचारी संघ का काम बंद हड़ताल

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग ठेका कर्मचारी श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष निलेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ श्रमिक संघ के द्वारा ठेका प्रथा बंद करने, जॉब सिक्योरिटी, केंद्रीय वेतनमान जैसे विभिन्न मुद्दों कों लेकर 30 जून को पूरे छत्तीसगढ़ में एक दिवसीय चौबीस घंटे काम बंद हड़ताल किया गया। जिसमे जिले के विद्युत कर्मचारियों ने इस काम बंद हड़ताल का पूरा समर्थन करते हुए अपने हक अधिकार के लिए जिले में हड़ताल किया। हड़ताल कर्मियों में, विद्युत विभाग के सब स्टेशन ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एफ्ओसी कर्मचारी, 12 लाइनमैन हेल्पर समेत तमाम कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय हड़ताल कर सरकार के समक्ष अपनी जायज मांगो कों रखा और सरकार से निवेदन किया कि उन्हें ठेका प्रथा शोषणप्रथा मुक्त कर विभाग में समायोजन करें। संजय यादव, प्रमोद गन्धर्व, रिखीराम साहू, सनत साहू, सूरज डाहिरे, रामकुमार, वाशु साहू, विवेक पांडे, श्रवण वर्मा, यशपाल, संजय वर्मा, जीतेन्द्र साहू, हरी राजपूत, टीकमचंद पाटले, आयुष, अंकुश, रामफल, ओमकार राजपूत, पवन, दिवाकर राजपूत, सुशील, पराग राजपूत तमाम कर्मचारियों का पूर्ण समर्थन रहा।

दो जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा सट्टा खेल रहे आरोपी के विरूद्ध नया जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 2 आरोपी विक्की ठाकुर एवं भूपेन्द्र दुबे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपियों के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 6 के तहत कार्यवाही की गई। जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसमें विभिन्न थाना चैकी द्वारा अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जुआ-सट्टा खेल रहे आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में थाना मुंगेली द्वारा मुखबिरों की सूचना पर सूरीघाट तालाब के पास दबिश देकर देकर सट्टा खेल रहे आरोपी विक्की ठाकुर के कब्जे से राशि 550 रुपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मुंगेली में छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 6 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

विस चुनाव को लेकर कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर

पत्थलगांव/कुनकुरी। कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। शिविर में प्रदेश के संसदीय एवं क्षेत्रीय विधायक यू. डी. मि मास्टर ट्रेनर्स में अनिल सिंह चौहान - बिलासपुर, गजेन्द्र कौशिक कोरवा मनी वैष्णव रायपुर,कृष्णा मरकाम धमतरी आरिफ खान भिलाई शामिल हुए। शिविर में प्रशिक्षकों ने कांग्रेस संगठन द्वारा तैयार की गई रणनीति को साझा किया। इस प्रशिक्षण शिविर का शीर्षक है तैयार हम इस शिविर में आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को पांच विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोशल मीडिया, मैनेजमेंट, प्रचार प्रसार, चुनावी रणनीति, और विरोधियों को घेरने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान

केंद्रित किया गया है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक यू. डी. मिंज ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा काम कर रही है कि भूपेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस ने कहा वो किया। जो काम भाजपा सरकार में 15 साल में नहीं हुआ था। उसे हमनें साढ़े चार साल में कर दिखाया। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार हर दिशा में काम हुआ है। महिला-युवा, किसान, मजदूर, हर वर्ग के लोगों को फायदा मिला है। इसलिए छत्तीसगढ़ में लोग कहते हैं भूपेश है तो भरोसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई स्थानीय मुद्दा नहीं रहा। इसलिए वे इस बार भी सोशल मीडिया पर झूठ का सहारा लेने वाले हैं।

लेकिन कांग्रेस सच के साथ सोशल मीडिया पर काम करेगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की जोश और धरातल पर किए गए कामों को देखकर भाजपा के स्थानीय नेता इस बार भी उम्मीद खो चुके हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से मुकाबले के लिए केंद्रीय नेताओं पर फोकस किया जा रहा है। प्रशिक्षण में पीसीसी सदस्य विनयशील गुप्ता ने कहा.भाजपा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग सिर्फ झूठ परोसने के लिए कर रहे। हमारे देश के इतिहास के साथ खिलवाड़ किया जा रहा। देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों के योगदान को तोड़-मरोड़ कर झूठ फैलाया जा रहा। इसलिए आजादी के बाद से कांग्रेस का इतिहास और उपलब्धि की जानकारी हर कार्यकर्ताओं को होनी चाहिए।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अनिल सिंह चौहान - बिलासपुर,गजेन्द्र कौशिक कोरवा मनी वैष्णव रायपुर,कृष्णा मरकाम धमतर आरिफ खान भिलाई ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बूथ मैनेजमेंट और विधानसभा चुनाव जीतने के टिप्स बताया।

तीन दिनों में 9 शराब कोचियों पर कार्रवाई

मुंगेली नवप्रदेश। नशे के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विगत तीन दिनों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 9 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। आरोपियों के कब्जे से

कुल 41.5 लीटर अवैध शराब की जप्ती की गई। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 3 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत तीन दिनों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कुल 9 आरोपियों के विरूध्द भी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना मुंगेली द्वारा शिवाजी वार्ड में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते हुए आरोपी लीलाराम यादव के कब्जे से 3.7 लीटर, कमल टॉकिज के पास दबिश देकर आरोपी राजेश यादव के कब्जे से 1.8 लीटर, उपलेटा राईस मिल के पास दबिश देकर आरोपी करन निर्मलकर के कब्जे से 3.6 लीटर एवं लखन सोनवानी के कब्जे से 2.7 लीटर, सतनाम भवन के पास दबिश देकर आरोपी किशन कोसले के कब्जे से 5.4 लीटर अवैध शराब, थाना लालपुर द्वारा ग्राम मनोहरपुर में दबिश देकर आरोपी साहेब लाल पात्रे के कब्जे से 9.7 लीटर जब्त किया।

19 नाबालिग बालक-बालिकाएं दस्तयाब

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु 1 से 30 जून तक जिले में ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत 19 नाबालिग बालक बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। दीगर राज्यों उत्तरप्रदेश, हैदराबाद, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित छत्तीसगढ के दीगर जिला दुर्ग, बिलासपुर, कबीरधाम से गुम नाबालिग बालक बालिकाओं को बरामद किया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नाबालिग बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु 1 से 30 जून तक ऑपरेशन मुस्कान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस द्वारा थानावार विशेष टीम गठित कर 19 गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाबी की गई है। जिसमें 7 बच्चों को जिले से, 4 बच्चों को छ.ग. के दीगर जिला एवं 8 बच्चों को दीगर राज्यों से बरामद किया गया है। जिसमें थाना थाना मुंगेली द्वारा 02 बच्चों को जिला मुंगेली से, 02 बच्चों को दीगर जिला दुर्ग से, 02 बच्चों को दीगर राज्य जिला हैदराबाद, तेलंगाना एवं जिला पुणे महाराष्ट्र से बरामद किया गया है। इसी प्रकार थाना लोरमी द्वारा 01 बच्चे को जिले से, 01 बच्चे को छ.ग. के दीगर जिला बिलासपुर से एवं 01 बच्चे को दीगर राज्य जिला हैदराबाद, तेलंगाना से बरामद किया गया है।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अपचारी बालक के विरूध्द पुलिस ने विधि सम्मत कार्यवाही की। अपचारी बालक के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी ने थाना लालपुर में 30 अक्टूबर 2018 को उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना से नाबालिग अपहृता एवं आरोपी अपचारी बालक का हैदराबाद में होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर नाबालिग अपहृता को अपचारी बालक के कब्जे से बरामद किया गया एवं नाबालिग अपहृता का महिला अधिकारी से कथन उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि 4,6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी जाकर अपचारी बालक के विरूध्द विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

नव प्रवेशी छात्रों को पुस्तक वितरण, तिलका लगाकर स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। नव प्रवेशी छात्रों को पुस्तक व अभ्यास पुस्तिका वितरण कर टीका लगाकर स्वागत शिक्षा के सियान कोदवाबानी सरपंच श्रीमती किरण जायसवाल ने किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी के प्राचार्य कृष्णकुमार नवरंग ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर शाला प्रवेश उत्सव के तहत कक्षा 9 वी एवं 10वी के छात्र-छात्रओं को शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तक के साथ अभ्यास पुस्तिका भी निरूशुल्क वितरण का आदेश

से वितरित किया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती किरण जायसवाल, पंच, देवसिंग साहू ने उपस्थित हमर कका शिक्षा के सियान नियुक्त किया और साल भर गांव के योग्य तथा प्रतिभावान लोग सियान बनकर अपना समय व योगदान देकर बच्चों में शिक्षा, अनुशासन वृक्षारोपण कर अध्यापन में सहभागिता निभाने संकल्प लिया। हमर कका शिक्षा के सियान से बच्चों में उत्साह देखा गया। इस अभियान की शुरूआत करने वाले से शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रवेश उत्सव में शिक्षकों में रति दास जांगड़े, भूपेंद्र बाधी, प्रमोद कुर्रे, वीरेंद्र कश्यप, विष्णु देवांगन, अनिल ठाकुर, मंजू श्रीवास, संतोषी पांडेय व विद्यार्थीगण शामिल रहे। उक्त जानकारी संस्था प्रमुख कृष्णकुमार नवरंग ने दी।

सभी बूथों के कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम का संबोधन

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत देश भर के भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअल संबोधित किया।

इसमें जिले के सभी बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम के संबोधन को सुना। जिला भाजपा कार्यालय में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल से भाजपा का मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत देशभर के 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम में देश भर के कार्यकर्ता एक साथ जुड़े। कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक के मार्गदर्शन में अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में बड़ी स्क्रीन टीवी के माध्यम से लोगों ने देखा और सुना। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने चारभाठा बूथ में वर्चुअल संवाद सुना।

राशन दुकानों में 4 माह की सामाग्री का भण्डारण

मुंगेली/नवप्रदेश। वर्षा के पूर्व राशन की व्यवस्था प्रभावित न हो इसे ध्यान रखते हुए जिले के कलेक्टर के निर्देश पर जिले के 9 पहुंचविहीन राशन दुकानों में 4 माह की राशन सामाग्री का भण्डारण किया गया है। जिले में 396 राशन दुकान है,जिनमे से 9 पहुंचविहीन राशन दुकान है।राशन दुकानो की व्यवस्था प्रभावित होने का प्रमुख कारण राशन दुकान संचालकों को जुलाई माह की राशि 5 जून तक जमा करना रहता है।किन्तु अधिकांश दुकान संचालक डिमाण्ड राशि जमा करने में लेटलतीफ करते है जिससे व्यवस्था प्रभावित होने लगती है। जिले में जुलाई माह के लिये चावल 3334.65 टन, फोर्टिफाइड चावल 74155.55 टन, शक्कर 2142.37 टन, नमक 2142.37 टन का आबंटन प्राप्त हुआ है।जिसमें चावल का भण्डारण 87.91 प्रतिशत कर लिया गया है। वही जिले के 9 पहुंचविहीन राशन दुकानों में 4 माह की राशन सामाग्री का भण्डारण किया गया है। राशन दुकान संचालकों द्वारा समय पर डिमाण्ड राशि जमा नही करने से व्यवस्था प्रभावित होने लगता है।जिले में 396 राशन दुकान है जिसमें जुलाई माह का आबंटन प्राप्त होने के बाद राशन दुकानों में परिवहन कराया जा रहा है।

महापौर ने किया जेनेटिक कार्ड का वितरण

रायगढ़,/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज किरोड़ीमल शास. जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में नगर निगम महापौर जानकी काटजू द्वारा सिकल सेल स्क्रीनिंग किये गये व्यक्तियों को जेनेटिक कार्ड का वितरण किया गया। जिसमें सिविल सर्जन-डॉ.आर.एन. मण्डावी, डॉ.ए.के कुशवाहा, शल्यक्रिया विशेषज्ञ, डॉ. दिनेश पटेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. पूजा अग्रवाल, चिकित्सा

अधिकारी, डॉ. तन्वी तिग्गा, चिकित्सा चिकित्सा अधिकारी, डॉ. देवेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला प्रबंधक-अस्पताल उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम के द्वारा जन मानस में सिकल सेल के प्रति जागरूक कर इस कार्ड के माध्यम से सिकल सेल स्क्रीनिंग किये गये व्यक्ति अपना इलाज निःशुल्क करवा सकते है।

लायंस क्लब कार्यकारिणी ने ली सेवा की शपथ

कोरबा/नवप्रदेश। लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल की नई कार्यकारिणी ने बताती स्थित सुरम्य वातावरण सेठ छोटेलाल बगीचा के प्रांगण में सेवा की शपथ ली। शपथ अधिकारी एमजेएफ लॉयन पवन शर्मा ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लॉयन विजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पीडिजी एमजेएफलॉयन रंजना क्षेत्रपाल, पीडिजी पीएमजेएफ लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर लॉयन अनिल अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लॉयन नूतन राजवाड़े ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि लायंस क्लब्स

इंटरनेशनल विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सेवा संस्थान है और इस संस्था से जुड़कर कोई भी व्यक्ति गर्व का अनुभव करता है। लॉयन क्षेत्रपाल ने कहा कि आप जितनी ऊंचाई में जाओगे, उसके लिए अपने आपको मानसिक रूप से हल्का होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सेवा का कोई मूल्य नहीं है, यह अमूल्य है। लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि आगामी 2 वर्षों में हम लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल को देश के टॉप टेन क्लबों में शामिल करने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए सेवा भावी सदस्य सेवा कार्यों को नया आयाम देने के लिए संकल्प लें। समारोह में प्रमुख रूप से नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव सुभाष अनंत, पार्वती दास, उपाध्यक्ष प्रथम- लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना, उपाध्यक्ष द्वितीय- लायन अनिता चटर्जी, सह सचिव- लायन ऋषि थवाईत, सह कोषाध्यक्ष- लायन नेहा साहू, टेल ट्विस्टर-लायन ज्योति साहू, टेमर- लायन माघी लाल कंवर

पी.आर.ओ. मार्केटिंग कम्यूनिकेशन चेयरपर्सन, लायन मनीष पानिक, मेम्बरशीप चेयरपर्सन, लायन प्रेमलता अग्रवाल, एलसीआईएफ चेयरपर्सन, लायन दीपक जायसवाल, सर्विस चेयरपर्सन, लायन कमलेश वैष्णव,

संचालक मंडल- लायन भोजराम राजवाड़े, लायन विजय अग्रवाल, लायन त्रिलोकचंद अग्रवाल, लायन श्यामल मल्लिक, लायन संदीप कंवर, लायन दर्शन अग्रवाल, लायन मधुपाल, लायन आशीष अग्रवाल, लायन अनिता कोसरे, लायन रितेश शाह सहित डॉ. जयपाल सिंह, सेवा निवृत्त सीईओ आरएस राठिया डॉ. जी पी नेताम, डॉ. दिलीप सारस्वत, डॉ. भावना राठिया, डॉ. एमएल भारिया, बीटगार्ड सुनीता राज, सरपंच बालेश्वर राठिया, उपसरपंच सीताराम झारिया सहित काफी संख्या में लॉयन एवं बताती एवं कोरकोमा के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कोरबा के समाज सेवी लॉयन विजय अग्रवाल सत्र 2023-24 के लिए निर्विरोध द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित हुए। उनकी इस उपलब्धि पर लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल ने समारोह में उनका सम्मान किया।

फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देश में 07 से 10 जुलाई तक जिला शतरंज संघ द्वारा खेल युवा कल्याण विभाग आल इंडिया चेस फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। स्पर्धा के चयनित चार खिलाड़ी महाराष्ट्र में 15 अगस्त से 27 अगस्त तक होने वाली राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त होगा एवं अंतराष्ट्रीय रेटिंग अंकों को बढ़ाने के साथ विश्व रैंकिंग में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर रहेगा।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री से की सिंधु घाट की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शहर में थे। छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी बोर्ड के डायरेक्टर अमर बजाज के नेतृत्व में समाज के प्रमुखों का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिले। लोगों ने कहा कि ईष्ट देवता झूलेलाल की मूर्ति बिलासपुर में कहीं पर भी स्थापित नहीं है। देवता झूलेलाल चूंकि पानी से प्रकट हुए थे, इसलिए अरपा नदी प्रोजेक्ट में सिंधु घाट के लिए जमीन दिया जाए। जिसमें झूलेलाल का मंदिर बना कर उनकी मूर्ति स्थापित की जाए। प्रतिनिधिमंडल में डायरेक्टर अमर बजाज, पूज्य सिंधी सेंट्रल महापंचायत के संरक्षक अशोक बजाज, अध्यक्ष शिवकुमार धामेचा, महामंत्री झम्मनदास चेतानी, कोषाध्यक्ष अजीत थावरानी शामिल रहे।

महिलाओं ने निकाली मताधिकार रैली

बिलासपुर/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' के तहत से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ ही अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक सहित ग्रामीण इस अभियान से जु रहे हैं। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पेण्ड्रीडीह में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। समूह की महिलाओं ने बे उत्साह के साथ इस रैली में भाग लिया। चुनावों में मताधिकार के प्रयोग करने की शपथ भी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को भी निष्पक्ष चुनाव के लिए शपथ दिलाया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत कोटा संकुल स्तरीय संगठन नवांगाव सल्का में समूह की महिलाओं ने एकजुट होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को सशक्त करने की शपथ ली।

सब्जी विक्रेता से मारपीट कर लूट

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी क्षेत्र में सब्जी विक्रेता से मारपीट करते 2800 रुपए कैश लुटने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अमेरी निवासी राजेश्वर पाटले सब्जी बेचता है। 29 जून की दोपहर गांव के तालाब के पास खा था। तभी वहां पर दुर्गेश उर्फ ढेलकहा रात्रे पहुंचा। उसने राजेश्वर से पैसे मांगे। इनकार किया तो युवक उससे मारपीट करने लगा और जेब से 2800 व मोबाइल छीन लिया। धक्का-मुक्की में मोबाइल गिरा तो राजेश्वर ने उठा लिया। आरोपी पैसे लेकर भाग गया।

दिनदहाड़े डेढ़ लाख की चोरी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। परिवार सत्संग में गया और चोरों ने दिनदहाड़े उनके मकान से डे लाख के जेवर चोरी कर ली। घटना तोरवा क्षेत्र की है। हेमूनगर निवासी निशा सिंह (41) गृहिणी हैं। शुक्रवार 29 जून की सुबह परिवार के साथ सत्संग में शामिल होने के लिए ओम शांति कार्टेज सेवा केंद्र गई थी।

सशिमं में विद्यार्थियों का स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। दगोरी के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को पुस्तक बांटे गए। साथ ही तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई। शाला समिति उपाध्यक्ष दशरथ सत्राट व हेमचंद्र सत्राट ने अपने विचार रखे और बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्र कौशिक, आजुराम कौशिक, केशव साहू आदि मौजूद रहे।

प्रवेशोत्सव में बताया शिक्षा का महत्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पुस्तक बांटे गए। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दशरथ सत्राट रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा से संस्कार मिलती हैं। अनुशासित होकर पाई करें और सफलता हासिल करें। सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम कौशिक ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताया। प्राचार्य चन्द्र भूषण टेकाम ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। साथ ही मुंह भी मीठा कराया गया। इस अवसर पर गंगा निर्मलकर, रामाधीन निषाद, शिवशंकर सत्राट, महेंद्र चौहान, शोभा सोनी, महेंद्र घृतलहरे, मनीष ध्रुव, सोहन लाल वर्मा, लता यादव, ममता घृतलहरे, दीपक, विवेक तिवारी, नवीन अग्रवाल, धर्मेंद्र कौशिक, देवांगन, सदन सिंह पैकरा आदि मौजूद रहे।

5 दिवसीय योग शिविर का समापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दगोरी में बीते दिनों योग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर ने किया। बता दें कि आयोजन जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. यशपाल और डॉ. भारती श्रीवास के मार्गदर्शन में किया गया। योग शिविर में दगोरी के अलावा आसपास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में योग प्रशिक्षक ने लोगों को योग के लाभ बताए। साथ ही स्वास्थ्य रहने के लिए अलग-अलग योग के विषय में भी बताया। इस अवसर पर सरपंच मोतीलाल खूंटे व नरेश कौशिक ने अपने विचार रखे।

लायंस क्लब के अध्यक्ष बने देवेंद्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब बिलासपुर का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जसपाल होरा, शपथ अधिकारी फरहीन चिश्ती, चार्टर प्रेसिडेंट शरद राव चिमोटे, विशिष्ट अतिथि हरजिंदर होरा, मास्टर ऑफ सेरेमनी सीजे होरा रहे। अतिथियों ने अध्यक्ष देवेंद्र मक्क, सचिव आकाश चौधरी और कोषाध्यक्ष हरजिंदर होरा को शपथ ग्रहण कराया। समारोह में रीजन जैसमिन के सदस्य व गुलमोहर रीजन चेयरपर्सन, जोन चेयरपर्सन, सभी क्लबों के पीएसटी मेंबर्स और लायन क्लब सेंट्रल के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर परमजीत सिंह सलूजा, रीजन चेयरपर्सन शैलेष बाजपेई, जोन चेयरपर्सन उमेश मुरारका, जोन चेयरपर्सन पीके शर्मा, जोन चेयरपर्सन व अन्य मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर नौकरी की तलाश में बाहर से आई युवती का युवक ने तीन साल तक शारीरिक शोषण किया। उसके साथ मारपीट व लूटपाट की तथा दो बार गर्भपात भी कराया। आरोपी पर शादी के लिए धर्मांतरण करने का दबाव बनाने का भी आरोप है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र की है। पीड़ित युवती कोरिया जिले की रहने वाली है। 2020 में वह बिलासपुर आई थी। यहां उसकी मुलाकात कुम्हारपारा निवासी आकिब जावेद से हुई। उसने युवती को प्राइवेट कंपनी में नौकरी लगवाई। इसके बाद दोनों मिलने लगे। 25 नवंबर 2020 को युवती को वह कार में बिठाकर सकरी की ओर ले गया और अच्छी नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। युवती ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो शादी करने की बात कहकर मना लिया। इसके बाद लगातार शारीरिक संबंध बनाने लगा। मना करने पर मारपीट करता था। आकिब ने उसे धमकी दी कि उसका भाई पुलिस में है, इसलिए वह कुछ नहीं कर सकती। युवती को वह आर्थिक शोषण भी किया। 45 हार का आईफोन लेकर बेच दिया। युवती के अनुसार वह कई बार अप्राकृतिक कृत्य भी किया। मारपीट कर सोने की चेन, झुमका व 33 हजार छीन लिया। रोकने की कोशिश करने पर वह उसकी छोटी बहन के साथ मारपीट करता था। 2022 में वह गर्भवती हुई।

मानसून के आते ही आसमान छूने लगी सब्जियों की कीमत

टमाटर लाल, 120 के पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सप्ताह भर पहले जिले में मानसून ने दस्तक दी और इसी के साथ ही बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। इस वजह से जिले में सब्जियों की आवक कम हो गई है और दाम आसमान छूने लगे हैं। इसका असर हरी सब्जियों पर भी दिखाई देने लगा है। बता दें कि सब्जियों की आवक में कमी की प्रमुख वजह बीते सप्ताह से हो रही बारिश को माना जा रहा है। बिचौलिए भी इसका फायदा उठा रहे हैं। वे सीधे स्थानीय किसानों से टमाटर, मिर्ची सहित अन्य सब्जियों को खरीद कर स्टॉक कर रहे हैं। इसे बाजार में सब्जी की आवक कम हो गई है। बाजार में सब्जियों के दाम 5 गुना तक बढ़ गए हैं। बता दें कि सप्ताह भर पहले टमाटर जहां 40 रुपए किलो बिक रहा था, वहीं अब 100 से 120 रुपए किलो तक बाजार में बिक रहा है। इसे सीधे तौर पर लोगों का बजट बिगड़ गया है। इधर बीते सप्ताह भर से हो रही बारिश के कारण किसानों की सब्जी फसल खराब हो गई है, इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

बाजार में हरी सब्जियों के साथ भाजी भी महंगी

टमाटर ने अमूमन हर घर का ही बजट बिगाड़ा है। 1 किलो टमाटर 100 से 120 रुपए किलो तक बिक रहा है। इसके अलावा दूसरी हरी सब्जियों के कीमत में भी काफी उछाल आया है। यह स्थिति बारिश के कारण सब्जियों के आवक कम होने से बनी है। उन्होंने आगे कहा कि आवक बढ़ेगी तो फिर से सब्जियों के दाम कम होंगे।

जानिए... बारिश के दिनों में क्यों बढ़ती हैं कीमत

तेज गर्मी के कारण सब्जी की खेती मई महीने से ही कम होने लगती है। वहीं नौतपा के आसपास बारिश शुरू होने से टमाटर समेत दूसरी फसल खराब होने लगती है। इससे सब्जी उत्पादन में जोर कम होता है। इसके बाद किसान धान की खेती की तैयारियों में जुड़ जाते हैं। आमतौर पर बारिश के दिनों में सब्जी का भाव 25 से 30 फीसदी तक बढ़ता है। वहीं बाहर से यदि सब्जियों की आवक अच्छी ना हो तो इनकी कीमतों में और इजाफा देखने को मिलता है।

बिलासपुर में आज तेज रहेगा धूप का असर, बादल भी मंडराएंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर में धूप का असर रविवार को तेज रहेगा। अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। शनिवार सुबह से आसमान साफ है मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की माने तो यह स्थिति आज दिनभर बनी रह सकती है दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।

मौसम विज्ञानी के मुताबिक एक उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से नागालैंड तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। इधर सुबह से सूर्योदय के बाद हल्की गर्मी और उमस भी महसूस होने लगी है। मौसम विशेषज्ञ सिराज खान का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बना हुआ है। जिसके प्रभाव से आने वाले दो-तीन दिनों बाद फिर से वर्षा की स्थिति बन रही है। 4 जुलाई के बाद अच्छी वर्षा की संभावना है। बता दें कि इस साल मानसून आने में देरी हुई है। 24 जून के बाद बिलासपुर में लगातार चार दिनों तक झमाझम वर्षा हुई है। झड़ी जैसी स्थिति बन गई थी। लेकिन अब मौसम में सुधार आने और सामान्य होने के बाद आम जनजीवन सामान्य हुआ है। यही कारण है कि नगर निगम से लेकर तमाम विभाग नाली सड़क जैसी खराब स्थिति को सुधारने में जुड़ गए हैं ताकि बरसात होने पर फिर से जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो।

नपा परिषद रतनपुर व नपं मल्हार के सीएमओ को नोटिस जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना में लापरवाही करने वाले नगर पालिका परिषद रतनपुर और नगर पंचायत मल्हार के सीएमओ को नोटिस जारी किया गया है। साथी काम में रुचि नहीं दिखाने पर स्पष्टीकरण मांगा है। आरोप है कि दोनों जगह के सीएमओ गोबर खरीदने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके कारण हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गोबर खरीदने के मामले में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत काफी पीछे है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने जारी नोटिस में कहा है कि नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में बने गौठानों में एक महीने में कम से कम तीन हजार किलो ग्राम से अधिक की गोबर खरीदी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही गोबर से बनने वाले गौकाष्ठ समेत दीया, रंग समेत अन्य सामग्रियों का महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से निर्माण करने की जिम्मेदारी तय की गई है।

राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना होने के बाद भी गोबर खरीदी के तय लक्ष्य से बहुत ज्यादा पिछ? गया है। अधिकारी गोबर की बेचने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित भी नहीं कर रहे हैं और ना ही योजना का प्रचार प्रसार करने में न कोई प्रयास कर रहे हैं। संचालक ने दोनों सीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब देने कहा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। रतनपुर व मल्हार क्षेत्र में रहने वाले लोगों को योजना के बारे में किसी प्रकार की सही जानकारी नहीं है यहां तक कि राज्य शासन ने गोबर बेचने और खरीदने के लिए कई सारी नियम और शर्तें लागू की है लेकिन नियम के बारे में लोगों को पता भी नहीं है। जिम्मेदार अधिकारी भी प्रचार प्रसार के लिए प्रयास नहीं करते हैं। इसके कारण योजना सफल होते नजर नहीं आ रही है। गौठानों में गोबर खरीदी के लिए राज्य शासन ने दो रुपये किलो के हिसाब से दर तय की है। गौठानों में गोबर खरीदने वाले नगरीय निकायों के अधिकारियों ने नियम और शर्तें भी तय कर दी हैं। राज्य सरकार ने सरकारी भवनों में लगने वाले रंग-रोगन के लिए गोबर से बने पेंट का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए जिले के कई कारखानों में उपकरण स्थापित किया गया है।

क्रोध रिश्तों को खत्म कर देता है, काबू रखना सीखें

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में श्रीमद् भगवद्गीता पर प्रवचन चल रहा है। कथा को सुनाते हुए ब्रकु मंजू दीदी ने कहा कि संगमयुग में परमात्मा अवतरित होकर मनुष्यों के आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त कर दैवीय गुणों की धारणा करा रहे हैं। परमात्मा के ज्योति स्वरूप के साक्षात्कार का वर्णन अर्जुन एवं कई धर्म-पिताओं को हुआ। उन्होंने कहा कि परमात्मा को देख तो नहीं सकते पर गुणों के सागर के कारण उनकी तुलना हजारों सूर्य के तेज से की गई है, लेकिन वे हम सभी आत्माओं के पिता हैं, इसलिए यह तुलना प्रतीकात्मक है। दीदी ने कहा कि क्रोध रिश्तों को क्षण में खत्म कर देता है। क्रोध में आप वह चीजें मत गंवाइए, जिसे आपने प्रेम और शांति से प्राप्त किये है। सतगुरु वार का भोग परमात्मा को स्वीकार कराया गया।

अन्ना रेड्डी एवं ऑनलाइन सट्टा पर बिलासपुर पुलिस की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर पुलिस ने क्रिकेट में आनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार चलाने वाले चार लोगो को दस लाख नगद ,30 नग मोबाईल फोन,-10 नग लैपटाप, 10 नग एटीएम, को बरामद करने में अहम कामयाबी हसिल कर 12करोड़ 30 लाख रूपये बैंक एकाउंट में सीज़ कर दिए है पुलिस की इस कार्यवाही से बिलासपुर शहर में चल रहे इस आनलाइन सट्टा बाजार की कमर तोड़ने का काम किया है। बिलासपुर पुलिस के मुखिया एस्पी संतोष सिंह ने बिलासगुडी में पत्रकार वार्ता में इस कार्यवाही का खुलासा कर पत्रकारों को जानकारी दी पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह (भापुसे के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल नगर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल (भापुसे) के मार्गदर्शन में ऑनलाइन सट्टा बैटिंग प्लेटफॉर्म पर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना तारबाहर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 147/23 धारा 420,34 भादवि धारा 07 जुआ एक्ट जिसमें फर्जी बैंक खाता खुलवाकर 50 करोड़ से अधिक रकम का ट्रांजेक्शन किया गया था। उक्त अपराध की विवेचना क्रम में यह स्पष्ट हुआ कि घटना में प्रयुक्त बैंक खातों का प्रयोग ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक, रेड्डी अन्ना में ऑनलाइन सट्टा खेलने के रकम लेन देन में किया गया है। फर्जी बैंक खाता खोलने के लिए सार्थक, एवम् क्षितिज स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले अपने जान पहचान वाले लोगों को शेयर ट्रेडिंग का कारण बता कर फर्जी बैंक खाता खोलवाते थे। बैंक रकम ट्रांजेक्शन में प्रयोग होने वाले ट्रस्ट पासवर्ड, कार्ड आदि मुहैया कराने का कार्य करते थे।

50 से अधिक पत्रकार और परिजनों ने कराया इलाज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर प्रेस क्लब के सचिव इरशाद अली के प्रयास से क्लब के तमाम सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए शनिवार को राघवेंद्र राव सभा भवन स्थित प्रेस क्लब में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर चर्म एवं हेयर रोग विशेषज्ञ डॉ मंजीत गुप्ता ने क्लब में आकर अपनी सेवाएं दी। सुबह 11.00 बजे से लेकर 12.00 बजे तक पत्रकार साथी और उनके परिजनों का पंजीयन कराया गया। इसके बाद 12.00 बजे से लेकर 1.30 बजे तक आए हुए मरीजों की यहां जांच और उनका इलाज किया गया। इस दौरान लगभग 43 से अधिक पत्रकार और उनका परिवार इलाज कराया और मुफ्त में दवाएं प्राप्त की। इसके साथ ही कई पत्रकार और उनके परिवार के लोगों ने शरीर के विभिन्न चर्म और बाल से संबंधित बीमारी को लेकर उनसे परामर्श भी प्राप्त किया।अपोलो अस्पताल के डॉक्टर और चर्म एवं हेयर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ मंजीत गुप्ता ने इस अवसर पर बताया कि मौसम और खानपान की वजह से कई लोगों में चर्म रोग की शिकायतें आती हैं। बालों का झड़ना और गंजेपन के भी लोग शिकार होते हैं। सावधानी और सतर्कता के साथ साथ समय पर इलाज लेने से समस्याओं का समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी हो रही है की पत्रकार साथियों ने अपने व्यस्त दिनचर्या के बीच इस शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समय-समय पर इस तरह के शिविर की उन्होंने जरूरत बताई। प्रेस क्लब सचिव इरशाद अली ने कहा की वर्तमान समय में पत्रकारों की भागदौड़ और अनियमित दिनचर्या की वजह से इस तरह की समस्याएं उनके शरीर में आती हैं जिसके लिए समय-समय पर चिकित्सा शिविर लगाकर उनकी और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की जानी चाहिए, जिसके लिए उन्होंने ये प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह के पत्रकार हित में निर्णय लेकर काम किए जाते रहेंगे।

कोलकाता में हुए कार्यक्रम में दिया गया पुरस्कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल को बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2023 के अंतर्गत कॉर्पोरेट गवर्नेंस अवार्ड दिया है। यह अवार्ड भारतीय वाणिज्य संस्थानों की प्रतिष्ठित संस्था एसोचैम ने दिया है। एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन की ओर से निदेशक वित्त जी श्रीनिवासन ने शुक्रवार को कोलकाता में एसोचैम के इंडियन माइनिंग मिनरल्स कॉन्क्लेव 2023 में ग्रहण किया। एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा के नेतृत्व में कंपनी ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस को कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाने पर जोर दिया है। इसी क्रम में सीएमडी श्री मिश्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 को अनुपालन की संस्कृति का वर्ष के रूप में मनाने का आह्वान किया है। कोलकाता में हुए समारोह में कंपनी प्रतिनिधि मंडल में मुख्य प्रबंधक पर्यावरण मुख्य प्रबंधक खनन उपस्थित रहे। कंपनी द्वारा कंपनीज एक्ट 2013, सेबी, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, लोक उद्यम विभाग आदि द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस को लेकर जारी जानकारी आदि के अनुपालन के लिए यह पुरस्कार मिला है।

जिपं अध्यक्ष ने कैम्प में चयनित युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा बेरोजगारी भत्ता हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में चयनित पांच युवाओं को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू की गयी महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू होने से राज्य के युवाओं में हर्ष व्याप्त है।

गौरतलब है कि यह प्लेसमेंट कैम्प रोजगार कार्यालय एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। चयनित युवाओं ने योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। चयनित युवाओं में एलआईसी के लिए एडवाईजर पद के लिए सुश्री ज्योति ठाकुर, समृद्धि किसान बायो प्लांटेक में सेल्स ट्रेनी पद के लिए श्री पवन धीवर, श्री विपिन साहू, श्री सुमित मानिकपुरी और श्री गोविंदराम साहू है। नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान रोजगार अधिकारी श्री अमर पहारे, जिला पंचायत के अधिकारी श्री ओम पाण्डेय, कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक श्री उमाकांत पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

तखतपुर और रतनपुर को सीएम ने दी मितान योजना की सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय से शहरी योजनाओं का विस्तार करते हुए बिलासपुर सहित प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूआईपी) का शुभारंभ किया। इनमें बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र, तखतपुर नगर पालिका परिषद और रतनपुर नगर पालिका परिषद में बनने वाले महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूआईपी) भी शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना का विस्तार किया। मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी की जाएगी। स्व. लखीराम आडिटोरियम में वर्चुअली जुड़कर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रमुख रूप से इसमें संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, महापौर श्री रामशरण यादव, नगर निगम सभापति शेख नजरूद्दीन, मण्डी बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, रतनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष श्री घनश्याम रात्रे, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राही आदि शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अपनी

सुंदर संस्कृति और कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हमारी कोशिश रही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमने शहरी अधोसंरचना के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने और ऐसी योजनाएं संचालित कीं, जिनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके। शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के लिए हमने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना और श्री धन्वंतरी जैनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना प्रारंभ की। शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलेवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। बिलासपुर शहरी क्षेत्र में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क के लिए मोपका में एसआरएलएम सेंटर के पास पांच एकड़ जमीन चिन्हांकित की गई है। जहां अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा। इसममें दो करोड़ रूपये की लागत से बुनियादी अधोसंरचना बनायी जाएगी एवं 10 करोड़ की लागत से 750 हितग्राही क्षमता का एक टेलरिंग यूनिट बनाया जाएगा। इसके साथ साथ डिटर्जेंट मेकिंग, फेब्रिकेशन यूनिट, अर्बन नर्सरी, फ्लाई ऐश ब्रिक्स एण्ड पेवर ब्लॉक जैसी गतिविधियां संचालित होंगी। इसी प्रकार रतनपुर में तीन एकड़ क्षेत्र में यूआईपी विस्तारित होगा और तखतपुर में दो एकड़ क्षेत्र में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा।

वन विभाग में बह रही हैं कमीशनखोरी की गंगा

■ **आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है वन विभाग के भ्रष्ट अधिकारी को**

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। एमसीबी जिला अंतर्गत आने वाले वन विभाग मनेन्द्रगढ़ में इन दिनों रेंजरों की कुर्सी पर डिप्टी रेंजरों को शासन से बिना अनुमति डीएफओ के द्वारा प्रभारवाद एवं कमीशनखोरी का खेल बदस्तूर जारी है। गौरतलब हो की जिस तरह हर दिन मनेंद्रगढ़ वन मंडल के अधिकारी डीएफओ, प्रभारी डिप्टी रेंजर हों या यहां पदस्थ एसडीओ सभी अपनी कारगुजारी से सुर्खियों में लगातार बने हुए रहते हैं। उससे अब राज्य सरकार की व्यवस्था प्रणाली पर भी उंगली उठना शुरू हो गया है। मनेंद्रगढ़ वन मंडल में भ्रष्टाचार की सीमा को मनेन्द्रगढ़ व बिहारपुर कार्यालय में डिप्टी रेंजरों के कुर्सी में बैठते ही इन डिप्टी रेंजरों के साथ डीएफओ व एसडीओ जैसे अधिकारी भी अब लांघकर भ्रष्टाचार की बहती गंगा में अपना हाथ ही नहीं धो रहे बल्कि पूरी तरह डूबकर गोते लगा रहे हैं। कह सकते हैं की कमीशन खोरी की खुलेआम डिमांड ने वन विभाग को पूरी तरह बदनाम कर रखा है।साथ अध्ययन का विषय बन चुका है की ऊपर से लेकर नीचे तक की कमीशन खोरी में ही कार्यों की आबंटित राशि आधी हो जाती है तो धरातल पर काम कैसे होता होगा। लगातार सुर्खियों में बने रहने वाले डिप्टी रेंजरों ने भी दबी जुबान से कार्यो में एसडीओ व डीएफओ मनेंद्रगढ़ द्वारा लिए जा रहे भारी कमीशन को वन विभाग में चल रहे कार्यों में राशि बाधा का आरोप लगाया है। विदित हो कि मनेंद्रगढ़ वन मंडल में पदस्थ एसडीओ एमसीबी जिले के स्थानीय निवासी हैं। बावजूद इसके इनकी पोस्टिंग गृह जिले में किया जाना कहीं न कहीं ऊपर से मिलीभगत को दर्शाता है। वर्ना इतनी सुर्खियां बटोरने के बाद कमीशन खोर एसडीओ व डीएफओ अब तक काफी दूर फेंक दिए गए होते। वहीं दूसरी तरफ एसडीओ द्वारा विभाग के प्रति उनकी भूमिका की बात करें तो उगाही को ऊपर का आदेश बताकर राजधानी में बैठे अधिकारियों को भी बदनाम करने की कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। एसडीओ मनेंद्रगढ़ खुद की करनी दूसरों के सर थोपने की उम्दा कला बाजी अपनाते हैं। पर ये नही जानते की उनकी गतिविधियों से राज्य का वन अमला भलीभांति परिचित हो चुका है। वजह सीधे तौर पर राजधानी से जुड़े वन विभाग के अन्य अधिकारी वहां तक इन बातों को सीधा पहुंचा रहे हैं। तो जाहिर सी बात है की मनेंद्रगढ़ वन मंडल के रेंजरों के सर जिस राजा कुट्टी के नाम भारी भरकम कमीशन का ठीकरा फोड़ा जा रहा हैं वही अब मनेन्द्रगढ़ व बिहारपुर रेंज में बिना शासन से अनुमति डीएफओ मनेन्द्रगढ़ द्वारा डिप्टी रेंजरों को रेंजर के पद पर आशिन कर कुछ ही समय मे करोड़ो रुपये के चेक काटकर राज्य सरकार की किरकिरी कराने में अमादा हैं। जब कि किये गए कार्यो के एवज में हुए आहरण की यदि जाच हो तो खुद इनकी कमियां सामने आ जाये किन्तु डीएफओ साहब इन कार्यो की जाच के बजाय इन डिप्टी रेंजरों को ही काफी अनुभवी बता प्रेस नोट जारी कर दिए जिससे जारी प्रेस नोट को लेकर साहब खुद सुर्खियों में आ गए। वही चरचा है कि कुर्सी में बैठते ही डिप्टी रेंजर करोड़ो रूपये को आहरण करने में अनुभवी हैं वही अब कमीशन की डिमांड ही वन मंडल को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है जिससे अब मनेन्द्रगढ़ में चल रहे कार्यो के भुगतान को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं।

गायत्री मंदिर में संस्कारशाला का शुभारंभ

गौरेला/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार मरवाही गायत्री मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2023 को शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री मंदिर मरवाही में बाल संस्कार शाला का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसके लिए गायत्री परिवार के द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन 1 जुलाई को किया गया जिसमें सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक कार्यक्रम संपन्न हुआ सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मरवाही विधानसभा विधायक डॉक्टर के के ध्रुव एवं विशिष्ट अतिथि योगाचार्य बिलासपुर शंकरलाल पाटन वार, गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर शत्रुघ्न कश्यप , संभाग विस्तारक दिया छ..ग. फूल सिंह राज, आरएन सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आयोजक मंडल मुख्य ट्रस्टी गिरिजेश गुप्ता , सुमन यादव, गंगा केसरी, मीना गुप्ता, सुनीता श्रीवास, रामचरण नेटीके द्वारा स्वागत सत्कार किया गया संस्कार शाला के उद्घाटन कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने संस्कारशाला के संचालन हेतु गायत्री परिवार के इस पहल को समाज के लिए उपयोगी और श्रेष्ठ बताया उन्होंने गायत्री परिवार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की । इस कार्यक्रम में जिले के कई गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न संगठन के पदाधिकारी? पहुंचे जिसमें प्रमुख समाजसेवी एवं विश्व हिंदू परिषद जिला कार्य अध्यक्ष हर्ष छाबरिया ने भी गायत्री परिवार के इस अभियान को वर्तमान समय के लिए महत्वपूर्ण बताया साथ ही उन्होंने संस्कारशाला के संचालन हेतु आर्थिक सहयोग भी किया। बाल संस्कार शाला संचालन का मार्गदर्शन प्रदान करने बिलासपुर से योगाचार्य शंकरलाल पाटन वार के द्वारा भी विषय पर प्रकाश डाला गया इसमें उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की संस्कारों से ही मनुष्य में देवत्व का उदय होता है। वास्तविक रूप में मनुष्य बनने के लिए जीवन विद्या अति आवश्यक है। जिला समन्वयक हरिप्रसाद पटेल ने कहा की? इस संस्कारशाला के माध्यम से प्रत्येक रविवार को बाल संस्कार शाला का संचालन ट्रस्ट मंडल के द्वारा किया जाएगा एवं नर्सरी प्रतिदिन कक्षा की शुरुआत भी की गई है उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों को संस्कार शाला में प्रवेश दिलाने के लिए अपील की है। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रियदर्शनी नहरेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि उसका बच्चा संस्कारवान हो प्रतिभाशाली हो उसके अंदर श्रेष्ठ गुण हो बच्चा का अनुशासित जीवन हो निश्चित ही इस संस्कारशाला के माध्यम से बच्चे भारतीय संस्कृति के विषय में जानकारी प्रदान करेंगे और संस्कारों का बीजारोपण बच्चों के अंदर होगा। इस कार्यक्रम में समाज के एवं संगठन के कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे जिसमें उर्मिला राय, शुभम पेंद्रो, डॉक्टर हर्षवर्धन बीएमओ मरवाही, डॉ प्रकाश सिंह ,कुमारी अंकिता गुप्ता , डॉ किशन सिह मंडल अध्यक्ष, शिव शंकर तिवारी, गायत्री परिवार युवा संगठन दीया छत्तीसगढ़ प्रांतीय विस्तारक ओमप्रकाश बलभद्र, मुकेश जायसवाल, जीएल गुप्ता, प्रमुख व्यवसाई जोखू गुप्ता, प्रमुख समाज सेवी आनंद मोहन राय मरवाही, कामता प्रसाद महाराज पेंड्रा?, आलोक ताम्रकार, प्रीति त्रिवेदी पेंड्रा, समाजसेवी, ब्लॉक समन्वयक पेंड्रा गोलवती उईके , नेम सिंह कॉसलेस, संगठन प्रमुख चंद्रिका वर्मा गौरेला, जिला नारी जागरण प्रमुख पैसनी सिंह, संतोष पटेल, अमीन सिंह मरावी, वेद प्रसाद पोर्ते, विमला मार्को , सुनीता रजक पेंड्रा, रेखा राठौर, ज्योति बलभद्र आदि समाज के प्रतिष्ठित एवं गायत्री परिवार संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इस बाल संस्कार शाला उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

रेडीमेड क्लॉथ स्टिचिंग इकाई से 24 हजार की कमाई

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल के ड्रीम प्रोजेक्ट रीपा से जुड़कर युवा, महिलाएँ और उद्यमी आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन और ज़िला सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ज़िले के चिह्नांकित रीपा में आजीविकामूलक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

दूरस्थ वनांचल और आदिवासी बाहुल्य विकासखंड भरतपुर के जनकपुर में शासन के निर्देशानुसार रीपा का संचालन किया जा रहा है। रीपा से जुड़कर समूह की महिलाएँ विभिन्न स्व-रोज़गार कर रही हैं। समूह की सदस्य पिंकी बाधवानी ग्रामीण अंचल में अपने परिवार के साथ रहकर सीमित साधनों के साथ अपने जीवन निर्वहन कर रही थी। समूह की महिलाओं के साथ कुछ नया कर गुजरने की चाह लिए अवसर की तलाश में रीपा योजनांतर्गत ग्राम - जनकपुर में रेडीमेड क्लॉथ स्टिचिंग इकाई स्थापित की गई, जिससे वर्तमान में उनके साथ 06 महिला उद्यमियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा अब तक लगभग 250 पेटीकोट की बिक्री करके 24 हजार 500 रुपये का आय अर्जित किया गया है। समूह में दीदीयाँ क्लॉथ स्टिचिंग इकाई का सफल संचालन कर अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। उनकी सिलाई से प्रभावित होकर उन्हें आँगनबाड़ी और स्कूल के ड्रेस बनाने का ऑर्डर मिला है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को सीधे तौर पर रोजगार उपलब्ध कराया है, साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भर बनने की राह में अग्रसर किया है।

पीएसीएल के निवेशकों की खामियां दूर की जा रही

रायगढ़/नवप्रदेश। नोडल अधिकारी-सह सचिव न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त)आर.एम.लोढ़ा समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएसीएल लिमिटेड के निवेशकों के लिए दावे संबंधी आवेदनों की स्थिति एवं उनकी खामियाँ जान सकने और उन खामियों को दूर कर सकने की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सुविधा, निवेशकों/आवेदकों के लिए 14 सितम्बर 2023 तक उपलब्ध रहेगी। पीएसीएल लि.के मामले से संबंधित अब तक सफलतापूर्वक उन पात्र आवेदनों के संबंध में रकम अदा कर दी है, जिनमें दावे की रकम 17 हजार तक की थी, परंतु ऐसे कुछ आवेदनों (जिनमें दावे की रकम 17 हजार तक की थी) में एक या एक से अधिक खामियों होने के कारण उन पर कार्यवाही नहीं की जा सकी। समिति ने पहले ही तारीख 15 जनवरी 2020 की प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उन निवेशकों/आवेदकों को अपने दावे संबंधी आवेदनों की स्थिति पर ऑनलाइन जान सकने और खामियों (यदि कोई हो) को दूर कर सकने की सुविधा प्रदान की थी, जिनके दावे की रकम 5 हजार तक की थी। इसके बाद समिति ने तारीख 21 जुलाई 2020 की सार्वजनिक सूचना के माध्यम से ऐसी ही सुविधा उन निवेशकों को भी प्रदान की थी, जिनके दावे की रकम 5001 से 7000 रुपये तक की थी। समिति ने उन निवेशकों/आवेदकों को भी 1 जनवरी 2021 से 31 मार्च 2021 तक अपने दावे संबंधी आवेदनों की खामियों (यदि कोई हो) को दूर करने का अवसर प्रदान किया था, जिनके दावे की रकम 10 हजार तक की थी।

6 को सभी तहसील कार्यालय में लगेंगे राजस्व शिविर

रायगढ़/नवप्रदेश। राजस्व मामलों के निराकरण के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर आगामी 6 जुलाई दिन गुरुवार को सभी तहसील कार्यालयों में प्रातः 10.30 बजे से राजस्व शिविर लगाए जाएंगे। जहां एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई व पटवारी सहित पूरा राजस्व अमला मौजूद होगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शिविर की तैयारी के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों में शिविर आयोजन के संबंध में सूचना दी जाए।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए। शिविर के माध्यम से आमजनों को एक ही स्थान में राजस्व से जुड़ी सभी प्रकार की सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।कलेक्टर श्री सिन्हा के मार्गदर्शन में बीते महीनों में भी सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाए गए थे। जहां एक ही दिन में हजारों की संख्या में राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया गया था। ऐसा ही शिविर अब फिर से 6 जुलाई दिन गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे से सभी तहसील कार्यालयों में लगेगा। जहां पूरे राजस्व अमले की मौजूदगी से राजस्व के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सकेगा।

राजस्व शिविर में नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख सुधार, किसान किताब, सीमांकन, आय, निवास, जाति प्रमाण-पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र, नक्शा-खसरा, बी-1, डिजिटल सिग्नेचर व अन्य राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

रायगढ़ में आज रोजगार मेला, 400 पदों पर होगी भर्ती

■ **ग्रेजुयट ट्रेनी ऑफिसर, कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्स एक्जेक्टिव, मैकेनिक व सिक्यूरिटी गार्ड के पद पर ली जाएगी भर्ती**

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि प्लेसमेंट एवं रोजगार मेला के माध्यम से स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिले। बीते अप्रैल से अभी तक 1100 युवाओं को ऑफर मिल चुके है। इसी कड़ी में आगामी 3 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 400 पदों पर भर्ती की जायेगी।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में 3 जुलाई 2023 को प्रातः 10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला के माध्यम से मेसर्स चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा.लि.रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 12 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी तरह मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.रायगढ़ में सिक्यूरिटी गार्ड के 50 पद एवं मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों में भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 10 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी प्रकार मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में ही ग्रेजुएड ट्रेनी ऑफिसर के 100 पदों पर भर्ती ली जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गयी है। इसके साथ ही रायगढ़ ऑटोमोबाइल प्रा.लिमिटेड, जगतपुर रायगढ़ में 10 सेल्स एक्जेक्टिव एवं 2 मैकेनिक के पद पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए योग्यता 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

महाराष्ट्र में शिवसेना के...

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एनसीपी नेता अजित के डिप्टी सीएम की शपथ लेने के बाद पहला बयान दिया है। शिंदे ने अजित पवार का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार को अब ट्रिपल इंजन मिल गया है। अब सरकार बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ेगी। मोदी जी के नेतत्व में सरकार चल रही है. अजित पवार के अनुभव का फायदा होगा।

एकनाथ शिंदे ने कहा, कैबिनेट में सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय है. हम महाराष्ट्र के विकास के लिए एक साथ आए हैं। विपक्ष को लोकसभा चुनाव में 4-5 सीटें मिली थीं लेकिन इस बार वे ऐसा करने में भी कामयाब नहीं होंगे. विपक्ष को उतनी सीटें मिलना भी मुश्किल होगा।

दिल्ली-पंजाब में भी महाराष्ट्र ...

गिराने और उनसे जुड़े नेताओं को परेशान करना ही बीजेपी का कार्य रह गया है. बीजेपी का हमेशा से ही देश की विपक्षी पार्टियों को समाप्त करने का यही खेल रहा है. जब से बीजेपी सत्ता में आई है, वह केवल राज्यों की सरकार और उनसे जुड़ी पार्टियों को समाप्त करने में ही लगी है।

गौरतलब है कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम के वक्त संजय राउत ने ट्वीट करते हुए महाराष्ट्र में चल सियासी घटनाक्रम को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को आज बीजेपी मंत्री बना रही है, कुछ दिन पहले तक वह उन सभी को जेल भेजना चाह रही थी. कुछ लोग महाराष्ट्र की राजनीति को समाप्त करना चाहते हैं. मैंने शरद पवार से बात की है. बीजेपी उन्हें (अजित पवार) को जेल भेजने वाली थी. इसलिए उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली है।

हम संस्कृति को सहेजते ...

कहा कि हमारा भारतीय समाज एक प्रगतिशील समाज है क्योंकि हमने हमेशा ही नये विचारों का स्वागत किया है। हम जिसे सनातन परंपरा कहते हैं, वह अनादि-काल से चली आ रही है, वह अनंतकाल तक चलती रहेगी।

प्रांतीय आर्य महासम्मेलन एवं ज्ञान ज्योति पर्व में शामिल होने के लिए दिल्ली से आए स्वामी आर्यवेश ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि गौठान योजना शुरू करके राज्य में न सिर्फ मवेशियों का संरक्षण किया जा रहा है बल्कि इससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि राम वन गमन पथ योजना को आकार देकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक अमिट कार्य किया है।

महर्षि की 200वीं ...

पर समाज सुधार की दिशा में सराहनीय प्रयास किए हैं हम उन्हें उनकी दानशीलता के लिए भी याद करते हैं।

न्यायधानी में केजरीवाल ...

से पूछा कि सबको ये फ्री की रेवड़ी चाहिए की नहीं. सबने जवाब दिया हां चाहिए। इसके पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि केजरीवाल के झाड़ू से छत्तीसगढ़ को साफ करेंगे। पंजाब में पहली बार लड़े युवाओं ने बड़े-बड़े नेताओं को हराया. करप्शन फ्री, पढ़ाई में नम्बर वन, कोयला खदानों से इतने पैसे आएंगे कि सब लोगों की जिंदगी बेहतर हो जाएगी। भगवंत मान ने कहा कि आपका एक-एक कदम हमारे लिए क्रांतिकारी है. बिलासपुर में आने का एक ही मकसद है, भगवान ने देश में सबकुछ दिया, उपजाऊ धरती, खदान दिए, लेकिन अच्छे नेता नहीं दिए. जिसे बदलने के लिए हम आये हैं. सरकार बदलने के लिए दिल्ली और पंजाब की तरह झाड़ू वाला बटन दबाना पड़ता है।

शिवराज घोषणा...

जब चुनाव सामने आया तो इनकी घोषणा मशीन डबल स्पीड से चल रही है. उन्होंने कहा कि शिवराज के सरकार में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है पैसे दो काम लो।

अत्याचार का लगाया आरोप

इससे पहले कमलनाथ ने लाडली बहना योजना को लेकर शिवराज सिंह पर निशाना साधा था. उन्होंने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह के 18 साल के शासन में प्रदेश में महिलाओं की स्थिति खराब होती गई है. इस राज्य की पहचान महिलाओं पर अत्याचार पर बनी हुई है।

एनआईए ने फुलवारी शरीफ ...

मिला था, जिसमें 2047 तक भारत को कैसे इस्लामिक राष्ट्र बनाया जाए उसकी पूरी बात लिखी गई थी. सूत्रों के अनुसार एनआईए की टीम को सूचना है कि उस विजन डॉक्यूमेंट की छपाई का काम इसी दुकान में हुआ था. सबूत तलाशने में एनआईए की टीम लगी हुई है। वहीं, दरभंगा में भी एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है. बहेरा थाना क्षेत्र के गाजियाना गांव और छोटकी बाजार में एनआईए की छापेमारी कर रही है. एक संदिग्ध युवक को एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया है. पटना में मदरसा में पढ़ाई करता था. अरबी भाषा को ट्रांसलेट करने में माहिर है. आईएसआई से युवक का संपर्क होने का एनआईए को लीड मिला है. दरभंगा के एसएसपी अवकाश कुमार ने पुष्टि की है. सूत्रों के अनुसार पीएफआई मामले मे संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया है।

85 लाख की चोरी, पुलिस...

यादव ने एक विशेष टीम का गठन किया।

इसके बाद टीम ने ग्राम अर्जुन्दा जाकर घटना स्थल की बारीकी से जांच की और मास्टर प्लान तैयार किया. इसके बाद टीम ने अलग - अलग इलाकों में जाकर वहां से आरोपियों के बारे में सीसीटीवी फुटेज खंगाले. इस दौरान चार पहिया वाहन में चार संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया।इसके बाद पुलिस टीम द्वारा जिला बालोद से राजनांदगांव, गोदिंया, नागपुर, सावनेर और महाराष्ट्र के हजारों सीसीटीवी फुटेज का बारिकी से एनालिसिस किया गया. इसके बाद राजनांदगांव में ही कैम्प कर रही एक टीम ने काफी मेहनत से मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही गाड़ी को राजनांदगाव में ही खोज निकाला. उसके बाद पुलिस ने लाखन सिंह भाटिया और महेष वालमिकी को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की गई।

पुलिस की पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ जिला राजनांदगांव से जिला बालोद आकर आसपास क्षेत्रों में कंबल बेचने के नाम पर फेरी लगाकर सोने चांदी के दुकानों की रेकी करते थे. उसके बाद अपने साथी मध्य प्रदेश पांढुर्णा, निवासी चंरण सिंह और संगम सिंह को सूचना देते थे. इस बार भी उन्होंने दोनों को ऐसी ही सूचना दी. सूचना पाकर दोनों आरोपी राजनादगांव में लाखन सिंह के घर में आए. 10 दिन तक उसके घर में रूककर उन्होंने लगातार बालोद अर्जुन्दा ज्वेलरी दुकान के आसपास रेकी कर चोरी की योजना बनाई।

फ्री कोचिंग सारबिला अकादमी अब भटगांव और बरमकेला में भी

सारंगढ़/बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में संचालित फ्री कोचिंग 'सारबिला कैरियर अकादमी' का संचालन का विस्तार जिले में बढ़ रहा है। अब बरमकेला के शासकीय कन्या शाला परिसर और भटगांव के सांस्कृतिक भवन पुराना बस स्टैंड मे 3 जुलाई 2023 सोमवार से कोचिंग प्रारंभ किया जा रहा है। सारंगढ़ के कोचिंग में बहुत से छात्र-छात्राएं जिले के दूसरे विकासखण्डों से भी आते हैं जिन्हें आवास एवं खानपान से संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए व संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े एवं कलेक्टर डॉ सिद्दीकी की पहल पर युवा बेरोजगारों के मांग पर सारबिला अकादमी सारंगढ़ का ही ब्रांच खोला गया है। इसका लाभ कोई भी युवक-युवतियां ले सकती हैं। इसमें 10वी से लेकर कॉलेज आदि उत्तीर्ण के सभी आयु के युवा जो सरकारी भर्तियो के लिए होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओ जैसे पीएससी व्यापाम, एसएससी, रेलवे आदि परीक्षाओ की तैयारी कर रहे हो वो इन कक्षाओं का लाभ निःशुल्क ले सकते हैं। कोचिंग के संबंध में भटगांव में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) नगर पंचायत भटगांव से और बीईओ बरमकेला के साथ-साथ प्राचार्य शासकीय कन्या शाला बरमकेला से भी सम्पर्क किया जा सकता है। इन ब्रांच में इच्छुक युवा अपना आधार कार्ड और 10-12वीं उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति से नामांकन करवा कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस हेतु कोचिंग के नोडल फैकल्टी बरमकेला- +91-9399914669, भटगांव- +91-8085453736 में सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इसमें एडमिशन पहले आओ पहले पाओ पद्धति से तथा टेस्ट मे आने वाले रैंक के आधार पर होगा। इसके साथ ही रोज सुबह 7 बजे सीधे कक्षाओं मे उपस्थित हो कक्षाओं का लाभ ले सकते है।

उल्लेखनीय है कि सारबिला कैरियर अकादमी जिला प्रशासन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान है। यह योजना युवा बेरोजगारों के भविष्य को उज्जवल बनाने की एक अच्छी कोशिश है। मात्र एक माह के अंदर ही इस संस्थान में जिले के अब तक इसमें 650 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है और नियमित रूप से 225 युवा इन कक्षाओं के साथ-साथ साप्ताहिक और मासिक टेस्ट का भी लाभ ले रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

मुख्यमंत्री की पहल से जिले को मिली सौगात

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय से शहरी योजनाओं का विस्तार करते हुए प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूआईपीए) का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना का विस्तार किया। जिसके तहत बलौदाबाजार एवं भाटापारा नगर पालिका में अब मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ मिलेगा। मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी की जाएगी एवं 100 से अधिक प्रकार की सेवाएं मुहैया कराई जाएगी। साथ ही आज मुख्यमंत्री शहरीय स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 1 गाड़ी भी जिलें को मिली। इस तरह एमएमयू के तहत गाड़ियों की संख्या 4 से बढ़कर हुई 5 सभी नगरीय निकायों को सीधा लाभ मिलेगा। जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में वर्चुअली जुड़कर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस मौके पर पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष चितावर जायसवाल, कलेक्टर चन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, मंडी बोर्ड अध्यक्ष तुलसी वर्मा, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश यदु,जिला पंचायत सदस्य कुशल वर्मा,परमेश्वर यदु, रूपेश ठाकुर सभी पार्षद एल्डरमैन अन्य अधिकारी- कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राही आदि शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि अपनी सुंदर संस्कृति और कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात है। पिछले साढ़े चार वर्षो के दौरान हमारी कोशिश रही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमने शहरी अधोसंरचना के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने और ऐसी योजनाएं संचालित कीं, जिनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके। शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के लिए हमने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना और श्री धन्वंतरी जैनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना प्रारंभ की। शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलेवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री मितान योजना

प्रदेश के नागरिकों को शासन के विभिन्न विभागों की 100 से अधिक सेवाओं का लाभ नागरिकों को उनके घर पर मितान के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी की परिकल्पना को साकार करने हेतु मुख्यमंत्री मितान योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना से शासकीय सेवाओं का सहज ही लाभ आम नागरिक अपने निवास पर मितान के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही कॉल सेंटर एवं मितान पोर्टल का उपयोग कर शासकीय सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें अपने कार्य से अवकाश लेने की आवश्यकता नहीं होगी। योजना के माध्यम से नागरिकों को मुख्य रूप से निम्न लाभ होंगेः जैसे पूर्ण पारदर्शिता, ईंधन की बचत, समय की बचत एवं शासकीय कार्यलयों में दबाव कम होगा जिससे नागरिकों को निर्धारित समय में सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा।

सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे

मुख्यमंत्री मितान योजनांतर्गत सेवाएं में- जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र,आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण- पत्र, गैर डिजिटाइज (भूमि रिकार्ड आदि की प्रति), दस्तावेज के नकल लिए अनुरोध, मूल निवास प्रमाण-पत्र, दुकान पंजीकरण, विवाह पंजीकरण और प्रमाण-पत्र विवाह प्रमाण पत्र सुधार,आधार कार्ड में मोबाईल नंबर अपडेट, भूमि की जानकारी,मृत्यु प्रमाण-पत्र सुधार, जन्म प्रमाण-पत्र सुधार,05 साल की उम्र तक के बच्चों का आधार इत्यादि शामिल है।

महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क योजना

मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2023 को शहरी क्षेत्रों में कुटीर (कॉटेज) एवं सेवा (सर्विस) उद्योग के विकास करने हेतु महात्मा गांधी छत्तीसगढ़ अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क की स्थापना की घोषणा की गई है। अर्ब इंडस्ट्रीयल पार्क का उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों के लिए आजीविका के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन बनाना है एवं स्थानीय परिदृश्य के अनुरूप कच्चे माल के स्रोत, सर्विस, उद्योग एवं मार्केटिंग विकसित करते हुए शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देना है। यह योजना राज्य के समस्त 14 नगर पालिक निगम एवं समस्त 44 नगर पालिका परिषद में लागू किया गया है।

प्रथम किस्त के लिए भटक रहे किसान

नवागढ़/नवप्रदेश। तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नेवशा अंतर्गत किसान राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 52 किसानों का प्रथम किस्त नहीं आया है। जिससे किसान परेशान होकर कभी समिति, तो कभी बैंक तो कभी तहसील कार्यालय और कृषि विभाग में किस्त पाने के लिए भटक रहे।किसान नेता जितेन्द्र सिंह भुवाल ने बताया कि नेवशा समिति में कुल 1486 पंजीकृत किसान है। जिसमें सत्यापन के लिए लंबित किसान 300 है। भुस्वामी का नाम गलत होने के कारण लंबित किसान 375, भुस्वामी का प्रकार गलत होने के कारण लंबित किसान 113 एवं 108 एकड से अधिक क्षेत्रफल होने के कारण लंबित किसान 01, सोसायटी में खाता अद्यतन के लिए लंबित किसान 01, खाता सफलतापूर्वक अपडेट किया गया बैंक को भेजने के लिए लंबित किसान 639 है।भुवाल ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना छत्तीसगढ़ सरकार की योजना है जिसमें कास्तकार किसानों को उनकी फसलवार गिरदावरी रक्बा के अनुपात में प्रति एकड़ 9000 रुपए सीधा किसान के सत्यापित खाता में अंतरित की जाती है। जिसमें धान, अरहर, सोयाबीन, मुंगफली, मुंग इत्यादि खरीफ फसल शामिल है। इस वर्ष 2023 में 21मई को प्रथम किस्त की राशि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किसानों के खाते में अंतरित की गई है।

सत्यापन के नाम पर अनियमितता

किसान नेता भुवाल का आरोप है जब गिरदावरी रकबा 10 माह पूर्व सत्यापित है तो पुनः सत्यापन का खेल समझ से परे है। उसमें छेड़छाड़ कर किसानो को परेशान करना साफ दिखाई दे रहा है। एक समिति के इतनी संख्या में हेरफेर होना किसानों के खाते में राशि अबतक अंतरित नही होना एक गंभीर अनमितता है।

मोदी सरकार का कार्य मील का पत्थर साबित होगा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। खेती के लिए खर्च किया सबसे ज्यादा पैसा, खाद्यान्न उत्पादन में बनाया रिकॉर्ड. जरूरतमंद देशों के लिए संकटमोचक बना भारत। कोरोना काल और रूस-यूक्रेन संकट से प्रभावित देशों को खाद्यान्न सप्लाई कर कायम की मिसाल. एमएसपी पर रिकॉर्ड गेहूं की खरीद की गई। सचमुच, यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोना महामारी की चुनौतियों के बीच भारत ने कई जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न की आपूर्ति की है. अब फिर रूस-यूक्रेन युद्ध संकट के समय भी हमारा भारत एक जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का प्रमुख मददगार देश बनकर उभरा है. यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि न केवल देश में खाद्यान्न का उत्पादन लगातार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है, बल्कि कृषि का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है, जो लगभग 4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा पिछले आठ साल में किए गए चौतरफा प्रयासों के परिणाम देश के समक्ष दिखाई दे रहे हैं. मोदी सरकार के आठ साल के कार्यों ने खेती की दिशा और दशा बदलने का काम किया है.सरकार की प्रतिबद्धता एवं जवाबदेही को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा शुरू की गई योजनाओं एवं कार्यक्रमों से देश के किसानों की दिशा व दशा बदल रही है। किसानों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है और दिल्ली से कृषि सहायता बैंक खातों के माध्यम से सीधे उन तक पूरी पारदर्शिता से पहुंच रही है। विभिन्न क्षेत्रों में किसानों की आय बढ़ी है, कृषि को व्यवसाय के रूप में स्वीकार करने के प्रति उनकी सोच को नई दिशा मिली है. सरकार की योजनाएं, कार्यक्रम एवं अन्य सारी गतिविधियां सदैव इसी प्रयास में रही हैं कि किसान पूरी इच्छाशक्ति से कृषि उद्यमी बनें।

सिंधी समाज ने छाबड़ा का आभार जताया

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक कार्यालय में सिंधी समाज बेमेतरा के सभी प्रतिनिधियों ने विधायक आशीष छाबड़ा से मिलकर बेमेतरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बनने वाले भगवान झूलेलाल चौक निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त होने पर विधायक आशीष छाबड़ा का आभार व्यक्त किया। सिंधी समाज ने बहुप्रतीक्षित अपने आराध्य भगवान झूलेलाल की स्मृति में नगर में एक चौक निर्माण की मांग पूर्व से कर रहा था, जो अब जाकर पूरी हुई हैं। सिंधी पंचायत बेमेतरा के सभी प्रतिनिधियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरी निकाय मंत्री शिव डहरिया सहित विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया हैं, जिनके विशेष प्रयासों से यह उपलब्धि बेमेतरा नगर पालिका परिषद को प्राप्त हो सकी हैं। विधायक को आभार व्यक्त करने वालों में सिंधी पंचायत के अध्यक्ष प्रकाश सीतलानी, सुरेश तेजवानी, जगदीश रोहरा, अनिल मखीजा, कन्हैयालाल मोटवानी, सुरेंद्र मोटवानी, दीपक हिरानी, राजू गोविंदानी, लालू मोटवानी, बंटी दयानी, दिनेश मेघवानी, कौशल मोटवानी सहित सिंधी समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहें।

पुलिस ने 115 पौवा देशी शराब पकड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, जिसके तहत 29 जून को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु मोटर सायकल में रखकर परिवहन करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने कोबिया चौक बेमेतरा में हीरालाल यादव पिता ईतवारी यादव उम्र 51 साल साकिन मटका थाना व जिला बेमेतरा से 115 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 12650 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती करीबन 40000 रूपये जप्त कर कार्यावाही किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि रेशम लाल भास्कर, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, अवधेश सिंह, रविन्द्र तिवारी आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, विनोद पात्रे एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

प्रयास विद्यालयों में प्रवेश, आवेदन 6 तक

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य शासन के आदिवासी विकास विभाग के द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 11 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र 6 जुलाई 2023 तक कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार तीन दिन 7, 8, 9 जुलाई 2023 तक किया जा सकता हैं। प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा की रविवार 16 जुलाई 2023 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी।

प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in/Eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट तथा जिलें के सहायक आयुक्त कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्रयास आवासीय विद्यालय योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना हैं। इस योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित घोषित जिलें एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय, अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाता हैं। इन प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष काफी मात्रा में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते हैं। छग राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों के कक्षा 11 वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 121 सीट रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश एक प्राक्कयन परीक्षा के माध्यम से होगा। प्रश्न पत्र कक्षा 10 वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं।

बूथ चलो अभियान, कार्यकर्ताओं की बैठक

बोड़ला/नवप्रदेश। कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ प्रदेश के प्रभारी कुमारी शैलजा, छत्तीसगढ प्रदेश के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी,कैबिनेट मन्त्री माननीय मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार बुथ चलो अभियान के तहत बुथ क्रमांक 67 नगर पंचायत बोड़ला एवं बूथ क्रमांक 77 कुसुमघटा के प्रभारी नीलकंठ साहू द्वारा बाजार चौक कुसुमघटा में बुध कमेटी का बैठक लेकर, शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर लोगों को बताने एवं प्रचार प्रसार करने कहा गया। मतदाता सूची में नाम कटवाने एवं अपने लोगों का नाम जोडवाने बोला गया। साथ ही एक बी एल ओ तथा दो एजेंट नियुक्त किया गया और बुथ कमेटी के सभी सदस्यों को सक्रियता से काम करने को बोला गया और हर महीने बुथ कमेटी का बैठक लेने कहा गया। उक्त बैठक में दयाराम बोड़ला बूथ 67 खुसरो (बूथ अध्यक्ष), रामवतार धुर्वे (बूथ उपाध्यक्ष) एवं ग्राम कुसुमघटा बूथ क्रमांक 77, बूथ अध्यक्ष रूपेंद्र मानिकपुरी, धना यादव, उपाध्यक्ष, छबिलाल वर्मा, अश्विन वर्मा, चोवा राम साहू, मनमोहन अवस्थी, गोरेलाल चंद्रवंशी, बंटी खान, अजित साहू, राकेश यादव, बिसेन मानिकपुरी, जीवन वर्मा, चंद्रकुमार चंद्रवंशी, लोकचंद वर्मा, चतुर वर्मा, लेखराम वर्मा अलोप वर्मा, जलेश चंद्रवंशी, भागवत चंद्रवंशी एवं बुथ कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

मोदी के 9 साल बेमिसाल को लेकर बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा के कोटमी सक्ति केन्द्र के ग्राम अकोली, परसवानी, कोटमी में उड़ीसा से आये ग्रामीण मंडल प्रभारी प्रकाश महन्तो ने बीजेपी द्वारा चलाये जा रहे बूथ सषक्तिकरण के साथ मोदी जी के 9 साल बेमिसाल पर विस्तार से चर्चा कर आगामी चुनाव में जुड़जाने के लिए आह्वान किया इस दौरान मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष प्यारेलाल रजक प्रचार-प्रसार मंत्री व शक्ति केन्द्र के सहसंयोजक सुरेश वर्मा अकोली सरपंच डॉ. रामबिहारी वर्मा परसवानी सरपंच पिलाराम वर्मा हरवंश मरावी प्रमोद ठाकुर, विनोद वर्मा, नन्दू यादव, पिरतु यादव, बिहारी ध्रुव,ईश्वर वर्मा,शाखाराम ध्रुव, मोहन वर्मा, उमेराम वर्मा सूदन यादव जितेंद्र वर्मा, टीकाराम वर्मा, राजेश वर्मा, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

45 स्थायी वारंटियों की तामिली

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल व एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर प्रथम चरण में 33 एवं दुसरे चरण में 12 स्थायी वारंटियो को तामिल किया गया। ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर 20 दिनों में 45 स्थायी वारंटियो को बेमेतरा एवं अन्य जिलो से पकडकर तामिल कर न्यायालय में पेश किया गया हैं। जिसमें थाना बेमेतरा से 8 स्थयी वारंटियो को बेमेतरा, राजनांदगांव, कोरबा थाना उरगा क्षेत्र, पाटन दुर्ग, थाना नवागढ़ से 8 स्थयी वारंटियो को नवागढ़, मुंगेली थाना फास्टरपुर, ग्राम जल्ली थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली, ग्राम देवेंगा जिला बलौदाबाजार, डिघोरा जिला मुंगेली, कुआ थाना चंदनू, थाना नांदघाट से 9 स्थायी वारंटियों को नांदघाट, केसला, मुर्रा, महासमुंद, थाना दाढी से 3 स्थायी वारंटियों को मजगांव बिरसिंघी, लोरमी जिला मुंगेली, थाना साजा से 2 स्थायी वारंटियों को जिला खैरागढ-छुईखदान-गंडाई, चिखला, थाना खम्हरिया से 4 स्थायी वारंटियों को खम्हरिया, ठेलका चौक, डौकाबांधा, थाना बेरला से 3 स्थायी वारंटियों को ग्राम बेलतरा, घटियाकला, थाना परपोडी से 2 स्थायी वारंटियों को, पुलिस चौकी देवकर से 2 स्थायी वारंटियों को देवरकोना थाना बोरी जिला दुर्ग, डोगरगांव जिला राजनांदगांव, पुलिस चौकी मारो से 1 स्थायी वारंटी को थाना पथरिया जिला मुंगेली, पुलिस चौकी कंडरका से 2 स्थायी वारंटियों को जिला बिलासपुर एवं सिमगा जिला बलौदाबाजार, पुलिस चौकी खण्डसरा से 1 स्थायी वारंटी को जिला कबीरधाम मीनीमाता चौक से पकडा गया हैं।

मंडल अध्यक्षों की घोषणा : भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष बने तनु दीवान

■ **नवागढ़ में सुरेश, मारो में अभिषेक एवं खण्डसरा में गजेन्द्र को जिम्मेदारी**

नवागढ़/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकारिणी और मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई। मोर्चा के जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान की सिफारिश पर नामों की सूची की घोषणा की है। इस कार्यकारणी में नवागढ़ विधानसभा के युवा नेताओ को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। जिसमें नवागढ़ विधानसभा से युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनिमेश दीवान तनु एवं नंदकुमार साहू,जिला मंत्री युपेश साहू, कोषाध्यक्ष अर्पित गुप्ता, जिला सह कोषाध्यक्ष श्रीकांत सिंह ठाकुर व मुचकुन्द राजपूत, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जायसवाल, सोशल मीडिया सह प्रभारी संजू राजपूत, प्रचार प्रसार सह प्रभारी जितेन्द्र मात्रे ,प्रशिक्षण प्रमुख धर्मेन्द्र गोस्वामी, स्वाध्याय योजना मण्डल प्रतीक गुप्ता,खेल एवं कला प्रमुख मिथलेस साहू को बनाया गया है। वही विधानसभा मुख्यालय नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष का दायित्व पुनः सुरेश निषाद को दिया गया है। इसी तरह मारो मण्डल अध्यक्ष अभिषेक रामभूषण राजपूत घोरहा एवं खण्डसरा मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेदारी गजेन्द्र साहू नरी को फिर से दी गयी है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभाएंगे। हमे जिला अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष दीवान के अनुशंसा पर जो दायित्व दिया गया है।इसके लिए हम संगठन का आभार व्यक्त करते है,और पार्टी के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे।

घोषणा पर विधानसभा के कार्यकताओं मे भारी खुशी की लहर है। सैकड़ो की संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने पोस्ट कर सोशल मीडिया में जमकर बधाई और शुभकामनाएं दिया है।घोषणा पर नरेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर, फिरतुराम साहू, छन्नू गुप्ता, भगत कुम्भकार, होरिलाल सिंहा, दुर्गा सोनी, दयावंत धर बांधे, बबलू राजपूत, सुरेन्द्र राजपूत, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू,मधु रॉय,गिरेन्द्र महिलांग,मिन्टू बिसेन, सुरेश साहू, सुभाष सोनी, दीपक तिवारी, देवादास चतुर्वेदी,डॉ जगजीवन खरे, निमिराज सोनवानी, हरिकिशन कुर्रे, सुशील बनर्जी, पन्ना टण्डन, गुरमुख भार्गव, आलोक तिवारी, जितेंद्र भुवाल, मीना साहू, कृष्णा ठाकुर, लक्ष्मी वर्मा, राजेंद्र मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, रामशरण साहू, त्रिलोक साहू, मनहरण सिंह,रोहित साहू, अनिल मिश्रा,राजाराम चंद्राकर, कुंजबिहारी ठाकुर, उमेश ध्रुव, युवराज ठाकुर, सुदेश हरि, रामसागर साहू, भगत कुम्भकार, टीकम गोस्वामी, अमिता बघेल, रामकिशुन साहू, केदार साहू, दुर्जन साहु, रोहित साहू, मनीराम साहू, महेश टण्डन, राजकुमार मिश्रा, काल्विन जोशी, तोपसिंह साहू, फुलचंद साहू, भुनेश्वर वर्मा, ओम राजपूत, नरेश वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, मुरारी साहू, शोभित साहू, वेदराम साहू, रामनाथ साहू, त्रिलोक साहू, मोहन बघेल, राजेंद्र साहू, मेलाराम यादव, बाबूराम रजक, अश्वनी साहू, काल्विन जोशी, प्रेमु वर्मा, विनोद साहू, गोलू सिन्हा, मनीष सेन, रम्पल टुटेजा, बालशंकर वर्मा, सदीप वैष्णव, वीरेन्द्र घृतलहरे, विजय डहरिया, बबलू बांधे, देव मिश्रा, मोनू गोस्वामी, आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री भूपेश ने किया यूपा का शुभारंभ

■ **मितान और स्लम स्वास्थ्य योजना का किया विस्तार**

भटगाव-सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी नगर पालिकाओं में मितान योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूपा) का भी शुभारंभ किया। मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। जनपद पंचायत सारंगढ़ के कक्ष से इस लाइव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष पदमा घनश्याम मनहर, जनपद पंचायत सारंगढ़ की अध्यक्ष मंजू मालाकार, नगरपालिका परिषद सारंगढ़ की अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार, अरूण मालाकार, गोल्डी नायक, सूरज तिवारी, कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, सीएमओ राजेश पांडेय, सीईओ अभिषेक बनर्जी सहित हितग्राहीगण उपस्थित थे। कलेक्टर सहित अतिथियों ने इस कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित किया और हितग्राहियों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किए। अब तक मुख्यमंत्री मितान योजना की सुविधा नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही थीं। अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूपा) से शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि नागरिकों में नीली गाड़ी के नाम से मशहूर एमएमयू की बड़ी लोकप्रियता है, जिसके बाद नागरिकों की आवश्यकताओं को देखते हुए गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि नवगठित जिलों के साथ-साथ विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा मोबाईल मेडिकल यूनिट की मांग की जा रही थी। इन मांगों को देखते हुए आज मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तृतीय चरण में शामिल 30 एमएमयू का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत अब तक 51 लाख हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। ये आंकड़े अपने आप में इस योजना की सफलता की कहानी कह रहे हैं। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क के शुभारंभ से शहरी लोगों के लिए रोजगार भी बढ़ेंगे।

सरकारी एंबुलेंस वसूल रही डीजल के नाम चार हजार

- 25 सौ से 28 सौ का लगता है डीजल
- चार हजार का कोई रसीद ना बिल

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कोमलदेव चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा संचालित एंबुलेंस सुविधा में सेंध लगाने का मामला प्रकाश में आया है।

मिली जानकारी अनुसार जिला कोमलदेव चिकित्सा महाविद्यालय में जिला अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया जाता है। ज़िला अस्पताल में संचालित एंबुलेस सेवा देने वाले कांकेर से रायपुर का करीब चार हजार रुपए लेकर नियमो की धज्जियां उड़ाते लोगो की सीधे जेब काटते नजर आ रहे है।जबकि निजी एवम संस्था द्वारा संचालित एंबुलेंस सेवा महज तीन से साढ़े तीन हजार पर सेवा दी जा रही है।

जानकारी यह भी मिली है की ज़िला अस्पताल में जीवनदीप समिति के द्वारा सालो पहले निर्धारित तयदाम से ही महज डीजल के नाम पर लोगो से चार हजार की मोटी रकम वसूल की जा रही है।

सरकारी एंबुलेंस का डीजल के नाम पर चार हजार की वसूली चार हजार की ना रसीद ना बिल बता दें की जिला अस्पताल में फोर्स कंपनी की दो एंबुलेंस सेवा में शामिल है। इस एंबुलेंस को गंभीर हालत के मरीज को बेहतर इलाज़ के लिए रायपुर भेजा जाता है।इस दौरान मरीज के परिजन वैसे ही खासे परेशान होते है।इस बीच फोर्स कंपनी की एंबुलेंस के ड्राइवर सीधे मरीज के परिजनो से डीजल के नाम पर चार हजार की मांग करते है।इस दौरान उन्हें उस चार हजार का ना तो बिल दिया जाता है और ना ही कोई रसीद दी जाती है।अब सवाल यह उठता है कि सरकारी कार्यप्रणाली के अनुसार सरकारी एम्बुलेंस का आवक जावक में भी जमकर झोलझाल आंका जा सकता है इसके अलावा जीवन दीप समिति के द्वारा सालो पहले निर्धारित दाम पर आज भी चार हजार रुपए वसूलना सवालों के घेरे में दिखाई दे रहा है?

संसदीय सचिव से हुई शिकायत, कार्यवाही का दिया भरोसा

बता दें कि शनिवार 1जुलाई के कांकेर विधायक संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ज़िला चिकित्सा महाविद्यालय औचक निरीक्षण में पहुंचे थे।इस दौरान उपस्थित डॉक्टरों एवम स्टाफ के सामने प्रयास संस्था के पूर्व व एमडीआई के वर्तमान एंबुलेस संचालक मोहम्मद अरशद गोरी ने स्वयं एंबुलेंस में आम जनों से हो रही लूट की मौखिक शिकायत करते रोक लगाने की मांग किया गया जिस पर संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने हरसंभव कार्यवाही का भरोसा दिया है।

जीवनदीप समिति का लेखा जोखा की जांच हुई तो होंगे चौकाने वाले खुलासे?

हमारे विश्वनीय सूत्रों के अनुसार एम्बुलेंस संचालकों की मनमानी का एक नजारा है जो बिना बिल बिना रसीद के मरीज़ के परिजनो से डीजल के नाम पर चार हजार की वसूली किया जाता है।जबकि फोर्स कंपनी की वाहन का एवरेज के अनुसार कांकेर से रायपुर के लिए डीजल 25 सौ से 28सौ का खर्च आता है। लेकिन मनमाना किराया लेकर परेशान मरीजों को एंबुलेंस वाहन चालक नियमो को ताक में रखकर लोगो की जेब काटते नजर आ रहे हैं।

कांकेर रायपुर अपडाउन में एक हजार बचा रहे एंबुलेंस वाहन चालक

बता दें कि महीने भर पहले ही पालिका अंतर्गत आने वाले संजय नगर निवासी दो मरीज को कांकेर से रायपुर बेहतर इलाज़ के लिए ज़िला अस्पताल द्वारा संचालित एंबुलेंस लेकर गई थी। जिनसे चार हजार डीजल के। लिए लिया गया चार हजार का ना तो किसी प्रकार बिल दिया गया और ना ही मनी रसीद दिया गया। ऐसी स्थिति में बेचारे मरीजों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिए जाने से पहले उनके कमाई की गाढ़ी कमाई को एंबुलेंस वाहन वाले लूटने में लगे है।जो जांच का विषय है!

एम एल गर्ग, डीन

ज़िला चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर से इस संबंध में उनके मोबाइल पर जानकारी लेना चाही गई उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

संसदीय सचिव ने सांई बाबा की पालकी का किया स्वागत

- गुरु पूर्णिमा के अवसर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जगदलपुर/नवप्रदेशः विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने सभी श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की सांई बाबा की जीवनी हमें श्रद्धा और सबूरी के साथ जीवन जीने की सीख देता है उनका जीवन जात पात से उपर उठकर मानव सेवा की महत्वपूर्ण सीख देता है जिसके कारण आज पूरे विश्व में उनके अनुयायि विद्यमान हैं।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ संगीता जैन,रमेश जैन, संतोष जैन,अनिल जैन नगर निगम की सभापति कविता साहू, पार्षद राजेश राय पार्षद सूर्या पाणी, दयाराम कश्यप, कमलेश पाठक शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा,विक्की निषाद इंटक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय सिंह, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव शायमा असरफ, विनोद कुकडे, धर्मेन्द्र चौहान, इदरीश खान,अभय प्रताप सिंह,गौतम कुमार समेत नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पद्म विभूषण से सम्मानित अजय से मिलने पहुंचे राजनाथ सिंह

- पंद्रह मिनट तक दोनो ने की मुलाकात
- पद्म भूषण का सम्मान से चुकी नगरपालिका

कांकेर/नवप्रदेश। पद्म विभूषण मिलना हर किसी के नसीब में नहीं होता है । पद्म विभूषण से सम्मानित होना अपने जिले सहित प्रदेश को गौरवंतित करना होता है।

कांकेर मुख्यालय में अजय मंडावी किसी नाम के मोहताज नहीं है। उन्होंने कास्टकला में छत्तीसगढ़ में अपना लोहा मनवाया है। इतना ही नहीं अपराध कर जेल में रहने वाले हजारों कैदियों को कास्टकला से जोड़कर अपराध से दूर हाथो में कास्टकला का हुनर देकर बेहतर इंसान बनाने वाले ही में दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथो पद्म विभूषण से सम्मानित होकर लौटे है। पद्म विभूषण लेकर लौटने पर छत्तीसगढ़ की धरा से स्वागत सत्कार हुआ जो पूरे बस्तर में स्वागत सम्मान का सिलसिला चलता रहा। शनिवार को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का आमसभा हुआ इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने कार्यक्रम शेड्यूल में ही पद्म विभूषण से सम्मानित अजय मंडावी से सबसे पहले उनके निवास स्थान मिलने पहुंचे। करीब दस से पंद्रह मिनट की मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री अपने कार्यक्रम के लिए लौट गए।

जिले को दिलाया पद्म विभूषण बढ़ाया मान

सम्मान देने से चुकी नगरपालिका पद्म विभूषण से सम्मानित अजय कुमार मंडावी पद्म विभूषण लेकर अपने गृहग्राम कांकेर लौटे। जिनका हर किसी ने आत्मीय स्वागत करते हुए उनका सम्मान किया गया है। हर समाज अधिकांश विभाग से लेकर शहर की चर्चित समाजसेवी संस्थाओ ने भी जिले को गौरवंतित करने वाले पद्म विभूषण से सम्मानित अजय मंडावी का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया। लेकिन चौकाने वाली बात तो यह सामने आई की नगर पालिका परिषद के मतदाता होने के बावजूद नगर पालिका के द्वारा उनका सम्मान नही किया जाना कांकेर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। शहर में पद्म विभूषण से सम्मानित अजय मंडावी का नगर पालिका परिषद ने सम्मान नही कर मानो चुकने की बात पर चुटकियां ली जा रही है!

हाइवा का टायर फटने से लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा में एकबार फिर आगजनी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बैलाडिला से आर्सेलर मित्तल कंपनी का डस्ट लेकर जा रही एक हाइवा में अचानक आग लग गई। वहीं आग इतनी भयानक लगी कि हाइवा आग से जल कर पूरी तरह खाक हो गई। वहीं सूचना के बाद मौके पर पंहुची फायर ब्रिगेड और पुलिस ने आग को बुझाने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि हाइवा ट्रक का टायर फटने से ट्रक में आग लगी। इसके बाद तुरंत हाइवा को चला रहे ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। वक्त रहते ड्राइवर अगर वाहन से नहीं कूदता तो, शायद एक बड़ा हादसा हो सकता था। इसके साथ ही ट्रक में आग नकुलनार के पास पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर लगी थी।

50 रुपये मितान सेवा शुल्क पर सुविधाएं प्राप्त होंगी

- मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल भूमिपूजन

कोण्डागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से शहरी योजनाओं के विस्तार कार्यक्रम में शामिल होकर कोण्डागांव के डीएनके कॉलोनी में प्रस्तावित शहरी औद्योगिक पार्क (यूपा) के निर्माण का भूमिपूजन किया साथ ही मितान योजना का कोण्डागांव नगरपालिका क्षेत्र में शुभारंभ किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया, खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क राज्य में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की भांति लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर युवाओं को प्रदान करेंगे। नगर पालिका क्षेत्रों में मितान सुविधाओं के विस्तार से नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध होंगे साथ ही इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे एवं शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से अब कोण्डागांव नगरीय क्षेत्र निवासियों को मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र, पैन कार्ड निर्माण, राशन कार्ड निर्माण, श्रमिक कार्ड सेवाओं जैसी कुल 25 सेवाओं की घर बैठे डिलिवरी का लाभ दिलाया जा सकेगा। इसमें सप्ताह के सातों दिन सुबह 8 बजे से सायं 8 बजे तक मितान सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस सेवाओं का लाभ उठाने हेतु नागरिकों को केवल 14545 पर मितान सेंटर को कॉल कर जानकारी प्रदान करनी होगी जिसके पश्चात 50 रुपये मितान सेवा शुल्क पर उन्हें सुविधाएं प्राप्त होंगी।

जन सहयोग संस्था ने रक्षामंत्री का किया स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। जिला उत्तर बस्तर के मुख्यालय काँकेर में आज दोपहर 1:00 बजे केंद्रीय रक्षा मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठतम नेता राजनाथ सिंह जी का भव्य स्वागत किया गया। हेलीपैड में उनका स्वागत करने वालों की प्रथम पंक्ति में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी भी थे, जिन्होंने राजनाथ सिंह जी तथा पूर्व मुख्य मंत्री रमन सिंहजी का गमछा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। नेता द्वय ने बस्तर के अमर शहीद 1910 के विद्रोही गुंडाधुर की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। भाषण आदि कार्यक्रमों के पश्चात जन सहयोग संस्था द्वारा आशा प्रकट की गई कि केंद्र सरकार द्वारा कांकेर तथा बस्तर के तीव्र विकास का अधिक से अधिक ध्यान रखा जाएगा। जन सहयोग संस्था के विगत वर्षों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का विवरण जानकर राजनाथ सिंह जी प्रसन्न प्रतीत हुए। उल्लेखनीय है कि अजय पप्पू मोटवानी अपनी संस्था जनसहयोग के अध्यक्ष होने के अलावा भाजपा के मंडल कोषाध्यक्ष तथा केंद्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के जिला प्रतिनिधि भी हैं।

आखिर क्या है वजह, कारण बताए बिना पद से हटाए गए जनपद सीईओ

- जिला प्रशासन के कार्यशैली पर उठ रहे हैं कई सवाल

सुकमा/नवप्रदेश। शासन के निर्देश की अव्हेलना कर अनुमति के बिना जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार दिए जाने का एक और मामला सामने आया हैं। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा 10/02/2023 को कार्यालय कलेक्टर, जिला सुकमा (छ.ग.) पत्र क्रमांक/5904/जि.प./स्टेनो/2022 - 23 में एक आदेश जारी कर जनपद पंचायत सुकमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंदलाल सलाम को मूल पद से हटाकर कार्यालय जिला पंचायत सुकमा में संलग्न करते हुए सहायक परियोजना अधिकारी बलवंत सिंह मार्को को जनपद पंचायत सुकमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का संपूर्ण प्रशासनिक एवम वित्तीय प्रभार दे दिया गया हैं। एक बार फिर जिला प्रशासन द्वारा शासन के उक्त निर्देशों की अवमानना कर प्रशासनिक कार्यवाही में अनियमितता बरता गया हैं।

संलग्नीकरण कर अधिकारी ने अपने चहेतों को दिया सीईओ का प्रभार

कारण बताए बिना पद से हटाया गया

चूंकि लगातार जिला प्रशासन द्वारा एक के बाद एक शासकीय नियमों की धज्जियां उड़ाकर की जा रही प्रशासनिक कार्यवाही संदेहास्पद नजर आ रहा है। बता दे की अन्यत्र संवर्ग जिला व्यापार उद्योग विभाग सुकमा के प्रबंधक सहायक संचालक कैलाश कश्यप को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोंटा का प्रभार दिया गया। ठीक इसके बाद जनपद पंचायत सुकमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कारण बताए बिना या अग्रिम नोटिस दिए बिना पद से हटाकर सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत सुकमा बलवंत सिंह मार्को को जनपद पंचायत सुकमा का प्रभार दिया जाना जिला प्रशासन की कार्यशैली पर अब सवाल और भी गहराता जा रहा हैं।

बड़ा सवाल आखिर ऐसी क्या है वजह

मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के बाद भी आखिर ऐसी कौन सी वजह हैं? की जिला प्रशासन लगातार एक के बाद एक शासन के अनुमति के बगैर स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया जा रहा हैं। जबकि शासन ने अपने उक्त निर्देशों में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया हैं की किसी भी परिस्थिति में जनपद सीईओ को जिला कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा हटाया जाना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा शासन के नीति नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपनी मनमानी करना,बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव नजर नहीं आ रहा हैं! शासकीय निर्देशों की अनदेखी करते हुए जिला प्रशासनिक स्तर पर विभागीय फेरबदल करना दल विशेष को राजनीतिक लाभ पहुंचाने का उद्देश्य से प्रशासनिक संलिप्तता होना अब स्पष्ट नजर आ रहा हैं।

बोरगांव में जूनियर रेडक्रास का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। 28 जून 2023 से 02 जुलाई 2023 तक पांच दिवसीय प्रथम जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास मास्टर ट्रेनर्स आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय बोरगांव विकास खंड फरसगांव जिला कोंडागांव किया जा रहा है।प्रशिक्षित होने के उपरांत उच्च विद्यालयों तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के यही व्याख्यातागण अपने-अपने विकास खंडों में सभी उच्च विद्यालयों तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के जूनियर रेडक्रास समितियों के प्रभारीयों को प्रशिक्षित करेंगे ।प्रशिक्षण देने हेतू छत्तीसगढ़ रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा से प्रशिक्षक आए हुए हैं , वहीं कुछेक विषयों जैसे मनोचिकित्सा , फर्स्ट एड तथा पर्यावरण , ऐडवेंचर ट्रिप एंड टूर्स तथा योगासन , यातायात प्रबंधन एवं आपदा राहत इत्यादि पर स्थानीय जिला स्तरीय व संभाग स्तरीय विभागीय विशेषज्ञों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है । एडवेंचर टूर एंड ट्रिप का आयोजन केशकाल घाटी के पर्यटन स्थल टाटामारी में 01 जुलाई को आयोजित की गई।

बुनागांव में प्रवेशोत्सव मनाया

कोंडागांव/नवप्रदेश। विकास खण्ड कोंडागांव अंतर्गत जनपद प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शाला बुनागाँव में शिक्षकों, अभिभावकों, बच्चों, शाला प्रबंधन समिति, स्व सहायता समूह और ग्रामवासियों के साथ शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मुख्य अतिथि सरपंच बुनागाँव पंचमी कौशिक, अध्यक्षता-संकुल प्राचार्य किरण नाग, संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक वंदन कर निःशुल्क पाठक पुस्तक और गणवेश वितरण कर शाला में प्रवेश दिलाया गया। प्रधान अध्यापक सुरज नेताम ने शाला में संचालित निःशुल्क सुविधाएं और गतिविधियों को विस्तार से जानकारी दी जिसमें बच्चों को निशुल्क प्रवेश, पाठ्य पुस्तक, निशुल्क दो जोड़ी गणवेश, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण, छात्रवृत्ति की सुविधा, प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन, भयमुक्त शाला वातावरण,प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, गुणवत्तापूर्ण नवाचारी शिक्षा के साथ कंप्यूटर स्मार्ट क्लास शामिल है ?।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से पालक बैठक में उपस्थित होने और बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजने हेतु आग्रह किया गय। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक धरम देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक प्रदीप नाग, रुपेश कल्लो, शकुन्तला यादव शाला प्रबंधन से संतोष नेताम, रविन्द्र कौशिक,बालमती नेताम, जमनी,सियाबती,रिगना नेताम फूलदई,महेश नेताम,विरेन्द्र मंडावी, संतोष यादव,फूलबती नेताम, इंदू सोरी, दुलारी नेताम, सुरेंद्र पोयाम, कोटवार पीलादास नाग, और ग्रामवासी मौजूद रहे इस दौरान बाल देवो भवः को चरितार्थ करने शिक्षकों और अभिभावकों ने शपथ लिया।

नहाने गई दो मासूमों की तालाब में डूबकर मौत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर आ रही है। खबरों के अनुसार यहां कारली तालाब में नहाने गई तीन बच्चियों में दो बच्चियों की डूबकर मौत हो गई। तीनों बच्चियां सुबह नौ बजे तालाब में अपने घर के पास तालाब में नहाने गई थी, जहां गहरे पानी में तीनों बच्चियां डूबने लगी। इसी दौरान आसपास मौजूद लोगों की नजर डूब रही तीनों बच्चियों पर पड़ी। जैसे-तैसे पानी में डूब रही तीन में से एक बच्ची राखी को बाहर निकालने में कामयाब हो गए, लेकिन वंदना और रिया की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गीदम थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने दोनों मृतक बच्चियों का पोस्टमार्टम कर शवों को स्वजनों को सुपुर्द कर दिया। 12 ,13 साल की बच्चियों की मौत से जहां पूरे गांव में मातम पसर गया तो वहीं बच्चियों की माता-पिता शवों को देखकर बेहोश हो गए।

सभा स्थल में स्वच्छता अभियान कर दिया स्वच्छता का संदेश

कांकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जनसहयोग ने एक बार फिर लीक से हटकर ऐसा कार्य कर दिखाया है ,जो इससे पूर्व किसी संस्था ने नहीं किया था। शनिवार की शाम को केंद्रीय रक्षा मंत्री की सभा समाप्त होते ही संस्था के सारे समाज सेवक नरहरदेव स्कूल स्थित सभा स्थल की साफ़ सफाई में जुट गए तथा प्राप्त कचरे का निष्पादन भी कर दिया। यही नहीं रविवार की सुबह इन्हीं समाजसेवकों ने एक बार फिर नरहरदेव स्कूल के ग्राउंड में पहुंचकर सभा स्थल एवं मैदान को और भी अच्छी तरह स्वच्छ कर दिया। जनसहयोग संस्था के इस अभिनव कार्य को देखकर कांकेर की जनता ने बहुत प्रशंसा की और कहा कि पहली बार यह देखा गया है कि सभा स्थल की सफाई सभा के समाप्त होते ही शुरू हो गई । इससे पहले तो यही देखा जाता था कि जहां कहीं भी किसी राजनीतिक दल की सभा होती थी तो सभा स्थल कई दिनों तक प्लास्टिक तथा झिल्ली के कचरे से पटा हुआ रहता था। शनिवार तथा इतवार के इन स्वच्छता अभियानों में अति उत्साह के साथ भाग लेने वालों में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा बल्लू राम यादव , संत कुमार रजक, सुनील जायसवाल, दिनेश मोटवानी, संजू मोटवानी,पप्पू साहू ,भूपेंद्र यादव, प्रवीण गुप्ता, करण नेताम तथा राजेश चौहान ने अत्यंत परिश्रम पूर्वक स्वच्छता अभियान को अपने परिणाम तक पहुंचाया, जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है।

सत्यप्रेम ने की 10.10 करोड़ की कमाई

साजिद नाडियाडवाला और नमः पिक्चर्स की सत्यप्रेम की कथा की बॉक्स ऑफिस यात्रा 29 जून को शुरू हुई, जो हर सफल दिन के साथ मजबूत होती जा रही है। छुट्टी के दिन रिलीज हुई इस फिल्म ने 9.25 करोड़ का कलेक्शन कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

पहले ही दिन, पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ से अपना लेवल सेट किया। वहीं, अगले दिन कामकाजी शुक्रवार का सामना करने के बाद, फिल्म में मामूली सी गिरावट देखी गई और 7 करोड़ की कमाई हुई। दूसरे दिन, जबकि शनिवार को कमाई में 10.10 के साथ उछाल देखा गया।

पहले दिन कमाए 9.25 करोड़

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी स्टारर सत्यप्रेम की कथा ने अपने बढ़ते कलेक्शन के आंकड़ों के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपने मजबूत पैर जमाने शुरू कर दिए हैं। जबकि फिल्म ने 9.25 करोड़ की ओपनिंग ली थी। दूसरे दिन में गुरुवार को वर्किंग फ्राइडे होने के बावजूद इसने सफलतापूर्वक 7 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म को सभी आयु समूहों और परिवारों में जबरदस्त स्वीकृति मिली, जिसके परिणामस्वरूप माउथ-ऑफ-माउथ ने सप्ताहांत में मजबूत पकड़ सुनिश्चित की, और जैसी कि उम्मीद थी, फिल्म ने शनिवार को द्व का संग्रह करके दोहरे अंक के दायरे में प्रवेश किया।सत्यप्रेम की कथा एनजीई और नम: पिक्चर्स के बीच एक बड़े सहयोग का भी प्रतीक है।

कैरी ऑन जट्टा-3 ने ओपनिंग डे पर कमाए 4.50 करोड़

गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा स्टारर फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 ने पंजाबी फिल्मों के ओपनिंग डे कलेक्शन के पिछले सारे रिकॉर्ड तो?कर नया रिकॉर्ड सेट किया है। फिल्म ने महज दो दिनों में ही बॉक्स-ऑफिस पर लगभग 8 करोड़ 15 लाख रुपए की कमाई कर ली है।

इसके साथ ही फिल्म ने रिलीज के पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पंजाबी फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। भारत में फिल्म ने पिछली सभी पंजाबी फिल्मों की कमाई के रिकॉर्ड तोड़कर नया बेंचमार्क सेट किया है।

फिल्म के डायरेक्टर स्मीप कांग हैं। फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा के अलावा बिन्नू ढिल्लों, कविता कौशिक, गुरप्रीत घुग्गी और शिंदा ग्रेवाल भी हैं। बॉक्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन फिल्म ने नेट 4.50 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। ये ओपनिंग डे पर किसी भी पंजाबी फिल्म के कलेक्शन का लगभग डबल अमाउंट है। दूसरे दिन फिल्म ने करीब 3.60 करोड़ रुपए की कमाई की। एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म ने वर्ल्डवाइड 10 करोड़ 12 लाख का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।

टाइगर श्रॉफ संग नजर आई दिशा पाटनी

अक्सर अपने फैशन को लेकर सुर्खियां बटोरने वाली दिशा पाटनी और फिटनेस फ्रीक टाइगर श्रॉफ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा का विषय बन ही जाते हैं। ब्रेकअप के बाद अब दोनों पहली बार साथ दिखाई दिए हैं। दोनों के साथ के फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। दिशा और टाइगर के अफेयर और ब्रेकअप कई सालों तक खबरों में बने रहे हैं। दोनों को इंडस्ट्री के पावर कपल्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। पिछले साल उनके ब्रेकअप की खबरों ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब एक बार फिर दोनों को साथ देख बी टाउन में काफी गॉसिप हो रही है। ब्रेकअप के बाद पहली बार दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ एक साथ दिखाई दिए हैं। कपल ने शनिवार को दिल्ली में आयोजित स्व्नह मैच को साथ एंजॉय किया। उनके साथ एक्टर की बहन कृष्णा श्रॉफ भी दिखाई दीं। दोनों साथ बैठे एक-दूसरे के साथ मुस्कुराकर बात करते दिखाई दे रहे थे। उनकी बॉन्डिंग को देख फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि एक बार फिर शायद दोनों साथ आने वाले है। दोनों का भले ही ब्रेकअप हो चुका है, लेकिन वे आज भी अपनी दोस्ती को बरकरार रखे हैं।

राघव चड्ढा संग गोल्डन टेंपल पहुंचीं परिणीति

बॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा परिणीति चोपड़ा पिछले कुछ समय से अपनी सगाई को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ सगाई की है। अब हाल ही में वे अपने मंगेतर राघव चड्ढा के साथ अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल पहुंचीं। शुक्रवार को परिणीति और राघव अमृतसर गोल्डन टेंपल में स्पॉट हुए। दोनों ने गुरुद्वारा में माथा टेका। इस दौरान एक्ट्रेस ने आइवरी कलर का सलवार-सूट पहना था। साथ ही मिनिमल मेकअप और इयररिंग्स के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस दौरान के कुछ फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं।

राघव के लुक की बात करें तो उन्होंने इस दौरान ग्रे नेहरू जैकेट पहना था। दोनों काफी सिक्योरिटी के साथ गुरुद्वारा पहुंचे थे। परिणीति और राघव की ये फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। इन फोटोज पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। 13 मई को दिल्ली के कपूरथला हाउस में परिणीति और राघव ने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सगाई की थी। सगाई की फोटोज ने भी काफी सुर्खियां बटोरी थी। बता दें कि सगाई से पहले परिणीति ने कभी भी अपने रिलेशन पर बात नहीं की।अपनी सगाई के बाद ही कपल ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया। अब दोनों की शादी को लेकर फैंस में काफी बज बना हुआ है। दोनों के परिवार कपल की शादी की तैयारियों में जुटे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार परिणीति और राघव राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले हैं। उन्होंने उदयपुर के उदयविलास में अपना वेडिंग वेन्यू डिसाइड किया है। माना जा रहा है कि वे इसी साल नवंबर के पहले हफ्ते में शादी कर सकते हैं। हालांकि इसे लेकर अभी किसी भी तरह की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बिग बॉस ओटीटी से बाहर हो सकती है जिया

दर्शकों का काफी मनोरंजन कर रहा है। इसके हर एपिसोड किसी न किसी वजह से सुर्खियां बटोरता है। घरवालों के बीच होने वाली लड़ाई दर्शक काफी एंजॉय कर रहे हैं। वीकेंड का वार आ चुका है, अब लोग ये जानने के एक्साइटेड हैं कि इस बार आखिर कौन घर से बाहर होने वाला है। खबरें आ रही हैं इस बार घर से एक और लड़की बाहर होने वाली है।

पिछले हफ्ते के टास्क में भी घरवालों ने जिया शंकर, अभिषेक और आकांक्षा पुरी को नॉमिनेट किया था। जबकि पिछले हफ्ते ही मिड वीक में आलिया सिद्दीकी को सलमान खान ने घर से बाहर कर दिया था।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जिया शंकर इस हफ्ते बिग बॉस के घर से बेघर हो सकती हैं। वहीं खबरें ये भी हैं कि बिग बॉस ओटीटी पर इस वीकेंड कोई एलिमिनेशन नहीं होगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि इस हफ्ते मिड वीक एलिमिनेशन होने के कारण अब वीकेंड पर कोई कंटेस्टेंट घर से बेघर नहीं होगा। वहीं कुछ समय पहले बिग बॉस ओटीटी के एक एपिसोड को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बवाल मचा था। इस एपिसोड में आकांक्षा पुरी और जैद हदीद एक-दूसरे को लिप लॉक किस करते हुए नजर आए थे। दरअसल उन्हें एक डेयर दिया गया था, जिसमें दोनों को 30 सेकेंड तक किस करना था। उनकी इस हरकत को देखते हुए घरवाले भी काफी हैरान हुए थे। इतना ही नहीं बल्कि दर्शक भी भड़क उठे थे। लोगों ने बिग बॉस के मेकर्स को जमकर ट्रोल किया। इसके पहले भी पुनीत सुपरस्टार को 24 घंटे के अंदर ही शो से बाहर कर दिया गया था। घरवालों को पुनीत का व्यवहार पसंद नहीं आया, उनका कहना था कि वे शो की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस बार बिग बॉस ओटीटी 2 का तीसरा वीकेंड का वार होने वाला है।

10 हजार जमा करने पर मिलेंगे 7 लाख, डबल फायदा

वित्त मंत्रालय ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव किया है। 5 वर्षों के रेकरिंग डिपॉजिट के ब्याज दरों में 30 बेसिस अंकों की वृद्धि की है। अब डाकघर के आरडी पर 6.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा। इसके अलावा एक और दो साल के टाइम डिपॉजिट पर ब्याज दर में 10 बेसिस अंक की बढ़ोतरी की गई है।

पोस्ट ऑफिस आरडी कैलकुलेटर के मुताबिक, यदि कोई निवेशक हर महीने 10 हजार रुपये जमा करता है, तो 5 साल बाद उसे 7 लाख 10 हजार रुपये मिलेंगे। उसकी जमा रकम 6 लाख रुपये और ब्याज 1.10 लाख रुपये होगा।यदि आप पोस्ट ऑफिस में आरडी अकाउंट 1 से 15 तारीख के बीच में खुलवाते हैं, तो हर महीने 15 तारीख तक जमा करना होगा। यदि डेट के बाद किसी माह में खाता खुलवाते हैं, तो हर महीने की आखिरी तक इंस्टॉलमेंट जमा करना होगा।पोस्ट ऑफिस आरडी पर नई ब्याज दर 1 जुलाई से 30 सितंबर 2023 तक प्रभावी है। यह स्कीम मीडियम टर्म निवेश के लिए है। ब्याज वार्षिक मिलता है, लेकिन कैलकुलेशन तिमाही कम्पाउंड के आधार पर होता है। डाक घर के रेकरिंग डिपॉजिट 5 सालों के लिए होता है। बाद में इसे दोबारा 5 सालों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप की रेस से बाहर



वेस्टइंडीज इस साल आईसीसी विश्व कप में हिस्सा नहीं ले पाएगी। जिम्बाव्वे में खेले जा रहे क्वालिफायर मुकाबले में स्कॉटलैंड ने बड़ा उलटफेर किया। स्कॉटलैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हरा दिया। क्रिकेट इतिहास में पहली बार वेस्टइंडीज टीम विश्व कप का हिस्सा नहीं होगी। 1975 और 1979 का वर्ल्ड कप खिताब विंडीज ने जीता था।

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज 43.5 ओवर में 181 रनों पर ऑलआउट हो गई। विंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने 79 गेंदों पर 45 रन बनाए। जिसमें तीन चौके और एक छक्का रहा। वहीं, रोमारियो शेफर्ड ने पांच चौकों की मदद से 36 रनों की पारी खेली। स्कॉटलैंड की ओर से ब्रैंडन मैकमुलेन ने तीन विकेट चटकाएं। क्रिस सोल, मॉक वॉट और क्रिस ग्रीव्स को दो-दो विकेट मिले।स्कॉटलैंड ने 43.3 ओवरों में टारगेट हासिल कर लिया। मैथ्यू क्रॉस ने 74 रन पर नाबाद रहे। ब्रैंडन मैकमुलेन ने 69 रनों की पारी खेली। क्रॉस ने 7 और मैकमुलेन के बल्ले से 8 चौके और एक छक्का निकला।विश्व कप 2023 में कुल 10 टीमें भाग लेने वाली हैं। 8 टीमों ने टूर्नामेंट में जगह पक्की कर ली थी। दो अन्य टीम क्वालिफायर के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाएंगी। वेस्टइंडीज अब अपने बाकी के मुकाबले जीत भी जाती है, तो भी शीर्ष 2 में जगह नहीं बना पाएगी। विंडीज ने क्वालिफायर लीग स्टेज में अमेरिका और नेपाल को हरा दिया था, लेकिन जिम्बाब्वे और नीदरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप-ए से जिम्बाब्वे, नीदरलैंड और वेस्टइंडीज ने जगह पक्की की है। ग्रुप-बी से श्रीलंका, स्कॉटलैंड और ओमान ने सुपर-6 के लिए क्वालिफाई किया है।

शाहीन अफरीदी ने झटके 4 विकेट

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी चर्चा का विषय बने हुए हैं। शाहीन ने विटैलिटी टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में जबरदस्त का प्रदर्शन किया है। वॉरविकशायर के खिलाफ मैच में शाहिन अफरीदी ने पारी के पहले ही ओवर में 4 विकेट लिए। पाक गेंदबाज पारी के पहले ओवर में 4 विकेट झटकने वाले पहले बॉलर बन गए हैं।

बता दें शाहीन अफरीदी टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में नॉटिंघमशायर के लिए खेल रहे हैं। पाकिस्तानी गेंदबाज टूर्नामेंट की शुरुआत से ही फॉर्म में हैं। अफरीदी ने अंग्रेजी परिस्थितियों का फायदा उठाकर बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। वार्विकशायर के खिलाफ मैच में अफरीदी ने 4 ओवर में सिर्फ 29 रन देकर 4 विकेट लिए।पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉटिंघमशायर 168 रन पर सिमट गई। 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉरविकशायर की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में शाहीन अफरीदी ने पहली गेंद वाइड फेंकी और विपक्षी टीम को 4 रन मिल गए।

इसके बाद शाहीन ने यॉर्कर से एलेक्स डेविस को पवेलियन भेज दिया। अफरीदी ने अगली गेंद पर क्रिस बेंजामिन को क्लीन बोल्ड कर दिया। ओवर की अगली दो गेंदों पर दो रन आए। इसके बाद पांचवीं गेंद पर डैन मूसली की पारी समाप्त हो गई। वहीं, आखिरी गेंद पर एड बर्नार्ड बीट हो गए और उनका ऑफ स्टंप निकल गया। विकेटकीपर टॉम मूर्स ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉरविकशायर ने 49 रन पर आधी टीम खो दी। इसके बावजूद 19.1 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। वॉरविकशायर के लिए रॉबर्ट येट्स ने 65 रनों की पारी खेली।

एंटी पोचिंग टीम को मिली सफलता, बाघ की खाल सहित सात गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है और इंद्रावती टाइगर रिजर्व के साथ मिलकर बीजापुर के पोसनपल्ली में बाघ के खाल बरामद करते हुए सात आरोपियों को पकड़ा है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा आज 01 जुलाई को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वन मंत्री मोहम्मद अकबर छ.ग. शासन, सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, गणवीर धम्मशील उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर एवं वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के कुशल मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अमित तुकाराम कांबले एवं अंजने वासनेय पुलिस अधीक्षक बीजापुर के विशेष सहयोग से 30 जून को एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद को सूचना मिला कि आरती दास, विक्रम ठाकुर, प्रीतम लाल साहू, तामेश्वर जैन, काका दीपक मनोज कुरसम, किशोर दशराहिया के द्वारा एक मारुती वेगानार कार सीजी 08 एए 9041 एवं मोटर सायकल सीजी 018 एल 5015 एवं सीजी 18 बी 6992 मे एक बाघ का खाल को तस्करी करने के फिराक है जिसे एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के द्वारा उन व्यक्तियों का महालक्ष्मी मारवाड़ी भोजनालय बीजापुर से वेगनार कार का पीछा करते हुए टीम ने रुद्राराम, काका दीपक के घर दबिश दिया । जहां पर बाघ का खाल का खरीदी बिक्री किया जा रहा था, उसी समय गठित संयुक्त टीम द्वारा 07 आरोपियों को मौके पर ही धर-दबोचा गया और मौके पर ही बाघ के खाल मारुती वेगनार कार सीजी 08 एए 9041 मोटर सायकल सीजी 018 एल 5015 एवं सीजी 18 बी 6992 को जप्त किया गया और विस्तृत पूछताछ के लिए 07 आरोपियो को मददेड़ बफर वन परिक्षेत्र लाया गया सभी आरोपियो से कड़ी पूछताछ किया गया। पूछताछ में प्रथम दृष्ट्या प्रकाश में आया है कि श्रवण झाड़ी ग्राम बीजापुर की मुख्य भूमिका है जो की मौके से फरार हो गये।

शिकारियों के खिलाफ अभियान

उदंती सीतानदी अभ्यारण्य द्वारा 3 जून से शिकारियों के खिलाफचलाए गए अभियान को माह के खत्म होते होते एक और बड़ी सफलता मिली है उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया की इंद्रावती टाइगर रिजर्व के साथ चलाए गए सयुक्त अभियान में बीजापुर से 7 आरोपी को बाघ के खाल के साथ गिरफ्तार किया गया है ।आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।इस कार्यवाही में इंद्रावती अभ्यारण्य के उपनिदेशक धम्मशील गनवीर के अलावा गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले का विशेष योगदान रहा है। पकड़े गए शिकारियों से जानकारी निकाल जोड़ रहे कड़ी पिछले 20 दिनों में उदंती सीतानदी की एंटी पोचिंग टीम ने ओडिसा के सीमावर्ती 3 जिले के टीम के साथ मिलकर लगातार कार्यवाही कर रही है,टीम के नोडल अधिकारी गोपाल कश्यप पकड़े गए आरोपियों से मिले सूचना को आला अफसरों के साथ साझा कर आगे की रणनीति बनाते गए,सूरक्षागत कारणों से विभाग कार्यवाही का ब्यौरा नही दे रही है पर लगातार मिल रहे सफलता से जन्हा शिकारी पस्त हो गए है वही टीम का हौसला बढ़ा हुआ है।विभाग का दावा है की आगे भी अभियान जारी रहेगा ओर उन्हे सफलता मिलेंगे।

तेजी से घट रहे है बाघ

छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन टाइगर रिजर्व हैं, जिन्हें उदंती सीतानदी, इंद्रावती और अचानकमार टाइगर रिजर्व के तौर पर जाना जाता है इन तीनों ही टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल 5555 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा है यहां वर्ष 2014 में 46 बाघ हुआ करते थे, मगर 2018 की गणना में बाघों की संख्या घटकर सिर्फ19 रह गई और 2018 के बाद भी बाघों के खाल मिलने का सिलसिला जारी रहा,जानकारी के मुताबिक बीते 5 सालो में इसकी संख्या में और कमी आ गई।

शिकारियों पर शिकंजा शुरू

जून में 50 से ज्यादा शिकारी एंटी पोचिंग के जाल में फंस गए,उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में टीम के नोडल अधिकारी गोपाल कश्यप के नेतृत्व में टीम 3 जून से शिकारियों पर शिकंजा शुरू किया 30 जून तक टीम के जाल में 50 से ज्यादा शिकारी फंस चुके है शिकारियों के खिलाफप्रदेश का यह सबसे बड़ा सफल ऑपरेशन है

देखे कब-कब हुई कार्रवाई

3 जून छत्तीसगढ़- ओडिशा सीमा पर कार्रवाई कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया शिकारियों से बाघ की खाल , भालू, तेंदुए का पंजा, 4 जिंदा मोर के बच्चे और भरमार बंदूक बरामद की गई ।

9जून उदंती अभ्यारण्य से लगे ओडिशा नुवापड़ा जंगल के तीन गांव में 50 लोगो की टीम ने सीआरपीएफकी मदद से घने जंगलों में छापेमारी किया जमीन में गाड़ कर रखे गए तेंदुए के खाल के अलावा फंदा अन्य आवेश के अलावा 3 जिंदा जंगली सुअर का रेस्क्यू एंटी पोचिंग टीम ने किया।

10 जून- पेंगोलियन का शिकार करने पर 9 शिकारियों को पकड़ा

12 - सांभर , हिरण की सिंग सहित कई जानवरों के मांस अवशेष बरामद हुए कार्रवाई गरियाबंद के मैनपुर एरिया में हुई 13 जून- सिंगनपुर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 322 , 323 में 486 पेड़ काटकर कब्जे की योजना पर 36 महिला सहित 50 ग्रामीणों पर कार्रवाई की गई ।

14 जून- ओडिशा के कमलडोंगरी (मुड़ीबेड़ा) में दबिश देकर 3 शिकारियों को जेल भेजा इनके पास से तेंदुआ खाल , हड्डी, सांभर सिंग , कोटरी , माथुर पैर सहित हथियार बरामद हुआ है ।

16 जून- 8 दुर्लभ इंद्रधनुषी गिलहरी का शिकार करने पर 7 शिकारियों को पकड़ा गया।

21 जून - देवभोग रेंज के पिपलखुटा में आरोपी रति राम के घर दबिश देकर एंटी पोचिंग टीम ने भालू,चीतल के खाल ,एक भरमार के अलावा 24 तार के फंदे के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था

22 जून - कालाहांडी के मंगलपुर में टीम ने ओडिसा वन अमला के साथ मिल शिकारीयो को देशी हथियार बनाने वाले 3 आरोपी को दबोचा था,बाघ प्रजाति प्राणी के दांत,वन्य प्राणियों के अवशेष व हथियार बनाने के समान जप्त भी किया गया था।

24जून- कालाहांडी के धरमगढ़ रेंज के खलीगढ़ गांव से वन्य प्राणी शिकार करने वाले 1 आरोपी को पकड़ा गया,6 नग भरमार के अलावा 12 नग जंगली सुअर के जबड़े,फंदा व अन्य अवशेष जप्त किया गया।

28 जून- महाराष्ट्र बॉर्डर में गढ़चिरौली के पास पखांजूर कापसी मार्ग पर साढ़े 11किलो पेंगोलिन जिसका बाजार भाव 10 लाख आंकी गई थी के साथ 3 आरोपी को बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया था।

30 जून - बाघ के खाल सहित सात आरोपियो को पकड़ने में सफलता मिली।

एचआर कॉइल्स उत्पादन का शुभारंभ

हैदराबाद/नवप्रदेश। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने 30 जून, 2023 को अपनी रोलिंग मिल से हॉट रोल्ड कॉइल्स का परीक्षण उत्पादन प्रारंभ किया। इस अवसर पर एनएमडीसी और एनएसएल के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) अमिताभ मुखर्जी और एनएमडीसी और एनएसएल के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), विश्वनाथ सुरेश, निदेशक (वाणिज्यिक), विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) तथा के. प्रवीण कुमार, कार्यकारी निदेशक (एनएसएल) उपस्थित थे।एनएसएल, मेकॉन और डेनिएली की टीम ने राउरकेला इस्पात संयंत्र से प्राप्त 70 एमएम सेमी - रोल्ड प्लेटों को चार्ज करके एकीकृत परीक्षण रन पूरा किया। इसके पश्चात 29 जून 2023 को घोस्ट रोलिंग तथा अन्य सिंक्रोनाइज़ेशन गतिविधियाँ की गई, जिसका समापन 30 जून 2023 को टनल फर्नेस में स्लैब प्राप्त करने से हुआ, इसके परिणामस्वरूप हॉट स्लैब की सफल रोलिंग हुई। इस अत्याधुनिक हॉट स्ट्रिप मिल की आपूर्ति प्रौद्योगिकी प्रदाता मेसर्स डेनियल, इटली द्वारा की जाती है। स्थिरीकरण के पश्चात, यह विभिन्न ग्रेडों के लगभग 2.89 मिलियन टन कॉइल्स, शीट्स और प्लेट्स का उत्पादन करेगा। संयंत्र में निर्मित एचआर प्लेट्स का व्यापक रूप से एलपीजी सिलेंडर, पुल, ऑटोमोबाइल ग्रेड, पाइप, स्टोरेज टैंक, बॉयलर तथा रेलवे वैगनों के लिए उपयोग किया जाएगा।

इस शुभ अवसर पर बोलते हुए अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि ÷आज अपने हॉट स्ट्रिप मिल का परीक्षण शुरू जो वास्तव में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लिए गर्व का क्षण है। इस उपलब्धि ने एक अथवा दो महीने में सभी पैकेजों और रोल-आउट स्टील की कमीशनिंग और एकीकरण के समापन का मार्ग दिखाया है। 3.0 एमटीपीए इस्पात संयंत्र की यह महत्वाकांक्षी परियोजना एनएमडीसी और एनएसएल के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

निर्माण कार्यो के नाम पर गोलमाल!

सरगुजा /कोरिया /नवप्रदेश। सरगुजा संभाग में इन दिनों एलिफेंट रिजर्व अम्बिकापुर अंतर्गत गेम रेज पिंगला के प्रभारी रेन्जर निर्माण कार्य पूरा करने खुद ही ठेकेदारी करने पर आमादा है,सरकारी वाहनों से ईंधन लाना और निजी वाहनों में उसका उपयोग कर अधुरे पड़े विभागीय कार्यो को लीपापोती कर पूरा करने और फर्जी वाउचरों के माध्यम स राशि आहरण करना ही जैसे इनका मुख्य उद्देश्य रह गया हो,यही नही निर्माण कार्यों में लगे बगैर नम्बर प्लेट के वाहनों की निगरानी भी इनके गेम परिक्षेत्र स्थिति परिषर में ही होता है।जिस प्रकार बेरोकटोक शासकीय वाहन का उपयोग निजी वाहनों में ईंधन पूर्ति के लिए जा रहा है इससे तो एक बात साफहै कि पिंगला गेम रेंज में बेलगाम प्रभारी रेन्जर साहब ही मुखिया है, और मुखिया जो भी करें उन्हें कौन रोक सकता है!सूत्रों के मुताबिक पिंगला गेम प्रभारी डिप्टी रेंजर के क्षेत्र में स्वीकृत निर्माण कार्यों में आधे से भी ज्यादा कार्य आज भी अधूरे ही है,बावजूद इसके विभाग से पूर्ण भुगतान हो जाने की खबर है।बता दे कि बोंगा सर्किल में बीते वर्ष 3 किलोमीटर तक बने खस्ताहाल डब्लूएबीएम सड़क निर्माण में भारी अनियमितता हुई है,इसके अलावा इसी सर्किल के एकनारा में निर्मित तालाब हो या मेडना में बने डबरी सभी कार्यों में अनदेखी कर लाखों का फर्जीवाड़ा का आरोप वहां के स्थानीय भी लगा रहे है।बता दे कि प्रभारी रेन्जर के तौर पर वर्तमान में जब से डिप्टी रेंजर गेम रेंज पिंगला में पदस्थ है इनके द्वारा भ्रष्ट्राचार की नई इबारत लिखी जा चुकी है।पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी विभाग की व्यवस्था से ऐसे भ्रष्ट्राचारियों का मनोबल दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।बिना मौका मुआयना करें ही वाउचरों में दस्तखत करना और राशि आहरण करना उच्च अधिकारी भी मानो ढर्रा बना लिए है।जिस प्रकार पूरे पिंगला क्षेत्र में भ्रष्टाचार कर प्रभारी रेन्जर एक बड़े वर्दीधारी ठेकेदार के रुप मे उभरे है शायद इस बात से विभाग अभी तक अनजान ही है,जिस प्रकार खुलेआम शासकीय वाहनों का प्रयोग ईंधन लाने में शासकीय वाहन का दुरुपयोग किया जा रहा है,इससे तो यही प्रतीत होता है कि उच्च अधिकारियों के संरक्षण और मिलीभगत से ही पूरे भ्रष्टाचार को इनके द्वारा अंजाम दिया जा रहा है!

बाइक चोर गिरोह के 5 सदस्य्य गिरफ्तार

■ **12 मोटरसाइकिल जीपीएम पुलिस ने किया बरामद**

गौरेला/नवप्रदेश। जीपीएम पुलिस ने मोटरसाइकल चोर गिरोह के 5 सदस्यों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। विदित हो कि जिले के पेंड्रा और गौरेला थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट प्राप्त हो रही थी इस संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल द्वारा श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में सभी थाना प्रभारियों को मोटरसाइकिल चोर गिरोह की पतासाजी हेतु साइबर सेल एवं सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी गौरेला, पेंड्रा एवं साइबर सेल की टीम के द्वारा चोरी गए मोटर साइकिलों की पतासाजी की जा रही थी इसी बीच थाना प्रभारी पेंड्रा के द्वारा संजू चौधरी जो कि पूर्व में भी मोटर साइकिल चोरी के प्रकरण में चालान किया गया था की तस्दीक कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ किए जाने पर अपने साथी राजू उर्फ राजकुमार चौधरी के साथ कुल सात मोटर साइकिल चोरी करना बताया जिसे पेंड्रा पुलिस के द्वारा आरोपियों के कब्जे से बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार थाना गौरेला की टीम के द्वारा सिकंदर मंसूरी को दस्तयाब कर पूछताछ करने पर अपने अन्य 03 साथियों के साथ मिलकर अलग अलग जगहों से 04 मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किए जो आरोपियों के कब्जे से चार मोटर साईकिल बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। प्रकरण में एक आरोपी फरार है जिसकी गिरफ्तारी अति शीघ्र कर ली जावेगी।

डीलरशिप दिलाने के नाम ठगी, गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। पुलिस ने 47,50,000 रूपये की ठगी करने वाले आरोपी पंकज कुर्रे पिता व्यास नारायण उम्र 36 वर्ष निवासी श्रीराम कॉलोनी ए टू जॉजगीर - चॉपा हाल मुकाम लोटस पार्क रायपुर को गिरफ्तार किया है साथ ही आरोपी के कब्जे से ठगी की रूपये से खरीदी हुई एक आई टेन कार, एक स्वीफ्ट कार एवं डैटसन कार कुल 03 कार भी जप्त किया है ! मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी अब्दुल रसीद पिता ए0ए0 अंसारी उम्र 53 वर्ष साकिन मोहम्मद नगर थाना कोण्डागांव के द्वारा 28.जून को लिखित रूप से रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि कोण्डागांव में स्थित दन्तेश्वरी ऑटो मोटर(बजाज कंपनी) के सब डिलर पंकज कुर्रे उसके घर में किराया से रहता था। जनवरी 2023 में पंकज कुर्रे के द्वारा उसके दन्तेश्वरी ऑटो मोटर के सब डिलर को उसके नाम से डीलर शिप दिलाने के नाम पर पंकज कुर्रे के बताये एकांउट में 47,50,000 रूपये ट्रांसफर किया था। इस संबंध में पंकज कुर्रे के द्वारा एक अनुबंध पत्र भी कराया गया था। अनुबंध पत्र के पश्चात दन्तेश्वरी आटो डिलर का संचालन प्रार्थी अब्दुल रसीद के द्वारा किया जाने लगा था। संचालन के दौरान विक्रय की गई गाडियों की राशि को पंकज कुर्रे के खाते में जमा कराया गया था। कुछ दिनों के बाद प्रार्थी अब्दुल रसीद ने पंकज कुर्रे से कहा कि आप कंपनी के अधिकृत एजेंन्सी नही है हमारे बीच हुये अनुबंध पत्र एवं राशि के लेन देन की सम्पूर्ण जानकारी को कंपनी के अधिकृत कार्यालय में देवे जिस पर पंकज कुर्रे के द्वारा कोई रकम नहीं देने और शो रूम देने से इंकार किया गया । प्रार्थी के उक्त लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना कोण्डागांव में पंकज कुर्रे के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपी के गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर ठगी के रूपये से खरीदी गये 03 नग कार को जप्त किया है।

चला प्रशासन का बुलडोजर, सरकारी जमीन खाली

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत खोपा में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध शनिवार की शाम प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण आए दिन लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन के साथ पंचायत के जनप्रतिनिधियों के तत्वाधान में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है। इस समस्या को लेकर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमित स्थल से अतिक्रमण को हटाया गया। विदित हो कि पंचायत के द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने कील नोटिस दी गई थी। पिछले आठ महीने के भीतर पाँच बार नोटिस देने के बाद भी जब सरकारी भूमि को लोगों ने खाली नहीं किया गया तो मजबूर होकर प्रशासन को बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाना पड़ा। कई वर्षो पहले से खोपा निवासी पार्वती राजवाड़े, गुलकेश्वर राजवाड़े, फूलचंद राजवाड़े, विद्या लाल देवांगन, जगदीश प्रसाद राजवाड़े आलम साय राजवाड़े के द्वारा राजस्व की भूमि पर खोपा मुख्य चौक व खोपा देव धाम के समीप अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकान बना संचालित किया जा रहा था। अतिक्रमणकारियों को चेताया गया कि दोबारा अतिक्रमण किया तो उनके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। लोगों के द्वारा किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चला तो हड़कंप मच गया।

नोटिस के बाद भी डटे रहे अतिक्रमणकारी

अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस जारी किया गया था परंतु उनके द्वारा अवैधअतिक्रमण नहीं हटाया गया पुनः विभाग द्वारा उनको नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था परंतु अतिक्रमण कारी अपने अतिक्रमण पर उसी तरह डटे रहे। अंत प्रशासन को बुलडोजर चलाना पड़ा।

11 हाथियों का दल पहुंचा पसरखेत

कोरबा/नवप्रदेश। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में जमे 55 हाथियों के दल में से 11 हाथी बीती रात अलग होकर पसरखेत रेंज के ग्राम तरईमाटी पहुंच गए। मांड नदी का जल स्तर बढ़ने से हाथियों आवागमन धर्मजयगढ़ वन परिक्षेत्र में बाधित हो गया है।

हाथियों को शनिवार की सुबह तरईमाटी के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। इसकी सूचना पसरखेत रेंज के अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी शुरू कर दिए हैं। तरईमाटी व आसपास के गांव में वन विभाग द्वारा मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया गया है।

चावल खरीदी में करोड़ों का गबन

■ **आरोपी जेल,1 दिल्ली में गिरफ्तार**

खरोरा/नवप्रदेश। चावल खरीदी में करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया हैं । अमित चावल उद्योग के संचालक राजेन्द्र अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले के दो आरोपी मुंबई निवासी ऋषभ मौर्या, अनिल मौर्य अग्रिम जमानत लेकर अपने वकीलों के साथ थाने पहुंचे थे। मामले में दोनों आरोपी तिल्दा में दर्ज मामले में तो बच गए लेकिन रायपुर के मोवा थाने में दर्ज मामले ने दोनों को जेल पहुंचा दिया। उधर दिल्ली निवासी अमित गोयल को भी स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मामला चावल खरीदी में लगभग 4.15 करोड रुपए गबन करने का था। आरोपी करीब 13 करोड़ का गबन कर विदेश भागने की फिराक में थे। कोर्ट ने नोटिस जारी कर विदेश जाने पर प्रतिबंध लगाया था। मामले में दो आरोपी अग्रिम जमानत लेकर अपने वकीलों के साथ तिल्दा पहुंचे थे। यहां दोनों को मुचलके पर जमानत दी गई। जानकारी लगते ही थाने में भीड़ उमड़ी। बीते कुछ महीने पूर्व तिल्दा के अमित चावल उद्योग के संचालक राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने थाने में धोखाधड़ी की शिकायत की थी। महाराष्ट्र की चावल एक्सपोर्टर कंपनी किया एग्रो के संचालक अमित गोयल,ऋषभ मौर्या, अनिल मौर्य ने 4 करोड़ 14 लाख 78 हजार 34 रुपए की धोखाधड़ी की थी। लगातार मांगने पर भी रुपए ना देने और गुमराह करने के कारण प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद तीनों अभियुक्तों ने रायपुर सत्र न्यायालय से अग्रिम जमानत अर्जी ली थी। बताया गया कि 2 जून को अग्रिम जमानत दे दी गई थी, लेकिन तिल्दा थाना में उनको गिरफ्तारी देना था। आरोपियों ने अपने तरफसे एक वकील साथ में लाया था। वकील ने बताया कि 9 करोड़ दिए हैं,बाकी के रुपए धीरे से दिया जाएगा। तब तक धैर्य बनाए रखने के लिए बोला गया था। अमित चावल उद्योग के वकील ने बताया कि बार बार आरोपियों के घर व दफ्तर के चक्कर काटने के बाद 9 करोड दिया गया और बाकी रुपए गबन करने की मंशा से जानबूझकर लटकाया गया है। अन्यथा अब तक पूर्ण भुगतान हो गया होता। आरोपियों ने कोर्ट को धोखा में रखा कि विदेश की कंपनी ने पैसा नहीं दिया है, लेकिन बैंक स्टेटमेंट से सब साफ है कि इनका पैसा दुबई से आ गया है।